आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

मायावती ने सात राज्यों के पार्टी संगठन की समीक्षा की, कहा...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 14 जुलाई, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 269 www.janexpresslive.com/epaper



पेड़ों की जड़ों से बने पुलों को मिले... 12

# राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को नॉमिनेट किया

## मशहूर वकील निकम, इतिहासकार मीनाक्षी जैन, पूर्व डिप्लोमैट हर्षवर्धन श्रृंगला और समाजसेवी सदानंदन शामिल

- पीएम मोदी ने राज्यसभा के लिए नामित चारों हस्तियों को दी बधाई, कहा, इनके योगदान से समृद्ध होगा संसद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से राज्यसभा के लिए मनोनीत किए गए चारों लोगों को शुभकामनाएं दी। इसमें पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मामले में विशेष लोक अभियोजक उज्जवल निकम, केरल भाजपा नेता सी सदानंदन मस्ते और इतिहासकार मीनाक्षी जैन का शामिल है। बता दें कि शनिवार रात को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(क) के खंड (3) द्वारा उन्हें दी गई शक्तियों के अंतर्गत राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है। इनमें सरकारी वकील उज्ज्वल देवराव निकम, केरल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मस्ते, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन का नाम शामिल है। ये नामांकन पूर्व में नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण खाली पड़ी सीटों को मद्देनजर किए गए हैं।



### गृह मंत्री अमित शाह ने भी दी बधाई, कहा, संसद में बढ़ेगी सार्थकता

दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रविवार को राज्यसभा के लिए नामित किए गए चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इनकी ज्ञान, अनुभव और विशेषज्ञता से संसद में राष्ट्रीय विमर्श और समृद्ध होगा। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सम्माननीय राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में नामांकित किए गए प्रतिष्ठित इतिहासकार डॉ. मीणाक्षी जैन जी, पूर्व राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला जी, समाजसेवी सी. सदानंदन मस्ते जी और वरिष्ठ अधिवक्ता उज्वल निकम जी को हार्दिक बधाई। उन्होंने आगे कहा कि ये सभी महानुभाव अपने क्षेत्रों के दिग्गज हैं और उनके अनुभव से संसद में राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर और बेहतर चर्चा हो सकेगी।

### राज्यसभा के सांसदों का चुनाव कैसे होता है?

राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव सीधे जनता नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष तरीके से होता है। इसका मतलब है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं (विधायकों) के चुने हुए सदस्य इन सदस्यों को चुनते हैं। किसी राज्य में राज्यसभा की जितनी सीटें खाली हैं, उन पर राज्य के विधायकों की संख्या के अनुसार वोट डाले जाते हैं। इस तरह राज्यसभा सदस्य चुने जाते हैं। राज्यसभा में 12 सदस्य ऐसे होते हैं जिन्हें जनता नहीं चुनती, बल्कि राष्ट्रपति नामित करते हैं। ये नाम सरकार राष्ट्रपति को सुझाती है और फिर राष्ट्रपति उन्हें मनोनीत करते हैं। इनका मकसद यह होता है कि संसद में हर क्षेत्र के जानकार लोग मौजूद हों ताकि कानून बनाने में उनका अनुभव और राय मदद कर सके।

### राज्यसभा संसद का उच्च सदन

भारत की संसद में दो सदन होते हैं- लोकसभा और राज्यसभा। राज्यसभा संसद का उच्च सदन होता है। इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है और हर 2 साल में एक तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। संसद को दोनों सदनों का मुख्य काम विधान या कानून बनाना है। इसके लिए पहले विधेयक सदन में पेश किया जाता है। फिर इस पर चर्चा होती है, उसके बाद सभी की सहमति या वोटिंग कराकर इसे पारित कर दिया जाता है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ये कानून बन जाता है।

### उज्जवल निकम को लेकर क्या बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उज्जवल निकम का विधायी क्षेत्र और संविधान के प्रति समर्पण प्रशंसनीय है। वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय की प्राप्ति के लिए भी अग्रणी रहे हैं। उनका नामांकन राज्यसभा में उनके उत्कृष्ट कार्य का सम्मान है।

### अन्याय के सामने न झुकने की मिसाल

साथ ही केरल भाजपा नेता और शिक्षक सदानंदन मस्ते को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सदानंदन मास्ते का जीवन साहस और अन्याय के सामने न झुकने की मिसाल है। शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। युवा सशक्तिकरण के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायक है।

### मीनाक्षी जैन को बताया कुशल शोधकर्ता

वहीं अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने मीनाक्षी जैन के राज्यसभा के लिए नामित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी जैन एक कुशल शोधकर्ता और इतिहासकार हैं, जिनका काम शिक्षा, साहित्य और राजनीति विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान है। उनका नामांकन राज्यसभा में हमारे अकादमिक दृष्टिकोण को और समृद्ध करेगा।

### हर्षवर्धन श्रृंगला को बताया श्रेष्ठ कूचनीतिज्ञ

वहीं पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला को राज्यसभा में नामित होने पर पीएम मोदी ने शुभाकामनाएं देते हुए श्रेष्ठ कूटनीतिज्ञ बताया। पीएम मोदी ने श्रृंगाल की सराहना करते हुए कहा कि वह एक श्रेष्ठ कूटनीतिज्ञ और रणनीतिक विचारक हैं। भारत की विदेश नीति में उनके योगदान ने भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

# गिरि इंस्टीट्यूट: 'अमृत काल' में शिक्षाविदों का 'मुक्ति मार्ग'?




**जन एक्सप्रेस। पवन सिंह**

**लखनऊ।** जब देश 'अमृत काल' की सीढ़ियाँ चढ़ने का दावा कर रहा है, ठीक उसी वक्त लखनऊ का गिरि इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज़- एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था- 'मुक्ति मार्ग' की ओर खिसकती नज़र आ रही है। सवाल सिर्फ एक संस्थान के पतन का नहीं है, बल्कि उस सोच का है जो शिक्षा और शोध जैसे मूल स्तंभों को बोझ मान चुकी है।

### शोध की रीढ़ टूटी, वेतन आयोग पाँव में पड़ा

1973 में पूर्व राष्ट्रपति वी.वी. गिरि के नाम पर स्थापित यह संस्थान कभी देश-विदेश में विकास के मॉडल गढ़ता था। केंद्र और राज्य सरकारें इसी संस्थान से बजट और सामाजिक नीतियों पर सलाह लिया करती थीं। लेकिन आज, जब देश में आठवां वेतन आयोग दस्तक दे रहा है, गिरी इंस्टीट्यूट अब भी पाँचवें वेतन आयोग की पगड़ी बांधे बैठा है। फिर भी न कोई धरना, न कोई विरोध। संस्थान की फैकल्टी चुपचाप काम करती रही- पर अब जब सरकार ने उनकी भी साँसें बंद कर दी हैं, तो यह चुप्पी भी सवाल बन गई है।

### आईआईएम की गोद में था गिरि, आज खुद बेसहारा

जब आईआईएम लखनऊ की बिल्डिंग नहीं बनी थी, तब दो साल तक उसकी कक्षाएं गिरि इंस्टीट्यूट में चलीं। लेकिन आज वही गिरि इंस्टीट्यूट खुद एक अदद फंड के लिए सरकार की तरफ ताक रहा है। न रिसर्च को पैसे, न पीएचडी को मंजूरी, न ही स्टाफ की भर्ती को हरी झंडी। 7 अगस्त 2024 को निकले एक वैकेंसी विज्ञापन (संख्या GIDS/2024/Project) के तहत सैकड़ों अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, इंटरव्यू में चयनित हुए, मेल भी आ गया कि 'जल्द ज्वाइन कराइए'- लेकिन छह महीने बीत गए, फंड ही नहीं आया।

### गिरा 'गिरि', उठा घोटाला- लेकिन सजा किसे?

गिरि इंस्टीट्यूट की तबाही के पीछे एक और चेहरा है- वित्तीय अनियमितता का घिनौना खेल। संस्थान के तत्कालीन निदेशक बृजेश कुमार बाजपेई और बीओजी चेयरमैन एनसी बाजपेई पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। शासन ने दोनों को पद से हटाया, खातों की सीलिंग करवाई, जाँच के आदेश भी दिए गए। पर सवाल यही है- क्या दोषियों को सज़ा मिली? या फिर ये पूरा खेल 'बकरा संस्थान, छुटे खलनायक' वाला निकला?

### सरकारों के पास हवा-बाजियों के लिए फंड है, शिक्षा के लिए नहीं

सरकारी बयानबाजियों में तो 'नॉलेज इकोनॉमी' और 'स्किल इंडिया' की गूंज है, लेकिन हकीकत यह है कि 2024-25 के पहले आठ महीनों में 11.7 लाख बच्चे स्कूलों से दूर हो गए हैं, जिनमें अकेले उत्तर प्रदेश से सात लाख बच्चे गायब हैं। यह आंकड़े किसी हल्लह के नहीं, खुद केंद्र सरकार के हैं। गिरि इंस्टीट्यूट की हालत इस व्यापक शैक्षिक पतन की एक प्रतीकात्मक तस्वीर बन गई है- जहाँ न नीति है, न नियत; सिर्फ उपेक्षा और अनदेखी है।

### जन एक्सप्रेस सवाल पूछता है

- क्या गिरि इंस्टीट्यूट को बंद करने की पटकथा पहले से लिखी जा चुकी थी?
- चयनित अभ्यर्थियों का भविष्य कौन सँभालेगा?
- अगर दोषी पकड़े गए, तो अब तक जेल क्यों नहीं भेजे गए?
- क्या शिक्षा अब केवल चुनावी घोषणाओं की चौखट पर टंगी रहेगी?
- गिरि संस्थान गिरा है- लेकिन ये गिरावट सिर्फ एक संस्था की नहीं, एक सोच की है।
- जन एक्सप्रेस इस सोच का पर्दाफाश करता रहेगा।

# गुड्डू सिंह बोल रहा हूं, साईं हास्पिटल की खबर क्यों छापे?

## माफिया, झोलाछाप और सिस्टम की साजिश का खुलासा

- साईं हास्पिटल: इलाज के नाम पर मौत, सवाल उठाने पर धमकी क्या माफिया चला रहे हैं स्वास्थ्य व्यवस्था?

**जन एक्सप्रेस। कोथांवा/हरदोई**

इलाज के नाम पर लूट, लापरवाही के बाद बच्ची की मौत, और जब पत्रकार ने सच्चाई उजागर करनी चाही तो मिली धमकी! ये कोई फिल्मी पटकथा नहीं, बल्कि हरदोई जिले के कोथांवा ब्लॉक स्थित साईं हास्पिटल का कड़वा सच है जहां डॉक्टरों की जगह झोलाछापों का साम्राज्य चल रहा है और जनता की जिंदगी रामभरोसे छोड़ दी गई है।




### मासूम की मौत के पीछे अस्पताल की बेशर्मी

हाल ही में सेमरा गांव की एक महिला की गंभीर अवस्था में पेशाब रुक जाने पर साईं हास्पिटल में इलाज शुरू हुआ, जहां कथित डॉक्टरों की लापरवाही से ऑपरेशन के बाद उसकी मासूम बच्ची की मौत हो गई। ये मौत नहीं, एक सुनियोजित हत्या थी इलाज के नाम पर की गई वसूली और झोलाछाप इलाज का नतीजा। जन एक्सप्रेस की टीम ने लखनऊ से हरदोई पहुंचकर सीक्रेट कैमरे में गांववालों के बयान कैद किए। हर बयान में सिर्फ एक ही नाम गूंजा संदीप सिंह चौहान, साईं हास्पिटल का संचालक।



संदीप सिंह चौहान



धमकी देने वाला गुंडा गुड्डू सिंह

### जन एक्सप्रेस की चेतावनी: पर्दाफाश अभी बाकी है!

- जन एक्सप्रेस की टीम इस पूरे नेटवर्क पर लगातार नजर रखे हुए है चाहे वो झोलाछाप डॉक्टर हों, सत्तासीन गुंडे हों या विभाग में बैठे भ्रष्ट अफसर।
- साईं हास्पिटल का सच जनता के सामने लाया जाएगा नाम, वीडियो, बयान और दस्तावेजों के साथ।
- जनता से अनुरोध है कि अब चुप न बैठें।
- अगर आप भी ऐसी किसी लापरवाही, धोखाधड़ी या ठगी का शिकार हुए हैं तो जन एक्सप्रेस से संपर्क करें।
- हम आपकी आवाज़ को दबने नहीं देंगे।

### धमकियों का दौर और पत्रकारिता पर हमला

जब जन एक्सप्रेस ने इस पूरे मामले को प्रकाशित किया, तो धमकी भरे फोन कॉल्स की बाढ़ आ गई। लखनऊ के कुछ पत्रकारों समेत गुड्डू सिंह नामक व्यक्ति ने संवाददाता को फोन कर सवाल उठाया सिर्फ साईं हास्पिटल को ही क्यों छाप रहे हो? जब संवाददाता ने जवाब दिया कि ये उसका पत्रकारिता धर्म है तो गुड्डू सिंह ने सीधा निर्देश दिया कि अब आगे कोई खबर न छापी जाए। गांववालों और स्थानीय सूत्रों का कहना है कि गुड्डू सिंह हाल ही में एक हत्या के मामले में जेल से छूटकर आया है। उस केस में उसे मुख्य आरोपी बना कर जेल भेजा गया था — आरोप है कि उसने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या साईं हास्पिटल जैसे स्वास्थ्य माफियाओं को गुंडों और हत्यारों का संरक्षण प्राप्त है?

### कहां हैं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार?

सबसे बड़ा सवाल ये है कि स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंदे बैठा है या हिस्सेदार बन चुका है? वर्षों से मलाईदार कुर्सियों पर जमे अधिकारी क्या जानबूझकर इन अस्पतालों की मनमानी पर चुप हैं? क्या विभाग को गाइडलाइनों की कोई परवाह नहीं रही? क्या अब प्रशासन भी इन काली करतूतों पर चुप्पी साधे बैठेगा?

### 2.5 लाख में मौत का सौदा

पीड़िता के पति ने बताया कि संदीप सिंह चौहान ने इलाज के नाम पर उनसे ढाई से तीन लाख रुपये लिए और अंत में इलाज करने में असमर्थ होकर लखनऊ के नोबल हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। इंसानियत और मेडिकल एथिक्स की धज्जियां उड़ाते हुए, यह पूरा मामला सीधे-सीधे धोखाधड़ी और आपराधिक लापरवाही की श्रेणी में आता है।

# केजीएमयू के वरिष्ठ डॉक्टर बर्खास्त

- निजी प्रैक्टिस और कंपनी को लाभ पहुंचाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के एक वरिष्ठ डॉक्टर को रिटायरमेंट से महज तीन दिन पहले बर्खास्त कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कड़ी कार्रवाई डॉक्टर ए.के. सचान पर निजी प्रैक्टिस और एक निजी संस्था को अनुचित लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोपों के चलते की है। डॉ. सचान का रिटायरमेंट 15 जुलाई को निर्धारित था, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने 12 जुलाई को ही उनकी सेवाएं समाप्त करने का निर्णय ले लिया। सूत्रों के अनुसार, डॉ. सचान पर आरोप है कि उन्होंने एक निजी



मेडिकल संस्था में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की भूमिका निभाकर न केवल नियमों का उल्लंघन किया, बल्कि संबंधित कंपनी को अनुचित लाभ भी पहुँचाया। केजीएमयू के नियमानुसार, विश्वविद्यालय से जुड़े किसी भी डॉक्टर को निजी संस्था में व्यावसायिक भूमिका निभाने की अनुमति नहीं है। आरोप है कि डॉ. सचान लंबे समय से यह गतिविधियाँ छुपाकर कर रहे थे। प्रशासन को इसकी पुख्ता जानकारी मिलते ही जांच बैठाई गई और साक्ष्यों के आधार पर यह बड़ा फैसला लिया गया।

### विश्वविद्यालय प्रशासन का बयान

प्रशासन की ओर से जारी बयान में कहा गया है, किसी भी शिक्षक या चिकित्सक को नियमों के विपरीत जाकर निजी संस्था में लाभ का भागीदार बनने की अनुमति नहीं है। यह आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन है और इससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचती है।

### छवि पर असर, छात्रों में चर्चा

इस अचानक फैसले ने विश्वविद्यालय के गलियारों में हलचल मचा दी है। छात्र और फैकल्टी में इस विषय पर ज़ोरदार चर्चा हो रही है। कुछ इसे कड़ा लेकिन ज़रूरी कदमऋ बता रहे हैं, तो कुछ इसे रिटायरमेंट से पहले की साख पर धब्बा कह रहे हैं।

### क्या होगी अगली कार्रवाई?

सूत्रों के मुताबिक, यह मामला आगे सतर्कता आयोग या उच्चस्तरीय जांच समिति के पास भी जा सकता है। यदि निजी लाभ से संबंधित आर्थिक लेन-देन की पुष्टि होती है, तो कानूनी कार्यवाही भी संभव है।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 25 नवंबर को दिल्ली कूच, होगा आंदोलन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम की रविवार को लखनऊ में हुई कार्यकारिणी में कर्मचारियों ने व्यापक आंदोलन की घोषणा करते हुए 25 नवंबर को दिल्ली कूच का एलान किया है। बैठक में एक अगस्त को देश भर मे रोष मार्च निकालने और पांच अगस्त को सामूहिक उपवास करने की योजना बनी। संगठन ने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की। इसके लिए एक अक्तूबर को एक्स पर अभियान चलाया जाएगा।

## केशव मौर्य बोले, कार्यकर्ताओं के दम पर 2027 में फिर दोहराएंगे 325 का आंकड़ा, सपा-राजद पर साधा निशाना

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की ताकत पर एक बार फिर 325 सीटों का ऐतिहासिक आंकड़ा दोहराएगी। सर्किट हाउस में रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी तीखे हमले किए। उपमुख्यमंत्री के बयानों से साफ है कि भाजपा ने अभी से 2027 के मिशन को धार देना शुरू कर दिया है। भाजपा जहां अपनी उपलब्धियों और कार्यकर्ताओं के बल



पर दोबारा बहुमत का दावा कर रही है, वहीं सपा और राजद पर माफियाओं से गठजोड़ का आरोप लगाकर कानून-व्यवस्था को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि हालिया लोकसभा चुनाव के बाद जिन चार राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, उनमें से तीन राज्यों में भाजपा ने बहुमत से सरकार बनाई, जो कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव की तैयारियां भी जोरों पर हैं और भाजपा पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी। जब प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे तो उपमुख्यमंत्री ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब राजनाथ सिंह प्रदेश के शिक्षा मंत्री थे, तब उन्होंने नकल अध्यादेश लागू किया था, लेकिन सपा सरकार में आते ही उसे खत्म कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी शिक्षा को गंभीरता से नहीं लेती और उनके कार्यकाल में नकल माफिया को संरक्षण मिला।

# सीएम धामी का मुख्य सचिव को निर्देश, राष्ट्रीय खेलों के ढांचे के प्रभावी उपयोग की कार्य योजना बनाएं

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को राज्य में राष्ट्रीय खेलों के ढांचे का प्रभावी उपयोग करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि खिलाड़ियों को उनके घर के आसपास उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं निरंतर उपलब्ध रहे। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब राज्य सरकार खेलों को लेकर नई दृष्टि और रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। सीएम का मानना है कि 38वें राष्ट्रीय खेल केवल एक आयोजन नहीं थे, बल्कि यह उत्तराखंड की खेल यात्रा में ऐतिहासिक मोड़ सिद्ध हुए हैं। पहली बार राज्य ने 100 से अधिक पदक जीतकर पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया और अपने प्रदर्शन से पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और खिलाड़ियों की मेहनत ने मिलकर यह असाधारण उपलब्धि संभव बनाई है। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज और हल्द्वानी के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। इसके साथ ही राज्य के आठ शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की योजना भी लीगेसी प्लान का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को आज खेल भूमि के रूप में देखा जा रहा है, यह पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। राष्ट्रीय खेलों की



सफलता ने एक नई चेतना जागृत की है। सरकार खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तन्मयता से जुटी हुई है। मैदानों से लेकर पहाड़ों तक हर जगह खेल प्रतिभाओं के लिए एक नया और उज्ज्वल भविष्य आकार ले रहा है। सीएम ने कहा कि हल्द्वानी में बनने वाला खेल विश्वविद्यालय राज्य की खेल संस्कृति को संस्थागत रूप देगा। यह न केवल प्रशिक्षण और रिसर्च का केंद्र बनेगा, बल्कि कोचिंग, खेल विज्ञान, फिजियोथेरेपी, मैनेजमेंट आदि में भी युवाओं को अवसर प्रदान करेगा।

### नई खेल नीति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में लागू नई खेल नीति के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। इसमें खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के अनुसार आकर्षक प्रोत्साहन राशि, सरकारी नौकरी, छात्रवृत्तियां और सम्मान देने का प्रावधान किया गया है। ओलंपिक स्तर के पदक विजेताओं को दो करोड़ रुपये तक की राशि देने की घोषणा से खिलाड़ियों में नया उत्साह आया है।

# बूथ से मण्डल तक कांग्रेस को मजबूत कर दमदारी से लड़ेंगे चुनावः कुशल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कौंग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक नए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई तथा ब्लाक समिति व मण्डल अध्यक्षों के चयन को लेकर चर्चा की गई।

राजापुर में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में नगर पंचायत के दो सभासदों राजेश त्रिपाठी व उदल वर्मा सहित एक दर्जन लोगों को पार्टी में शामिल कर सदस्यता दिलाई गई। इसी प्रकार मऊ में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय, रामनगर में ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर खंगार व मानिकपुर में ब्लाक अध्यक्ष दिवाकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान को लेकर बैठके आयोजित की गई। इसके अलावा पहाड़ी में भी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक समिति व मण्डल अध्यक्षों के चयन के सम्बन्ध में चर्चा की गई। जिला समन्वयक आदित्य स्वरूप पांडेय ने कहा कि कौंग्रेस पार्टी का संगठन गांव स्तर तक मजबूत करने में सभी कार्यकर्ता सक्रिय होकर कार्य करें। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जिले में कौंग्रेस पार्टी को मण्डल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत कर पंचायत चुनाव दमदारी के साथ लड़ा जाएगा। पीसीसी सदस्य पूर्व प्रत्याशी रंजनाबराती लाल पांडेय ने कहा कि कौंग्रेस पार्टी में महिलाओं, पिछड़ों, दलित, आदिवासी एवं सभी वर्गों को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत करना है। जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। जबकि कौंग्रेस पार्टी सभी वर्गों को आपस में जोड़ने का काम करती है। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। पीसीसी सदस्य सत्यनारायण कोल ने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करें, तभी देश एवं प्रदेश का विकास होगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा कौंग्रेस कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमा लिखने के विरोध मे 14 जुलाई सोमवार को विरोध प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी कर्वी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# सोच से ही इंसान अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है: इमरान अली

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



इमरान अली इस समय ''प्यार बिना सब सुना'' की चित्रकूट में शूटिंग कर रहे है। जिनसे कुछ इस तरह संवाद हुए

- आप इस समय कौन सी फिल्म बना रहे है और इसकी कहानी क्या है?

इस समय ''प्यार बिना सब सुना '' फिल्म का निर्माण हो रहा है जो एक बॉलीवुड फिल्म है, और फिल्म की कहानी एक सैलून चलाने वाले युवक के इर्द गिर्द घूमती है और ये कहानी बहुत ही मजेदार है।

- यह फिल्म किस प्रोडक्शन हाउस एवं इसके निर्माता कौन है?

इस फिल्म का निर्माण शिव कृष्णा एंटरटेनमेंट बैनर से हो रहा है और इसके निर्माता संजय प्रताप सिंह है।

- आप की अभी तक कितनी फिल्म बना चुके है?

यह मेरी तीसरी फिल्म है डायरेक्टर के तौर पर इसके पहले 35 फिल्मों में सह निर्देशक के तौर पर काम कर चुके है।

- आपने फिल्मों में कब कदम रखा?

2014 से फिल्म इंडस्ट्री में इंट्री की और सुजीत कुमार सिंह हमें आगे बढ़ने का रास्ता बताया और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

- प्यार बिना सुना फिल्म कब तक रिलीज होंगी?

फिल्म पूरी होते ही पोस्ट प्रोडक्शन का काम स्टार्ट हो जायेगा और जल्द ओ टी टी पे रिलीज हो जाएगी।

# गांधी महाविद्यालय में आज लगेगा वृहद रोजगार मेला

**जन एक्सप्रेस । उरई**



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रधानाचार्य नूपुर कश्यप ने बताया कि गाँधी महाविद्यालय उरई में 14 जुलाई को सुबह 10 बजे से अपराह्न 03¬30 बजे तक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में बंसल स्टील लि., मैनकाइंड फार्मा लि., मोंटेज इण्टरप्राइजेज, टाटा मोटर्स, न्यू हॉलेन्ड फिएट इंडिया प्रा.लि., ब्रिटेनिया बिस्किट, जय भारत मारूती प्रा.लि., एनटीएफ इंडिया प्रा.लि., लेंसकार्ट सोल्यूसन प्रा.लि., कॉन्टीनेन्टल कम्पनी, प्रणब विकास इंडिया प्रा.लि., सेंडन विकास इंडिया लि., हेलीकल स्प्रिंग्स, पीएसएन सप्लाई चेन सोल्यूसन प्रा.लि., पेरेग्रिन गार्डियन प्रा.लि., एलआईसी, ब्राइट फ्यूचर एवं नौकरीफाई डॉट कॉम बहुत प्रतिष्ठित कम्पनिया प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमें कम से कम योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं कौशल विकास से संबंधित पाठ्यक्रम के समस्त व्यवसायों के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को निःशुल्क नौकरी पाने का सुनहरा मौका मिल रहा है। उक्त मेले में 18-35 वर्ष के बेरोजगार महिला/पुरूष अभ्यर्थी जॉब व अप्रेन्टिसशिप के लिये प्रतिभाग कर सकते है। अतः बेरोजगार एवं नौकरी के इच्छुक महिलाएं व पुरूष अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने के लिये 14 जुलाई को प्रातः 10 बजे गांधी महाविद्यालय स्टेशन रोड उरई (जालौन) के परिसर में अपने रिज्यूम के साथ समस्त शैक्षिक दस्तावेज, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो लेकर साक्षात्कार देने के लिये समय से उपस्थित हों। यह नौकरियां निःशुल्क हैं। सरकार की मंशा है कि नौकरी पाकर अभ्यर्थी अपने जोबन एवं अपने परिवार के साथ साथ देश को समृद्ध व खुशहाल बनायें। अधिक से अधिक संख्या में आकर उपस्थित हों। साथ ही 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित जॉब्स/मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई जायेगी।

## राठ पुलिस ने कत्ल की वारदात को अंजाम देने वाले कातिल को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर राठ के चिल्ली में 5 जुलाई को ट्यूबवैल में सोते वक्त हुये 68 साल के विजय बहादुर उर्फ बौरा बाबा के कत्ल की वारदात को अंजाम देने वाले गांव के ही 45 साल के कातिल विरेन्द्र राजपूत पुत्र रामेश्वर

को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गये कातिल ने मृतक को अपनी पत्नी से नाजायज ताल्लुक़ात के शक में फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस ने अज्ञात कातिल के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या- 322/25 धारा-103(1) बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि मामले की जांच के दौरान कातिल का नाम सामने आया था, तभी से पुलिस कातिल की तलाश सरगर्मी से तलाश कर रही थी, इसी बीच जानकारी मिली थी, कि कातिल बुन्देलखण्ड एक्स्प्रेस वे के पास देखा गया है, जानकारी पर पुलिस ने बुन्देलखण्ड एक्स्प्रेस वे के पास पहुंचकर कातिल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पकड़े गये कातिल की निशानदेही पर आला कत्ल फावड़े के साथ ही खून में सने कपड़े बरामद करने के बाद कातिल को अदालत में पेश कर दिया गया है। वही कातिल को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सरोज, एस आई विनेश गौतम, एस आई

शिवम दत्त, एसओजी प्रभारी एस आई सचिन शर्मा,हैड कांस्टेबल उमाशंकर शुक्ला, हैड कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अतुल कुमार एसओजी, कांस्टेबल सुरेन्द्र मिश्रा एसओजी, कांस्टेबल शक्ति सिंह एसओजी, कांस्टेबल अतुल तिवारी एसओजी , कांस्टेबल अभिषेक राजपूत सहित कांस्टेबल मनोज शर्मा शामिल रहे।

## हमीरपुर के पौथिया स्टेट हाईवे किनारे झाड़ियों में युवक की लाश मिलने से मचा हड़कंप



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के ललपुरा थानाक्षेत्र के पौथिया में स्टेट हाईवे के किनारे झाडियों में युवक की लाश मिलने से मचा हडकंप। युवक के परिवार वालों ने उसका कत्ल करके लाश को झाडियों में फेंकने का लगाया इल्जाम। वही झाडियों में युवक की लाश पडी होने की जानकारी मिलने पर ललपुरा पुलिस ने मौके पर पहुँच कर बारीकी से जांच करने के बाद, पंचनामा भर कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। जबकि पुलिस ने बताया कि लाश की पहचान कोतवाली सदर के कलौलीतीर निवासी 21 साल के श्यामू पुत्र कमलेश के तौर पर हुई है। वही पुलिस का कहना है कि लाश पर फिलहाल कहीं कोई चोट का निशान नजर नहीं आ रहा है, जबकि युवक की लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। जबकि युवक की मौत के बाद कई बड़े सवाल पैदा हो गये है। युवक की मौत कैसे हुई, वो कलौलीतीर से पौथिया किसके पास आया था, मौत से पहले किसके साथ देखा गया था, और उसकी लाश झाडियों में कैसे पहुंची।

### अपर एसपी ने किया विवेचकों का अर्दली रूम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने रविवार को थाना रैपुरा में राजापुर क्षेत्र के सभी थानों के विवेचकों का अर्दली रूम किया। अर्दली रूम में एएसपी ने विवेचकों से लंबित विवेचनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछकर गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही महिला सम्बन्धित मुकदमों में त्वरित कार्यवाही करने, प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने तथा आईजीआरएस में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक रैपुरा विनोद कुमार शुक्ला, थानाध्यक्ष राजापुर यदुवीर सिंह, थानाध्यक्ष पहाड़ी पंकज तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### राजापुर में विद्युत आपूर्ति की बदहाली से बढ़ रहा आक्रोश

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल शंकर दयाल जायसवाल, सुनील मिश्र, मनोज कुमार, राकेश नामदेव व अशोक सोनकर ने बताया कि तुलसी जन्मस्थली राजापुर में वर्तमान समय में भीषण विद्युत कटौती की जा रही है। रात और दिन में किसी भी समय विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। इसके चलते विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे है। बमुश्किल 10 घंटें विद्युत आपूर्ति नगर वासियों को मिल रही है। आपूर्ति ठप होने के बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं के फोन नहीं उठाए जाते है। जिससे पेयजल आपूर्ति भी बाधित होती है। साथ ही बच्चो की पढ़ाई भी चैपट हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन ने तहसील मुख्यालयों में 22 घंटें विद्युत आपूर्ति के आदेश दिए है। इसके बावजूद राजापुर में कार्यरत विभागीय अवर अभियंता की लापरवाही के चलते विद्युत आपूर्ति व्यवस्था घ्वस्त हो चुकी है। जिससे आम जनता में आक्रोश बढ़ रहा है और सरकार की छवि खराब हो रही है।

## दो पर हुई गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने गैंग बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ की पूर्ति के लिए समाज विरोधी क्रिया कलाप करने वाले गैंग के लीडर मनीष कुमार कुशवाहा निवासी वार्ड नं छह ग्राम व पोस्ट सिरमोर थाना सिरमोर जनपद सतना मध्य प्रदेश तथा सोनू उर्फ पुष्पेन्द्र कुशवाहा निवासी वार्ड नं आठ ग्राम व पोस्ट सिरमोर थाना सिरमोर जनपद सतना मध्य प्रदेश के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है।

# हाईवे पर ट्रक की स्टेपनी बदल रहे चालक की डंपर से कुचलकर मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एट थाना क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे ट्रक का टायर बदलते समय चालक को कुचल दिया। जिससे मौत हो गई।

जिला झांसी के थाना पूंछ ग्राम कायला निवासी निर्भाल सिंह 28 वर्ष पुत्र दशरथ सिंह ट्रक चालक था। बताया गया कि वह शनिवार की शाम को झांसी से ट्रक में गिट्टी लोड करके कानपुर जा रहा था। देर रात जब ट्रक झांसी-कानपुर हाईवे पर ग्राम गिरथान के पास पहुंचा। तभी अचानक उसका टायर पंचर हो गया। इसके बाद उसने ट्रक खड़ा किया और उसका टायर बदलने लगा। जब वह ट्रक का टायर बदल रहा था, उसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे ट्रक का पहिया चालक के ऊपर से निकल गया और ट्रक खंदक में पलट गया। साथ ही टक्कर मारने वाला डंफर भी क्षतिग्रस्त हो गया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और सूचना परिजनों को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक के भाई कृपाल सिंह ने बताया कि उसके एक पुत्र, एक पुत्री है और यह ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

# उदर शक्ति विकासक क्रिया से दूर होते हैं पेट के रोगः योगाचार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि उदर शक्ति विकासक क्रिया के माध्यम से पेट की खराबी के कारण शरीर में उत्पन्न विभिन्न प्रकार के रोगों को दूर किया जा सकता है।

योगाभ्यास कराते हुए योगाचार्य ने बताया कि पेट का कोई भी रोग चाहे कितना भी पुराना हो, उदर शक्ति विकासक क्रिया के नियमित अभ्यास से वह शीघ्र ही दूर हो जाता हैं। बताया कि यह योग क्रिया पेट की स्थूलता को कम करके उसे नरम बनाने में, पेट के अफारा में, गैस, अम्लता आदि में दिव्य औषधि का काम करती है। इसके साथ ही नाभि केंद्र से जुड़ी सभी नाड़ियों को नई ऊर्जा, ताजगी और दिव्य शक्ति का संचार देती है तथा आध्यात्मिक उन्नति में सहायक सिद्ध होती है। बताया कि उदर शक्ति विकासक क्रिया को अजगरी क्रिया से शुरु करते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं तथा दोनों नासिका रंध्रों से धीरे-धीरे अजगर की तरह श्वास पेट में भरते हुए पेट को फुलाते हैं, फिर कुछ देर ठहरने के बाद अंदर की सांस दोनों नासिका रंध्रों से धीरे-धीरे बाहर छोड़ते हैं और पेट को पूर्णतया पिचकाते हैं, जिसे उड्डियान बंध भी कहते हैं। ऐसा कम से कम पांच बार करते हैं। सावधानी के तौर पर पेट की तात्कालिक सर्जरी की दशा में इसे न करें।

# पति से हुए विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**

कोतवाली क्षेत्र के जमरेही अव्वल में एक महिला ने पति से हुई कहासुनी के बाद छत पर बने कमरे में दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। जिससे मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव जमरेही अब्बल निवासी शीलू गौतम की पत्नी श्रृष्टी की शादी 18 फरवरी 25 में हुई थी। बताया गया कि शनिवार की रात में खाना खाने के बाद दोनों छत पर बने कमरे में सोने चले गए, और देर रात किसी बात को लेकर दोनों में बिबाद शुरू हो गया। दम्पति में हुए विवाद ने ऐसा रुप लिया कि पति के सोने के बाद पत्नी ने कमरे में लोहे के एंगल में दुपट्टा बाधकर फांसी पर लटक गई। जब पति की आंख खुली तो उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई, और शोरगुल सुनकर पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से परिजन उसे फांसी के फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मायके पक्ष को जानकारी दी। मामले में कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल की जा रही है।घटना की तहरीर अभी मिली नहीं है तहरीर आते ही मुकदमा दर्जकर कार्यवाही की जाएगी।

## जरिया पुलिस ने चोरी के आठ मोबाइलों के साथ शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की जरिया पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत की जा रही चैकिंग के दौरान 22 साल के ग्राम खेड़ा शिलाजीत निवासी रफीक पुत्र जुम्मन को दबोच कर उसके पास से चोरी किये गये आठ मोबाईल बरामद किये हैं। वही जरिया पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 125/2025 धारा 317(2) बीएन एस के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया है। वही अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई रोहित कुमार, हैड कांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह सहित कांस्टेबल अभिनव प्रताप सिंह शामिल रहे।

# बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स को पुरस्कृत कर बढ़ाया हौसला

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



यूपी बोर्ड की हाइस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को समाजसेवी भाजपा नेता जगदीश गौतम ने राजकीय हाईस्कूल रौली कल्याणपुर में सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों व शिक्षकों का उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम में समाजसेवी भाजपा नेता जगदीश गौतम ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चे कम संसाधनों में भी अच्छे परिणाम प्राप्त करते हैं। इसके पीछे बच्चों की कठिन मेहनत उनके अभिभावकों और शिक्षकों का सहयोग होता है। जिसके बाद बच्चे श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाने में सफल होते है। इस दौरान उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनुज कुमार वर्मा, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गोमती प्रजापति व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शालू द्विवेदी को पुरस्कार देकर उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद गुप्ता, रमेश यादव, धमेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## 5 लाख हड़पने के आरोप में विद्यालय प्रबन्धक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

प्लाट के नाम पर 5 लाख हडपना विद्यालय प्रबन्धक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर धोखाधडी समेत कई संगीन धाराओं में मामला दर्जकर लिया है। नगर के मुहल्ला रामचबूतरा निवासी इरफान शेख ने राजेपुरा निवासी जमीन कारोबारी शब्बीर खाँ से मौजा लँगरपुर में 6 लाख रुपए में वर्ष 2023 में प्लाट तय किया था। जिसके लिए उसने 5 लाख रुपए चेक के माध्यम से दिए थे। लेकिन कुछ दिनों बाद क्षेत्र में जमीन की कीमतो में इजाफा होने पर जमीन कारोबारी ने उसे प्लाट देने से मना कर दिया। जिसपर उसने अपनी रकम वापस मांगी, तो वह टालमटोल करता रहा और इस प्रक्रिया में लगभग दो वर्ष का समय बीत गया था। बाद में उसने रकम वापस करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते इरफान शेख ने इस मामले की शिकायत न्यायालय में की थी। कुछ माह तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने इंटर कालेज के प्रबन्धक शब्बीर खान के खिलाफ धोखाधडी समेत कई संगीन धाराओं मे मामला दर्जकर जांच करने के निर्देश दिए थे। इसी के चलते रविवार को पुलिस ने विद्यालय के प्रबन्धक के खिलाफ विभिन्न सगीन धाराओ मे मामला दर्जकर लिया है। कोतवाली प्रभारी परमहंस तिवारी के अनुसार मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है।

# तैयारी पूरी, सेवानिवृत कर्मचारी कल आमसभा कर सौंपेंगे ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । उरई**




सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक परिषद कार्यालय में जिलाध्यक्ष हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता व हरिराम ओमरे के संचालन में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेंशन वित्त विधेयक लोकसभा व राज्यसभा में पारित करवा लिया है। इसके विरोध में जिलास्तर पर 15 जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से परिषद कार्यालय में तीन बजे तक आम सभा की जाएंगी। इसके बाद सभी एसोसिएशन के सदस्य रैली के माध्यम से कलेक्टर के यहां पहुंचकर डीएम के जरिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि भारत सरकार शीघ्र आठवे वेतन आयोग के अध्यक्ष की घोषणा करे। साथ ही वित्त विधेयक 25 के द्वारा पेंशनर्स नियमों में किये गये बदलाव के आदेश को वापस ले।इसके अलावा कुछ भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। अन्यथा की पेंशनर्स सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ आन्दोलन करेंगे। इस दौरान कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अंगद सिंह राजावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानसिंह राजपूत, शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा, जिला मंत्री रामहेत सिंह, संरक्षक लखनलाल अहिरवार, जिला मंत्री रामेश्वर दयाल कुशवाहा, संप्रेक्षक अंबिका प्रसाद राजपूत, शिवनाथ सिंह, अनिल कुमार श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार दुबे, अनिल याज्ञिक, मंगल सिंह निरंजन, ब्रजराज सिंह परिहार, अखिलेश शर्मा, हर नारायण अनुरागी, ज्ञानेंद्र सिंह राजपूत, अखिलेश खरे आदि लोग मौजूद रहे।



**शुभांशु समेत चारों अंतरिक्ष यात्रियों...**

अंतरिक्ष में 18 दिनों तक वैज्ञानिक प्रयोग करने के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य साथी अंतरिक्षयात्रियों के लिए विदाई और भोज का समय आ गया है। एक्सिओम-4 मिशन का यह दल सोमवार को पृथ्वी पर वापसी की तैयारी कर रहा है। ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# प्रदेश के 10827 प्राथमिक स्कूलों का दूसरे स्कूलों में विलय, खाली इमारतों में चलेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में कम नामांकन वाले 10827 परिषदीय विद्यालयों के विलय (पेयरिंग) बेसिक शिक्षा विभाग ने की है। इस क्रम में अब इन विद्यालयों की खाली हुई बिल्डिंग में आंगनबाड़ी केंद्रों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग पहले सर्वे कराएगा। विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी की ओर से सभी डीएम को इसके लिए पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में विद्यालय परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी को बाल वाटिका घोषित किया गया है। संसाधनों के बेहतर प्रयोग के लिए जिलों में पेयरिंग के बाद खाली विद्यालयों का प्रयोग बाल वाटिका के रूप में किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार



10827 खाली विद्यालयों में पास के आंगनबाड़ी केंद्र को शिफ्ट किया जाना है। इसके लिए जिला स्तर पर सर्वे किया जाना है। इसके लिए सीडीओ की अध्यक्षता वाली कमेटी होगी। जिसमें बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बीईओ, संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी शामिल होंगे। इनको 15 दिन में सर्वे आदि की प्रक्रिया पूरा करने का उन्होंने निर्देश दिया है। प्रमुख सचिव ने बताया है कि सर्वे के बाद, संबंधित लोगों, प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अभिभावकों की बैठक होगी। इसके बाद शिफ्टिंग के लिए योग्य विद्यालय भवनों का चिन्हांकन करेंगे। उपयुक्त पाए गए विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्रों की शिफ्टिंग की जाएगी। बता दें कि कई जिलों में आंगनबाड़ी केंद्र गांव के पंचायत भवन या किसी अन्य बिल्डिंग में चल रहे हैं। जिनको पास के विद्यालय में शिफ्ट किया जाएगा।

### 500 मीटर तक के केंद्र होंगे शिफ्ट, ज्यादा दूरी या खराब भवन होने पर नहीं

प्रमुख सचिव ने कहा है कि ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों को शिफ्ट करने का प्रस्ताव किया जाएगा जो अधिकतम 500 मीटर या उसके आस पास की दूरी पर हो। शिफ्टिंग से पहले यह देख ले कि विद्यालय का भवन ठीक है। बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से ठीक है। यदि विद्यालय का भवन ठीक नहीं है या आंगनबाड़ी केंद्र से विद्यालय की दूरी ज्यादा है तो ऐसे केंद्र के शिफ्ट करने का प्रस्ताव नहीं करेंगे। वहीं अगर वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र का बेहतर ढंग से संचालन हो रहा है, सभी आवश्यक सुविधाएं वहां उपलब्ध हैं तो उनको शिफ्ट करने का प्रस्ताव नहीं करेंगे।

### शिक्षकों-युवाओं ने विलय के विरोध में चलाया अभियान

प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में रविवार को शिक्षकों व युवाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभियान चलाया। जो काफी देर तक ट्रेंड करता रहा। डीएलएड मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशु यादव ने बताया कि अभियान में लाखों लोगों ने भाग लिया और यह पूरे दिन नंबर 1 ट्रेंड करता रहा। उन्होंने कहा कि स्कूलों का विलय संविधान और नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है।

# बचत खाता खुलवाने में प्रदेश में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं अव्वल, लखनऊ में रहीं पीछे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बैंकों में खाता खुलवाने के मामले में प्रदेश की महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बाजी मारी है। जबकि, राजधानी लखनऊ जैसे पढ़े लिखे जिले में महिलाएं अभी भी पुरुषों के मुकाबले पीछे हैं। प्रति लाख आबादी पर प्रदेश की बैंकों में महिला बचत खातों की संख्या पुरुषों के मुकाबले 10,638 ज्यादा रही है। वहीं, लखनऊ में यह स्थिति उलट है। यहां प्रति लाख आबादी पर महिला बचत खातों की संख्या पुरुषों के मुकाबले 259 कम है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में मार्च 2025 तक कुल 14.14 करोड़ बचत खाते खोले गए, जिसमें 6.84 करोड़ पुरुषों के और 7.29 करोड़ महिलाओं के बचत खाते हैं। प्रति लाख आबादी के औसत के हिसाब से प्रदेश में महिला खातों का औसत 73,524 तो वहीं पुरुष खातों का औसत 62,886 है। यानि, प्रदेश में महिला बचत खातों की संख्या पुरुषों के मुकाबले 10,638 ज्यादा है। वहीं, लखनऊ में प्रति लाख आबादी पर महिला खातों का औसत 259 कम है। लखनऊ में प्रति लाख आबादी पर पुरुष खातों का औसत 48,308 तो महिला खातों का औसत 48,049 है। रिपोर्ट के मुताबिक लखनऊ में मार्च 2025 तक कुल 22.11 लाख बचत खाते खोले गए जिसमें 11.56 लाख पुरुष तो 10.54 लाख महिलाओं के बचत खाते खोले गए।



### प्रति लाख आबादी के औसत में लखनऊ एटा जैसे शहर से भी पीछे

प्रति लाख आबादी के हिसाब से महिलाओं व पुरुषों को मिलाकर एटा में सबसे ज्यादा 1.03 लाख खाते, कानपुर देहात में 1.02 खाते और हापुड़ में 1.01 लाख का औसत है। जो कि लखनऊ से करीब करीब दोगुना ज्यादा है। लखनऊ में प्रति लाख आबादी का औसत महज 48,184 बचत खातों का ही है।

### तीन वर्षों में लखनऊ के बैंकों में बचत खातों की स्थिति

एलडीएम मनीष पाठक बताते हैं कि हर साल लगातार बचत खातों की संख्या में वृद्धि हो रही है। दो वर्षों में पुरुषों के खातों की संख्या 1.36 लाख ज्यादा तो महिलाओं के बचत खातों की संख्या 79 हजार बढ़ी है। साल दर साल यह आंकड़ा बढ़ रहा है। प्रति लाख आबादी में इसमें थोड़ा सा ही अंतर है, इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# टेकऑफ से पहले विमान के कॉकपिट में आई तकनीकी खराबी, रनवे से लौटाया गया



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ एयरपोर्ट से हैदराबाद जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी आ गई। इससे विमान को रनवे से वापस लौटाया गया तथा जांच-पड़ताल के बाद विमान को अंततः कैंसिल कर दिया गया। फ्लाइट में 150 यात्री थे। सूत्र बताते हैं कि कॉकपिट में कुछ तकनीकी दिक्कतें आने से ऐसा किया गया। अहमदाबाद में एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के हादसे के शिकार होने के बाद विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। खासतौर पर एअर इंडिया की सेवाओं पर असर पड़ रहा है। विमानों की सघन जांच चल रही है। साथ ही पायलट भी ऐहतियात बरत रहे हैं। इसी क्रम में रविवार लखनऊ एयरपोर्ट से सुबह 8:40 बजे उड़ान भरकर सुबह 10:55 बजे हैदराबाद पहुंचने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स-2816 की बोर्डिंग हो गई थी। विमान में 150 यात्री बैठ चुके थे और विमान उड़ान भरने के लिए तैयार था लेकिन उड़ान से पहले ही पायलट को विमान के कॉकपिट में तकनीकी गड़बड़ी का संदेह हुआ। इस पर उसने तत्काल एटीसी को इसकी सूचना दी। इसके बाद इंजीनियरों की टीम ने मोर्चा संभाला, लेकिन गड़बड़ी दूर नहीं हो सकी। अंततः उड़ान को रद्द कर दिया गया। जब इसकी जानकारी विमान में सवार यात्रियों को हुई तो वह हंगामा करने लगे। सूत्रों ने बताया कि हंगामा बढ़ता देख एयरलाइन्स अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें किसी तरह समझाया बुझाया।

### यात्रियों को दिया रिफंड

सूत्रों के अनुसार विमान के कुछ यात्रियों को होटल में ठहराया गया है जबकि कुछ यात्रियों को टिकट के पैसे भी रिफंड कर दिए गए हैं। होटल में ठहराए गए यात्रियों को एयरलाइंस अधिकारियों ने दूसरे विमान से भेजने का आश्वासन दिया है। पायलट की सतर्कता के चलते विमान हादसे का शिकार होने से बच गया।

### लगातार कैंसिल हो रही हैं उड़ानें

एअर इंडिया एक्सप्रेस की मुंबई-लखनऊ फ्लाइट आईएक्स-1219 पिछले हफ्ते तीन दिन निरस्त हुई। यह फ्लाइट रोजाना रात 11:50 बजे लखनऊ पहुंचती है। इसके साथ ही लखनऊ से मुंबई जाने वाली फ्लाइट आईएक्स-1235 भी लगातार रद्द हो रही है जो रात 12:20 बजे अमौसी से उड़ान भरती है। इसके अतिरिक्त एअर इंडिया की दिल्ली से चलने वाली दो नियमित उड़ानें एआई-2460 और एआई-2461 भी लंबे समय से रद्द चल रही हैं। लखनऊ-दुबई रूट की उड़ानें आईएक्स-193 और आईएक्स-194 भी कई बार कैंसिल हो चुकी है।

# ठाकुरगंज हादसे पर सीएम योगी सख्त: जेई निलंबित, एई को नोटिस, पीड़ित परिवार को 9 लाख रुपये की सहायता



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र में शनिवार को नाले में गिरने से एक युवक की दर्दनाक मृत्यु की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए जूनियर इंजीनियर (जेई) को तत्काल निलंबित, सहायक अभियंता (एई) को कारण बताओ नोटिस जारी करने और पीड़ित परिवार को कुल ?9 लाख की आर्थिक सहायता (?5 लाख मुख्यमंत्री राहत कोष तथा ?4 लाख आपदा राहत कोष) से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जनता की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को पूरे मामले की जवाबदेही सुनिश्चित करने और संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों की भूमिका की गहराई से जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश भी दिया है ताकि लापरवाही के लिए दंडित करना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्रणाली की गंभीर चूक है, जिसे तत्काल सुधारा जाना आवश्यक है। प्रदेश सरकार ऐसी घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से ले रही है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण पुनरावृत्ति भविष्य में न हों। मुख्यमंत्री ने लखनऊ प्रशासन को निर्देशित किया है कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाए और इस प्रकार की लापरवाहियों पर प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई हो। उन्होंने दोहराया कि उत्तर प्रदेश सरकार नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है, और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

# मायावती ने सात राज्यों के पार्टी संगठन की समीक्षा की, कहा, भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है। मायावती ने रविवार को लखनऊ में हुई पार्टी की बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में संगठन की तैयारियों, जनाधार बढ़ाने और जनता के मुद्दों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीते 2 मार्च को हुई संगठन की बैठक में पदाधिकारियों को दिए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने देश के



विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने की अपील सरकारों से की और कहा कि इससे जनता का विश्वास डगमगाता है। सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरोजगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना चाहिए।

# लखनऊ बना देश का तीसरा सबसे साफ शहर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

कभी स्वच्छता की दौड़ में पीछे रहने वाला लखनऊ अब देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शुमार है। स्वच्छ सर्वेक्षण2024 की सूची में लखनऊ ने 44वें स्थान से सीधे तीसरा स्थान हासिल करके सबको चौंका दिया है।केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सर्वेक्षण में अहमदाबाद को पहला और भोपाल को दूसरा स्थान मिला है।लखनऊ ने पिछली बार की तुलना में 41 पायदानों की छलांग लगाई है,जो ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस उपलब्धि पर लखनऊ नगर निगम को 17 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के टॉप स्वच्छ शहरों को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

# ऑनलाइन हाजिरी पर सख्ती, माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हर हाल में अनुपालन के दिए निर्देश, शिक्षक संगठन नाराज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर सख्ती बढ़ रही है। वहीं इसे लेकर शिक्षक संगठनों ने अपनी नाराजगी दर्ज कराई है। साथ ही इस निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह की ओर से हाल में सभी डीआईओएस को जारी निर्देश में कहा गया है कि कई विद्यालयों द्वारा नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा रही है। ऐसे में सभी डीआईओएस सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य नियमित रूप से पहले घंटे में विद्यार्थियों व शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इसमें लोकेशन न मिलने की आ रही दिक्कत का समाधान कराया जाए। साथ ही नए नियुक्त व संबद्ध शिक्षकों का विवरण भी अपडेट कराएं।

### अव्यवहारिक आदेश को जल्द वापस लिए जाने की मांग

दूसरी तरफ सख्ती बढ़ने पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडेय गुट) ने विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने इसे परिषद द्वारा जारी तुगलकी फरमान बताया है। संघ के प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह पटेल व संगठन प्रवक्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा का व्यक्तिगत ध्यान इस तरफ आकर्षित किया है। उनसे तत्काल हस्तक्षेप कर इस अव्यवहारिक आदेश को जल्द वापस लिए जाने की मांग की है।

# जन समस्याओं के समाधान हेतु तय हो जवाबदेही

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस प्रयागराज मे जनता दर्शन में फरियादियों से कहा, हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या कात्वरित संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय। समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जनता दर्शन मे प्रयागराज व उसके आस पास के जनपदो से बडी संख्या मे आये लोगों ने अपनी समस्यायें बतायी, जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

# डबल इन्जन सरकार, जा रही जनता के द्वार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- ग्राम चौपालो के माध्यम से किया जा रहा ग्रामीणों की समस्याओ का समाधान
- ग्राम चौपालों में 05 लाख समस्याओं, प्रकरणों का किया गया निस्तारण

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या -गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उन्होंने निर्देश दिये है कि ग्राम चौपालो मे स्वयं सहायता समूहो की सदस्य महिलाये और सोशल आडिट कर्मचारी भी मौजूद रहें।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1264ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 2851प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 2949ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5334ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 62 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग,श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि लगभग 2.5 साल से ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। 01 लाख 50 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 97 लाख से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 05लाख से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# सजाए, संवारे जायेंगे बरेली के प्राचीन मंदिरो और पर्यटन स्थल,ख़र्च होंगे 09 करोड़: जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले को मंदिरों का शहर कहा जाता है। सदियों पुराने प्राचीन मंदिर और पर्यटन स्थलआगंतुकों को आकर्षित करते हैं। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जिले के अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों और प्राचीन मंदिरों को विकसित करने की योजना बनाई है। इसका उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करना हैबल्कि स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा भी देना है। शहर के बड़ा बाग हनुमान मंदिर, श्री सीता राम मंदिर, आनन्द आश्रम मंदिर सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार के लिए 9 करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन देने एवं कार्यों को जल्द जमीन पर उतारने की तैयारी शुरू है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया, %पर्यटन विभाग परियोजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

# मूसलाधार बारिश से तबाही, बुंदेलखंड और पूर्वांचल में 13 लोगों की मौत, अभी राहत के आसार नहीं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बुंदेलखंड समेत प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में शनिवार को अच्छी बारिश हुई। इससे तापमान में भी एक से दो डिग्री की गिरावट महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अभी एक हफ्ते तक बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान कहीं कम तो कहीं मध्यम व तेज बारिश होती रहेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि शनिवार को सबसे ज्यादा बारिश बुंदेलखंड क्षेत्र में दर्ज की गई। चित्रकूट में शनिवार शाम तक सबसे अधिक 216 मिमी. बारिश दर्ज की गई। वहीं कानपुर में 126 मिमी. और



बांदा में 115 मिमी. बारिश दर्ज की गई। कानपुर समेत आसपास और पूर्वांचल के जिलों में शुक्रवार रात से झमाझम बारिश हुई। कई जगहों पर बारिश का पानी घरों में घुस गया। बिजली-बारिश से चित्रकूट में तीन, बांदा में दो, कानपुर देहात, उन्नाव और हमीरपुर में एक-एक की मौत हो गई। चित्रकूट में सबसे ज्यादा 100 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। पूर्वांचल में बिजली गिरने से पांच मौतें हुईं। बांदा में बदौसा थाना क्षेत्र के उतरवां शाहपुर के मजरा कल्लू पुरवा में शनिवार सुबह करीब बिजली गिरने से कच्चा मकान ढह गया। मां और दो बेटे मलबे में दब गए। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में एक बेटे को मृत घोषित कर दिया गया, बाकी दो का इलाज चल रहा है। कमासिन थाना क्षेत्र के दादौं गांव में बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई जबकि दो झुलस गए। बांदा में 24 घंटे में 46 एमएम बारिश दर्ज की गई। चित्रकूट के भरतकूप में कच्चे मकान की छत और पहाड़ी क्षेत्र में मकान की दीवार गिरने से दो की मौत हो गई। मानिकपुर क्षेत्र में नाले में बह जाने से किसान की मौत हो गई। महोबा में शुक्रवार रात 12 बजे से शनिवार दोपहर झमाझम बारिश हुई। नाला, नहर और रपटे उफना गए। 20 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। लोगों को 20 से 30 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ा। बारिश का पानी विद्यालयों व घरों में भर गया। इससे स्कूली बच्चों को भी परेशानी हुई। देर शाम तक 110 एमएम बारिश दर्ज की गई। हमीरपुर के कुरारा क्षेत्र के शिवनी गांव में धान की रोपाई कर रहे पांच मजदूरों पर बिजली गिर गई। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि चार झुलस गए। नदी-नाले उफना गए। कई गांव टापू बन गए। यहां 24 घंटे में 68 मिमी वर्षा दर्ज की गई। उन्नाव के बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के अलौलापुर गांव में धान की रोपाई कर रहे यवक की बिजली गिरने से मौत हो गई।

### टापू पर 10 घंटे फंसा रहा किसान


नरैनी (बांदा)। खेत में रखा हल और सामान लेने गया किसान रंज नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से फंस गया। 10 घंटे बाद नाव से दमकल कर्मियों ने उसे टापू से बाहर निकाला।

### बिजली गिरने से पांच लोगों ने गंवाई जान

भदोही/जौनपुर/चंदौली/आजमगढ़- पूर्वांचल के भदोही, चंदौली, आजमगढ़ और जौनपुर में शनिवार को बारिश के बीच बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। आठ लोग झुलस गए। भदोही जिले के समधा डीह निवासी राजकुमार यादव के खेत में शनिवार को मजदूर धान की रोपाई कर रहे थे। बारिश के बीच बिजली गिर गई। इसमें सुघरा देवी (45), रीता देवी (40), कैलाश यादव (17) और अंतिमा देवी (15) झुलस गईं। सीएचसी में सुघरा देवी को मृत घोषित कर दिया गया। थियाडिल में डेहरिया में बिजली गिरने से कक्षा आठ की छात्रा सोनम और कक्षा 12 की छात्रा संध्या सरोज झुलस गईं। सीएचसी में सोनम को मृत घोषित कर दिया गया। जौनपुर जिले के मछलीशहर क्षेत्र के जमालपुर गांव में शनिवार को अपराह्न साढ़े तीन बजे बिजली गिरने से धर्मेंद्र यादव (28) की मौत हो गई। चंदौली जिले के कंदवा क्षेत्र के घोसवा गांव में बिजली गिरने से रेवसा गांव निवासी वंदना (24), सलेमपुर पौनी निवासी टोनी (17) और निराशा (40) झुलस गईं। इलाज के दौरान निराशा की मौत हो गई। आजमगढ़ में बड़गहन गांव में बिजली गिरने से कैलाशी देवी (42) की मौत हो गई।

# सावन में वैद्यनाथ धाम की यात्रा शुरू अमेठी से भारी संख्या में कांवड़िये रवाना

जन एक्सप्रेस। अमेठी



श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही जनपद में भोलेनाथ के भक्तों का जोश चरम पर है।रविवार को तिलोई तहसील क्षेत्र के विकास खंड बहादुरपुर से कांवड़ियों का पहला जत्था बाबा वैद्यनाथ धाम,देवघर झारखंड के लिए रवाना हुआ।यह जत्था जायस रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा वाराणसी होते हुए सुल्तानगंज के लिए निकला,जहां से कांवड़िए गंगाजल लेकर लगभग 120 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा को जल अर्पित करेंगे।इस अवसर पर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कांवड़ियों को हरी झंडी दिखाकर उनकी यात्रा का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह, बहादुरपुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सहित अनेक गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे।यात्रा से पहले श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में दर्शन और पूजन किया। इसके बाद भक्तगण डीजे की भक्ति धुनों पर नाचते-गाते और %बोल बम% के जयकारों के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे।प्रशासन द्वारा कांवड़ियों की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।यात्रा मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती,आवश्यक चिकित्सा सुविधा,और जलपान व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आयोजन समिति की ओर से कांवड़ियों को यात्रा किट और मार्गदर्शक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। हर साल की तरह इस बार भी सावन के पवित्र माह में बाबा वैद्यनाथ को जल चढ़ाने की यह पारंपरिक यात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हो चुकी है।आयोजकों ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में अमेठी से कई और जत्थे देवघर की ओर प्रस्थान करेंगे।

# कमई गांव में भ्रष्ट कोटेदार के खिलाफ खाद्यान्न की कालाबाजारी पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी



विकास खंड तिलोई के ग्राम पंचायत कमई में एक बार फिर से उचित दर विक्रेता महंत कोटेदार द्वारा गरीबों का हक मारने की करतूत पकड़ी गई है।सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भारी अनियमितताओं और खाद्यान्न की कालाबाजारी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।मामले की शुरुआत उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद हुई,जिसके आधार पर पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार द्वारा कोटेदार की दुकान की जांच की गई। जांच के दौरान एक अस्सी कुंतल खाद्यान्न का गबन सामने आया।मामले की रिपोर्ट थानाध्यक्ष मोहनगंज को सौंप दी गई और आरोपी कोटेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि कोटेदार द्वारा 71.873 कुंतल गेहूं, 116.847 कुंतल चावल तथा कुल मिलाकर 188.72 कुंतल खाद्यान्न का गबन किया गया है,जिसे गरीब लाभार्थियों तक पहुंचाना था।लेकिन वितरण न कर मनमानी तरीके से खाद्यान्न का दुरुपयोग कियागया। इस मामले में ग्राम पंचायत कमई के अंतर्गत अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के पांच से अधिक कार्ड धारकों ने कोटेदार पर खाद्यान्न कम देने और मुनाफाखोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं।जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि कोटेदार द्वारा उपलब्ध स्टॉक रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे अनियमितता की पुष्टि होती है।प्रशासन द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि गबन किए गए खाद्यान्न का वितरण जल्द कर पात्र लाभार्थियों को उनका हक वापस दिलाया जाएगा।

# करंट लगने से मजदूर की मौत, छह महीने पहले हुई थी शादी

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक,गांव में छाया मातम

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के पीपरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे चुल्लू गांव निवासी अमित कुमार कश्यप 22 वर्ष की रविवार दोपहर करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई।हादसा मुसाफिरखाना ब्लॉक के मुबारकपुर स्थित बरना गांव में हुआ,जहां वह दिहाड़ी मजदूरी के लिए गया था।कार्य के दौरान अमित11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया,जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।अमित अपने पिता सोहन कश्यप की दो संतानों में सबसे छोटा था और परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था। छह महीने पहले ही उसका विवाह गायत्री से हुआ था।लेकिन एक नया जीवन शुरू करने के सपने के साथ शुरू हुई यह कहानी अचानक मौत की खबर में बदल गई।हादसे की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।अमित के बड़े भाई कुमार कश्यप भाई की असमय मौत से सदमे में हैं।पिता सोहन कश्यप बेटे के शव का पोस्टमार्टम कराने सुल्तानपुर कोतवाली पहुंचे हैं।परिवार ने अब तक मृतक की पत्नी और मां को मौत की सूचना नहीं दी है,डर है कि वे यह सदमा नहीं सह पाएंगी।

यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही और मजदूरों की सुरक्षा में अनदेखी को उजागर करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है,कि कार्य स्थल पर कोई सुरक्षा उपकरण नहीं था।और न ही लाइन को बंद कराया गया था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मामले की जांच की जा रही है।ग्रामीणों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# आईटीआई गौरीगंज में रोजगार मेला आज और कौशल यूथ आइकान सम्मान समारोह कल

जन एक्सप्रेस। अमेठी

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि जनपद के बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।यह आयोजन विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय आईटीआई गौरीगंज एवं सेवायोजन विभाग द्वारा किया जा रहा है।तथा पंद्रह जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 11प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को कौशल यूथ आइकान सम्मान समारोह तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 10 से अधिक विभिन्न सेक्टरों की नेशनल एवं मल्टीनेशनल कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगी।जो 8वीं, 10वीं,12वीं पास से लेकर उप्र कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई पास अभ्यर्थियों को चौदह जुलाई को रोजगार प्रदान करेंगी।रोजगार मेले में बेरोजगार युवकों एवं युवतियॉ सभी दस्तावेज बायोडाटा,पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड,शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते है।

# राजकीय हाई स्कूल सिंहपुर को इंटर कॉलेज बनाए जाने की मांग तेज

## हाईस्कूल पास छात्र–छात्राओं को 11वीं में प्रवेश के लिए भटकना पड़ रहा है

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिले के विकास खंड सिंहपुर मुख्यालय पर स्थित राजकीय हाई स्कूल सिंहपुर,वर्ष 2010-11 से संचालित हो रहा है।लेकिन चौदह वर्षों के लंबे अंतराल के बावजूद यह विद्यालय अभी तक इंटरमीडिएट स्तर पर उच्चीकृत नहीं हो सका है। विभागीय लापरवाही के चलते हर साल क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को 10वीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।गौरतलब है कि सिंहपुर क्षेत्र से करीब छह किलोमीटर के दायरे में कोई भी राजकीय इंटर कॉलेज उपलब्ध नहीं है।ऐसे में ग्रामीण अंचल के किसान,मजदूर एवं गरीब तबके के विद्यार्थियों को या तो पढ़ाई छोड़नी पड़ती है या फिर महंगे निजी संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है,जो उनकी आर्थिक स्थिति के अनुकूल नहीं होता।स्थानीय नागरिक विनय दीक्षित,अशोक निर्मल,पूर्व प्रधान श्रीचंद चौरसिया,तथा वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि हरिकेश गौतम ने शासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि राजकीय हाई स्कूल सिंहपुर को तत्काल प्रभाव से इंटरमीडिएट विद्यालय में उच्चीकृत किया जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही 11वीं और 12वीं की शिक्षा सुलभ हो सके।हर वर्ष 10वीं उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को आगे की पढ़ाई को लेकर चिंता सताने लगती है।पढ़ाई बीच में छूटने से बेटियों की शिक्षा विशेष रूप से प्रभावित होती है,जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.राजेश कुमार द्विवेदी ने जानकारी दी है कि जैसे ही शासन से उच्चीकरण संबंधी दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे,विद्यालय को इंटरमीडिएट स्तर पर उच्चीकृत करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

# लेखनशाला की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



साहित्यिक रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने वाली संस्था लेखनशाला ने रविवार को रायबरेली के प्रभुटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में अपनी प्रथम वर्षगांठ बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाई।

कार्यक्रम का शीर्षक था – ÷एक साल की सफलता, एक यादगार जश्न÷, जिसमें रायबरेली सहित कई जनपदों व प्रदेशों से पधारे साहित्य प्रेमियों, लेखकों एवं विद्वानों ने भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित रहे प्रमुख मुख्य अतिथियों में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पुष्पा श्रीवास्तव शैली, साहित्य अध्यापक डॉ. कल्पना अवस्थी, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. संतलाल, डॉ. अशोक गौतम, संतोष विश्वकर्मा, अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव, आकाशवाणी से जुड़े आरजे अंकुर तिवारी, कवि अकबर, ज़मीर रायबरेलवी, भारत मौर्य, गोविंद ग़ज़ब, इंद्रेश भदौरिया, शिव बहादुर 'दिलबर', हरिगेंद्र सिंह, सूरज सिंह, अंशुमान सिंह, सौरभ सिंह, अजय सिंह सहित अनेक गणमान्य साहित्यप्रेमी शामिल थे। विशेष उपस्थिति में उमारमन, सचिन यादव, सचिन अवस्थी, उत्कर्ष श्रीवास, देवेंद्र, परमहंस मौर्या, आंचल मौर्या, अनुज मौर्या, सुमित यादव, अमित मौजूद रहे। संयोजक प्रदीप प्यारे ने लेखनशाला की आगामी योजनाओं और नवोदित लेखकों के लिए प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन किया आरजे अंकुर तिवारी ने कहा जिनकी प्रस्तुत शैली ने दर्शकों को पूरे समय बाँधे रखा। कार्यक्रम के अंत में लेखनशाला परिवार की ओर से सभी सम्माननीय अतिथियों, सहभागी रचनाकारों और साहित्य प्रेमियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश का रायबरेली में दिख रहा असर

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

रायबरेली में लगातार गंगा का बढ़ रहा जल स्तर, केंद्रीय जल आयोग कार्यालय के अनुसार एक सेंटीमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से बढ़ रहा गंगा का जल स्तर, गंगा घाटों के आस पास बनी अस्थायी चौकियों के पास पहुँचा गंगा का जल स्तर, गंगा कटरी क्षेत्रो में रहने वाले लोगो में मची खलबली, गंगा का लगातार बढ़ रहे जल स्तर को लेकर पंडा ने बताया अपना दुखड़ा, गंगा घाटों में स्नान करने के लिए बनाई गई बैरिकेटिंग गहरे पानी मे जाकर स्नान करने पर लगाई गई रोक भारत समाचार के रिपोर्टर के ग्राउंड जीरो पर जाकर लिया जायजा लगातार गंगा का जल स्तर बढ़ने से आस पास के रहने वाले लोगो की चिंताएं बढ़ी सरेनी के गेगासो व डलमऊ गंगा में लगातार बढ़ रहा गंगा का जल स्तर

# किसानों का सिंचाई विभाग के खिलाफ प्रदर्शन: रायबरेली में रजबहा की सफाई न होने से धान की रोपाई प्रभावित, नारेबाजी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

रायबरेली के शिवगढ़ में धान की रोपाई के समय शिवगढ़ क्षेत्र के गूढ़ा रजबहा में गौरन खेड़ा मजरे गोविन्दपुर से अलीपुर तक करीब 5 किलोमीटर में शिल्ट जमा होने के साथ ही जगह-जगह खरपतवार एवं झाड़ियां खड़ी होने से पानी नहीं पहुंच रहा है जिससे सैकड़ो किसान धान की रोपाई से वंचित हैं जिसको लेकर रविवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा।

आक्रोशित किसानों ने पुरबिया मजरे ओसाह के पास रजबहा की पुलिया के पास खड़े होकर सिंचाई विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सिंचाई विभाग मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। आक्रोशित किसानों का कहना है कि यदि 48 घण्टे के अन्दर रजबहा में खड़ी झाड़ियों और सिल्ट की सफाई करके रजबहा के अन्तिम छोर तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंचाया गया तो सिंचाई विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

कृषक रामराज सिंह, श्रीकांत दुबे, शीतला प्रसाद,विजय सिंह, रामचंद्र प्रजापति, राकेश प्रजापति, रामकृपाल, विमलेश सिंह आदि किसानों का कहना है कि सिंचाई विभाग द्वारा हर बार रजबहा की सफाई के नाम पर खेल किया जाता है।

जिसके चलते धान की रोपाई एवं सिंचाई के समय रजबहा में पानी की जगह सिल्ट जमा होने के साथ ही बड़ी-बड़ी झाड़ियां खड़ी रहती है। दर्जनों शिकायतों के बावजूद सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुम्भकर्णी नींद में सोते रहते हैं। किसानों का कहना था कि सिंचाई विभाग की लापरवाही से रजबहा में पानी न आने से क्षेत्र के बाबूखेड़ा, नेवाजी खेड़ा, पुरबिया, अकोहरी, कुम्हारन का पुरवा, नेवलगंज, पुरानगंज, ओसाह, रामपुर आदि गांवों के सैकड़ो किसान धान की रोपाई से वंचित है। किसानों का कहना है कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने का तो ढिंढोरा पीटती है किन्तु किसानों की दुर्दशा पर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। धान की रोपाई के समय सिंचाई विभाग की लापरवाही से सैकड़ों किसान प्रभावित है किसानों की जीविका पर संकट की बादल मड़रा रहे हैं। इस बाबत जब जेई प्रवीण कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी मैं जल्द ही आया हूं पिछले वर्ष गूढ़ा रजबहा की आगे सफाई नहीं हुई थी। रजबहा में जमा शिल्ट और खड़ी झाड़ियों के संदर्भ में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। हेड़ से टेल तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# अयोध्या के सावन मेले की सुरक्षा रहेगी अभेद्य, निगरानी के लिए रामनगरी में टी–थर्ड ड्रोन तैनात

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



4श्स्त्रद्ध4ड्ड स्ड्ड1ड्डठ्ठ स्न्द्दद्यड्ड क्क्द्द्रश्चड्डह्लड्डह्लद्बश्ठ्ठ जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से शनिवार को अयोध्याधाम क्षेत्र का निरीक्षण किया। नागेश्वरनाथ रामकी पैड़ी मणि पर्वत सहित अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर अधिकारियों ने सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में रणनीति तय की। सुरक्षा को बेहद सख्त रखने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग

संवाद सूत्र, जागरण ~ रामनगरी अयोध्या में सावन मेला में निगरानी बेहद सख्त होगी। सुरक्षा के कड़े इंतजाम होंगे। इस बार यहां की सुरक्षा को बेहद सख्त रखने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।

श्रावण मास में कांवड यात्रा एवं अयोध्याधाम मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए पहली बार टी-थर्ड ड्रोन कैमरा यहां तैनात किया गया है। टी-थर्ड ड्रोन अधिक ऊंचाई पर जाकर एक स्थान पर स्थित रह कर अधिक से अधिक क्षेत्र की स्पष्ट तस्वीरें सीधे कंट्रोल रूम को भेजने में सक्षम है। इसका उपयोग महाकुंभ में किया गया था। इसके बाद रामनगरी में इसका उपयोग किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। यहां पर इस बार सावन मेला के लिए बड़ी संख्या में अतिरिक्त फोर्स भी उपलब्ध कराई जाएगी। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर प्रमुख तिथियों पर यातायात डायवर्जन भी किया जाएगा, जिसकी रूपरेखा तैयार हो रही है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से शनिवार को अयोध्याधाम क्षेत्र का निरीक्षण किया। नागेश्वरनाथ, रामकी पैड़ी, मणि पर्वत सहित अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर अधिकारियों ने सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में रणनीति तय की। जिले के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने सावन मेला की तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। नागेश्वनाथ मंदिर के पास प्रभारी मंत्री ने डीएम, एसएसपी और नगर आयुक्त से मेला व्यवस्था को लेकर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मां की डांट से छुब्द होकर घर से भागा बेटा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

रायबरेली के शिवगढ़ नगर पंचायत में एक मां की डांट से नाराज होकर घर से भागे किशोर को पुलिस ने बरामद कर लिया है। रिंकू शुक्ला के 13 वर्षीय बेटे नितिन शुक्ला को मंगलवार की रात मां ने डांटा था। इससे नाराज होकर नितिन रात 1 बजे घर से चला गया।

परिवार ने काफी खोजबीन की। जब कहीं पता नहीं चला तो शिवगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने परिजनों के साथ मिलकर नितिन की तलाश शुरू की। शुक्रवार की शाम को पुलिस ने नितिन को बछरावां रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया।

शनिवार को पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी करके नितिन को उसके परिवार को सौंप दिया। तीन दिन बाद बेटे को पाकर मां रिंकी शुक्ला ने उसे गले से लगा लिया। बेटे की वापसी से परिवार में खुशी लौट आई। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# अयोध्या में रेलवे ट्रैक पर गिरा निर्माणाधीन ओवरब्रिज का गाटर, ओएचई लाइन को नुकसान, टला हादसा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



अयोध्या में हलकारा का पुरवा रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज से गाटर गिर गया जिससे ओएचई क्षतिग्रस्त हो गया और रेल यातायात बाधित हुआ। क्रेन की सीलिंग टूटने से हुआ हादसा जिसमें श्रमिक बाल-बाल बचे। रेलवे सुरक्षा बल और राहत टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू किया और यातायात बहाल करने का प्रयास किया।

रेलवे क्रॉसिंग पर गाटर गिरने से क्षतिग्रस्त हुई ओएचई को ठीक करती रेलवे की टेक्निकल टीम।- जागरण

संवाद सूत्र, अयोध्या। रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज में लगा गाटर निकालते समय भारी भरकम लौहखंड रेलवे ट्रैक पर गिर गया। इस हादसे में ओवर हेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) को काफी नुकसान पहुंचा, जिसके चलते रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। रेलवे सुरक्षा बल ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। ब्लॉक लेकर मरम्मत शुरू करा दी गई है।

घटना अयोध्याधाम जंक्शन एवं दर्शननगर रेलवे स्टेशन के बीच हलकारा का पुरवा रेलवे क्रॉसिंग की है। गनीमत रही कि, जब यह हादसा हुआ इस समय ब्लॉक चल रहा था, अन्यथा फर्म की इस लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था। हलकारा का पुरवा रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार दोपहर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का गाटर क्रेन से उतारा जा रहा था। अचानक क्रेन की सीलिंग टूट गई, जिससे फिसल कर गाटर ओएचई को तोड़ते हुए ट्रैक पर गिर गया। हादसे से रेल मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। घटनास्थल पर काम कर रहे श्रमिक बाल-बाल बच गए। गाटर गिरने की तेज आवाज से आसपास के लोग भी सहम गए। सभी मौके पर पहुंच गए। हादसे की सूचना मिलते ही आरपीएफ, इंजीनियरिंग विभाग और राहत टीम मौके पर पहुंची। ट्रैक पर गिरे गाटर को हटाने और ट्रेनों के संचालन को बहाल करने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। ओएचई टूटने से ट्रैक की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गयी। टेक्निकल टीम क्षतिग्रस्त पोल और तारों की मरम्मत में जुटी है। हलकारा का पुरवा में रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। इसी के तहत मंगलवार को गाटर लगाया जा रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ।

# शहर में राणा नगर टेंपो स्टैंड पर अवैध वसूली का मामला फिर गरमाया

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

टेंपो चालकों का गुस्सा एक बार फिर फूट पड़ा है। बीते दिनों टेंपो चालकों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर इस मुद्दे पर जोरदार प्रदर्शन किया था और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। कुछ दिन के लिए अवैध वसूली पर विराम जरूर लगा, लेकिन अब एक बार फिर से वसूली का सिलसिला शुरू हो गया है। आज गुस्साए चालकों ने राजघाट के पास दर्जनों टेंपो खड़े कर चक्का जाम कर दिया। चालकों का कहना है कि नगर पालिका की ओर से सिर्फ ?35 की रसीद कटनी चाहिए, लेकिन ठेकेदार द्वारा जबरन ?50 से ?80 तक वसूले जा रहे हैं। चालकों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी प्रकार की अवैध वसूली न हो, लेकिन रायबरेली में ये निर्देश बेअसर नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि यह अवैध वसूली उनकी रोजी-रोटी पर सीधा हमला है।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 14 जुलाई, 2025





**परशुरामपुर थाना क्षेत्र में धधक रही...**

बस्ती जिले के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक अभिनंदन की सख्त निर्देश के बावजूद भी परशुरामपुर पुलिस की नाकामी के चलते थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों के हौसले... शेष पेज 10 पर...

# होजरी कारोबारी के घर तीन बदमाशों का धावा, बच्ची को पिस्टल लगाकर की लूट





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

छोटे मियां के हाते में शनिवार रात एक बजे होजरी कारोबारी के घर घुसे नकाबपोश तीन बदमाशों ने बच्ची के पिस्टल लगाकर महिला के जेवरात और मोबाइल लूट लिया। महिलाओं के शोर मचाने पर इलाके के लोग जागे तो वह बैग छोड़कर भाग गए। इससे बैग में रखा माल बच गया। कर्नलगंज इंस्पेक्टर के साथ एसीपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। होजरी कारोबारी सालिम खान ने बताया कि शनिवार रात वह घर पर नहीं थे। जीने का दरवाजा खुला था। देर रात करीब एक बजे दरवाजे पर आवाज हुई तो बड़े बेटी ने दरवाजा खोल दिया। इस पर नकाबपोश तीन बदमाश घर में घुस आए और अंदर से कुंडी लगा ली। तीनों टोपी भी लगाए थे। इससे चेहरा समझ में नहीं आ रहा था। उन्होंने तीन वर्षीय बच्ची के कनपटी पर पिस्टल लगा दी और पत्नी को धमकाया कि यह खिलौना नहीं, पिस्टल है। गोली चली तो जान से जाओगी। घर में जितना नकदी और जेवर रखा है, काले बैग में भर दो। दो बदमाशों ने सालिम की पत्नी के कंगन समेत अन्य जेवरात उतरवाकर मोबाइल लूट लिया। बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी खोलने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इधर महिलाओं के शोर मचाने पर बदमाश धमकाते हुए भाग निकले। जाते समय वह बैग नहीं ले जा पाए। बैग में काफी सामान रख लिया था। सूचना पर एसीपी कर्नलगंज अमित चौरसिया और कर्नलगंज इंस्पेक्टर रवींद्र श्रीवास्तव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। एडीसीपी सेंट्रल राजेश पांडेय के अनुसार चोर कुछ भी सामान नहीं ले जा सके हैं। एक मोबाइल फोन लेकर भागे थे, लेकिन कुछ दूरी पर उसे फेंक दिया। सीसीटीवी फुटेज से उनकी तलाश की जा रही है, किसी परिचित के शामिल होने के आसार हैं।

एडीसीपी सेंट्रल के अनुसार पीड़ित से तहरीर मांगी है, लेकिन शाम तक तहरीर नहीं दी।

आरोपियों की शिनाख्त के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम पर 15 युवकों से ठगी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

वैत में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बिहार, पूर्वांचल के 15 युवकों से छह लाख रुपये ठग लिए। फोन न उठने पर पीड़ित स्वरूपनगर स्थित ऑफिस पहुंचे, तो ताला लटका मिला। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है। बताया कि वह लोग गुजरात के जामनगर, राजस्थान के पंचपतरा, पानीपत आदि स्थानों पर रिफाइनरी में काम करते हैं। 15 मई को कंपनियों के बाहर कुवैत में नौकरी के लिए कुछ लोगों ने पर्चे बांटे थे। उन लोगों ने पर्चों में दिए नंबर पर बात की। इस पर बात करने वाले ने कल्पना इंटरनेशनल से शुभम राणा और विवेक तिवारी बताया। उन्होंने अपना ऑफिस स्वरूपनगर में होने की बात कही। उन लोगों को ड्राइवर, प्लंबर, गैस कटर, फिटर, कुक आदि 30 पदों पर कुवैत में कंपनी में अच्छी सैलरी देने की बात कही थी। उन लोगों से दस्तावेज स्वरूपनगर ऑफिस में युवती को भेजने के लिए कहा गया। दस्तावेज भेजने के बाद वीजा, वेरिफिकेशन और स्टांप के नाम पर खातों में प्रति युवक 40 हजार रुपये मांगे गए।

# खेल-खेल में बच्चें ने फांसी का फंदा लगाकर मौत को लगाया गले

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में एक मासूम की खेल-खेल में मौत हो गई। बच्चों की मौत लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। कि आखिरकार खेल-खेल में वाटर लेवल पाइप से बच्चे ने फांसी का फंदा लगाया या कोई और रही वजह , फिलहाल मासूम बच्चे की मौत हो चुकी है परिवार में मातम का माहौल है। भाई पूरे मामले में कल्याणपुर थाना पुलिस का कहना है की परियां द्वारा किसी तरीके की कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है फिर भी घटना को लेकर जांच पड़ताल पूछताछ कारी जा रही है।प्रथम दृष्टिक घटना खेल-खेल में हुई है ऐसा प्रतीत होता है।

कानपुर नगर, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कश्यप नगर निवासी ओमप्रकाश शर्मा मजदूरी करते हैं परिवार में पत्नी सपना व तीन बेटे टिंकू 15 वर्ष अंकित 13 वर्ष वह नारायण तीन वर्ष हैं पिता ओमप्रकाश ने बताया कि कल सुबह काम के सिलसिले में मस्वानपुर स्थित अस्पताल गए थे बड़ा बेटा टिंकू निजी काम से घर से बाहर गया था दोपहर करीब 3ः00 बजे सपना घर पर काम निपटाने के बाद सोने चली गई थी ओमप्रकाश ने बताया कि अंकित दोपहर को उन्हें खाना देने अस्पताल आया और फिर घर लौट आया घर पहुंचने पर वह छोटे भाई नारायण व पड़ोस के बच्चों के साथ घर की छत पर खेलने चला गया और खेल-खेल में अंकित ने वाटर लेवल पाइप से छत पर लगे रोशनदान पर चढ़कर फांसी का फंदा लगा लिया कुछ ही देर में पाइप से गला कस्ता चला गया इस दौरान साथ खेल रहे बच्चे छत से भाग गए कुछ देर में टिंकू घर पहुंचा तो पड़ोसी बच्चे ने अंकित के छत पर होने की बात कही टिंकू छत पर पहुंचा तो देखा अंकित का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था उसने शव को उतार कर पड़ोस में रहने वाली किराएदार आरती व मां को जानकारी दी।

सूचना पर पहुंचे परिजन अंकित को निजी अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टर ने मासूम बच्चे को मृत्यु घोषित कर दिया। घटना के बाद मौका पर पहुंची पुलिस में फिलहाल मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच पड़ताल शुरू करी है आखिरकार मासूम गले में यह वाटर लेवल पाइप किस तरीके से कस गया। कहीं आपस में बच्चों के खेलते समय ये कोई खेल खेल की घटना है या कुछ और ?

# महंगे शौक पूरे करने के लिए राष्ट्रीय खिलाड़ी बने लुटेरे, चार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



अपार्टमेंट में रहने जैसे महंगे शौक और गर्लफ्रैंड के चक्कर में हैंडबॉल और हॉकी के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी लुटेरे बन गए। कॉलेज स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेल चुके इन खिलाड़ियों ने साथियों संग मिलकर रैकेपुर में शिवली के व्यापारी को लूटा था। सचेंडी पुलिस ने रविवार को फतेहपुर निवासी दिनेश कुमार उर्फ सीटू यादव, अभिषेक कुमार, श्रेयांस सिंह और रायबरेली निवासी उत्कर्ष को गिरफ्तार का लूट का खुलासा कर दिया। उत्कर्ष हॉकी और श्रेयांस हैंडबॉल का खिलाड़ी है। उत्कर्ष बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) और श्रेयांस बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीएस) का छात्र है। कानपुर देहात के शिवली निवासी संकेत त्रिपाठी का गिफ्ट पैकिंग का काम है। 11 जुलाई को दिल्ली से माल लेकर लौटते समय रावतपुर में रात ढाई बजे एक सफेद रंग की कार खड़ी मिले। इसमें चार लोग बैठे थे। उन्होंने शिवली जाने की बात कही तो वह बैठ गए। रैकेपुर चौकी के पास सुनसान जगह देखकर शातिरों ने मारपीट कर नकदी, सामान और मोबाइल छीनकर यूपीआई के माध्यम से 15 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए।

एडीसीपी वेस्ट कपिल देव सिंह ने बताया कि सचेंडी पुलिस ने रविवार सुबह फतेहपुर निवासी दिनेश कुमार उर्फ सीटू यादव, अभिषेक कुमार, श्रेयांस सिंह और रायबरेली निवासी उत्कर्ष को बाबा मार्केट के पास से गिरफ्तार किया है। सभी शातिर गूबा गार्डन में एक अपार्टमेंट में किराये पर रहते हैं। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल कार और लूटे गए रुपये बरामद हुए हैं। दिनेश पर लूट, अपहरण और हत्या के प्रयास जैसे कई मामले दर्ज हैं। श्रेयांस पर एक मुकदमा दर्ज है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में सजेती थाना क्षेत्र के अलियापुर के पास हाईवे पर रविवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार मृतक अपराधिक किस्म का था। उसे सजेती पुलिस एक बार आर्म्स एक्ट में जेल भी भेज चुकी थी। साथ ही, वह शराब का आदि भी था। जानकारी के अनुसार, साढ थाना क्षेत्र के शूलपुर निवासी नितिन उर्फ मोहित सचान (25) की शादी नहीं हुई थी। उसके पिता का निधन हो चुका था। मां शिखा वृद्धा आश्रम में रह रही है। पुलिस के अनुसार उसने अपनी तीन बीघे जमीन भी बेच डाली थी। उसका अज्योरी गांव में ही रहता था। रविवार को भी वह अज्योरी से घाटमपुर की ओर बाइक से जा रहा था। तभी अलियापुर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि युवक अपराधिक किस्म का और नशे का आदी था। वह आर्म्स एक्ट में जेल भी जा चुका था। उस पर और भी कई मुकदमे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



## एक्सप्रेस खबरें...

### शटर का ताला काटकर सर्राफा दुकान में लाखों रुपए की चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के चौबेपुर कस्बे में शनिवार रात एक ज्वैलरी की दुकान में घुसे चोर लाखों रुपए के चांदी आभूषण सामान चोरी कर ले गए। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। चौबेपुर थाना व कस्बा निवासी नीतेश सोनी की चौबेपुर कस्बे में बंदी माता रोड पर कन्हैया ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी आभूषणों की दुकान है।,शनिवार देर रात शटर का ताला तोड़कर सराफा दुकान में घुस गए।, दुकान में रखे लगभग तीन लाख रुपये की चांदी तोड़ियां, पायल, वर्तन के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद होते दो युवक दिखे जिसमें से एक युवक दुकान के बाहर रखवाली करता नजर आया जबकि एक युवक दुकान के अंदर चोरी करने में जुटा था।,थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राठौर के मुताबिक चोरी प्रकरण की जानकारी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों की शिनाख्त में जुट गई है।

### इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में टट्टर काटकर उपकरण चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे में सोमवार/रविवार की रात अज्ञात चोरों ने कस्बे के एक इलेक्ट्रानिक दुकान का टट्टर काटकर बिजली उपकरण का सामान चोरी कर ले गए। सुबह दुकान पर पहुंचे दुकानदार को चोरी घटना की जानकारी हो सकी। कस्बे के वार्ड नंबर 6 निवासी मोहम्मद राशिद की कस्बे में शिवली मार्ग टेम्पो स्टैंड जूनियर स्कूल के बगल में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है।, शनिवार शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात बांस के टट्टर से बनी दुकान में पीछे से सेंध लगाकर घुसे चोर 15 छोटी बड़ी बैटरी, इनवर्टर, कापर का तार, सीलिंग फैन, सीसीटीवी कैमरे व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए।पुलिस के मुताबिक तहरीर मिली है चोरी मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।, थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार शर्मा के मुताबिक मामले में पुलिस की टीम जांच कर कुछ संदिग्ध युवकों से पूछताछ में जुटी है।

### बिल्हौर एसडीएम एसीपी ने तहसील क्षेत्र के गंगा घाटों का सुरक्षा का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गंगा तट के सभी घाटों का निरीक्षण सुरक्षा के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सावन सोमवार के प्रथम सोमवार बहुत अधिक भीड़ होने की संभावना है जिसके चलते सुरक्षा में लगे जवान और सीसीटीवी कैमरा का बारीकी से निरीक्षण किया इस मौके पर बिल्हौर एसडीएम संजीव दीक्षित और एसीपी अमरनाथ यादव ने अरौल थानाध्यक्ष जनार्दन सिंह के साथ आंकिन घाट का निरीक्षण किया, बिल्हौर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार सरोज के साथ नानामऊ घाट मोहद्दीनपुर घाट का निरीक्षण किया। शिवराजपुर थानाध्यक्ष वरुण शर्मा के साथ खेरेश्वर के सरैया घाट, चौबेपुर थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राठौर के साथ बंदी माता गंगा घाट पर सुरक्षा के इंतजाम देखें वहीं पर सभी थानाध्यक्षों को एसीपी ने निर्देश दिए की रस्सी के भीतर ही सभी श्रद्धालु स्नान करें बाहर की तरफ कोई भी जाने की कोशिश करें तुरंत उसको बाहर निकाले और उस पर कड़ी कार्रवाई करें।

### कांवरियों के जल भरने वाले रास्ते की की गई मरम्मत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। परियर।** सदर तहसील के परियर गंगा तट से सावन माह में श्रद्धालु गंगा स्नान कर पूजा अर्चना कर जल भरते हैं। कांवड़ियों की टोली जलाभिषेक करने शिव मंदिरों के लिए इसी तट से जाते हैं। संबंधित विभाग ने रास्ते पर बने गड्ढों में मिट्टी भर दी थी। जिससे बरसात में कीचड़ की वजह से रास्ता और खराब हो गया था। कई कावरियों की टोली रास्ता व गंगा तट की स्थित देखते हुए पास के बिठूर गंगा तट जा कर जल भरने गए। शनिवार को कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने गंगा तट की तरफ गए थे। किंतु शायद रास्ता खराब होने से बीच रस्ते से ही वापस लौट गए थे।जिसके बाद संबंधित विभाग ने रविवार को गंगा तट जाने वाले रस्ते में बने गड्ढों को पाट कर खड़ंजा लगाना शुरू कर दिया।जिससे तीर्थ पुरोहितो को उम्मीद है जल्द रास्ता सही हो जाएगा।

### ग्रामीणों के चंदा से बना रास्ता बारिश में फिर से बहा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। परियर।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम पंचायत मरौंदा सूचित में तीन महीने पहले ग्रामीणों के चंदे से सीमेंट पाइप डाल कर बनाया गया रास्ता बारिश में फिर से बह गया है। जिससे 6 गांवों का संपर्क टूट गया है। मरौंदा सूचित में ग्रामीणों द्वारा चंदा जमा करके बना रास्ता भारी बारिश के कारण बह गया है। जिससे आसपास के कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया है। ग्रामीण इसके माध्यम से वे अपने दैनिक कार्य व कृषि कार्य के लिए आवागमन करते थे। अब रास्ता बह जाने से ग्रामीणों को दूसरे गांव का चक्कर लगा कर मजबूरन अपने कृषि कार्य आदि करने होंगे। कुछ ग्रामीण अधिक चक्कर न लगा कर उक्त रस्ते का जान जोखिम में डालकर उपयोग कर रहे हैं । दनकूखेड़ा,पंनपथा,गंगादीन पुरवा ,कटरी अल्लीपुर आदि गांवो के लोग प्रभावित है। ओम प्रकाश, मनोज, महेश, शिवसागर, गणेश, प्रभाकरआदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी गौरांग राठी से जल्द रास्ता सही कराने की मांग की है। ग्राम विकास अधिकारी विनय त्रिपाठी ने बताया यदि मनरेगा से बनने लायक होगी तो तुरंत काम शुरू करा दिया जाएगा।

### मुरे कंपनी पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे गिरा अनियंत्रित डंपर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कैंट थानाक्षेत्र में मुरे कंपनी पुल पर रविवार तड़के तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे गिर गया। हादसे में डंपर चालक व परिचालक घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार तड़के एक खाली डंपर कैंट से मालरोड नरोना चौराहे की तरफ जा रहा था। तभी अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए सेंट कैथरीन अस्पताल की तरफ करीब 40 फीट नीचे गिर गया। गनीमत रही कि पुल के नीचे ऑटो पार्ट्स की दुकानें बंद होने से भीड़ नहीं थी। जिससे बड़ा हादसा टल गया। वही डंपर के गिरने से चालक कानपुर देहात के रनियां निवासी कृष्णा घायल हो गया। साथ ही परिचालक पिंटू को भी चोटें आई हैं। सूचना पाकर मौके पर डंपर मालिक पहुंचा और चालक को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गया। उधर, पुलिस ने डंपर को क्रेन से हटवाकर रास्ता साफ कराया।

# तगादा करने गए शटरिंग ठेकेदार का पेड़ से लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सचेंडी थानाक्षेत्र में तगादा करने गए शटरिंग ठेकेदार का शव रविवार की सुबह रैकेपुर में नीम के पेड़ पर फंदे से लटकता मिला।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया।

कानपुर देहात के शिवली थानाक्षेत्र के फत्तेपुर गांव निवासी सुशील तिवारी का बेटा विकास तिवारी (28) शटरिंग ठेकेदार था। पिता के अनुसार, शनिवार दोपहर विकास तगादा करने गया था।

रात करीब 9ः30 बजे मां नीतू के फोन करने पर जल्द घर आने के लिए कहा। देर रात न लौटने पर फोन किया गया तो स्विच ऑफ बताने लगा। रविवार सुबह पुलिस ने रैकेपुर के पास फंदे पर शव लटके होने की सूचना दी।

फत्तेपुर से रैकेपुर की दूरी दो किमी है। मौके पर पहुंचे पिता सुशील, भाई उज्जवल और अन्य परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

सचेंडी और कल्याणपुर पुलिस ने पहुंचकर स्थिति संभाली और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया।

पिता के अनुसार, नौ हजार रुपये के तगादा के लिए पहले भी विवाद हुआ था।

सचेंडी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है।

# पारिवारिक उलझन के चलते मजदूर ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना अरौल अंतर्गत देवकली गांव पारिवारिक उलझन के चलते मजदूर ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या की पत्नी मेला देखने गई हुई थी। देवकली गांव निवासी 32 वर्षीय सर्वेश कुमार ने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। मृतक सर्वेश के परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं। एक बेटी को उनके मामा ने गोद ले लिया था। घटना ळे समय उनकी पत्नी बच्चों के साथ मायके में मेला देखने गई थी।मृतक सर्वेश के भाई आकाश ने बताया कि वह शराब का आदी था। शनिवार की शाम को भी वह शराब पीकर घर आया। बिना किसी से बात किए वह सीधे अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक कमरे से कोई आवाज न आने पर जब देखा गया तो वह छत के कुंडे मैं फांसी पर लटका मिला। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बलाई जंगल के सूखे कुएं में मृत मिला तेंदुआ, वनकर्मियों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



डेरापुर वन रेंज के बलाई जंगल में रविवार को सूखे कुएं में एक मृत तेंदुआ (नर) मिला। चरवाहों की सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। वन अधिकारी सेंगुर नदी के रास्ते कहीं से भटक कर तेंदुए के आने की बात कह रहे हैं। रविवार को चरवाहे मवेशी लेकर बलाई जंगल की ओर गए थे। कुछ चरवाहों ने पक्के कुएं में झांका तो अंदर तेंदुआ पड़ा था। उन्होंने अन्य लोगों को जानकारी दी। जानकारी पर वन रेंजर इस्तेखार अहमद अन्य कर्मियों संग पहुंचे।

पहले सूखे कुएं में जहरीली गैस की जांच की गई। इसके बाद रस्सी के सहारे वन कर्मी कुएं में उतरे। मृत तेंदुआ को रस्सी से बांधकर कुएं से बाहर निकाला। डेरापुर वन रेंजर इस्तेखार अहमद ने बताया कि तेंदुआ के शरीर पर कोई जाहिरा चोट का निशान नहीं मिला है। तेंदुआ की मौत एक दिन पहले होने का अनुमान है। उसकी आयु करीब तीन वर्ष आंकी गई है। मृत तेंदुआ नर है और उसकी लंबाई 1.15 मीटर है। जिस कुएं में तेंदुआ मृत मिला उसकी गहराई करीब 30 फीट है। उन्होंने बताया कि बलाई जंगल कटीले बबूल का है। इन जंगल में तेंदुआ नहीं पाया जाता है। अनुमान है कि तेंदुआ कहीं से सेंगुर नदी के किनारे के रास्ते होकर भटक कर यहां आ गया। शिकार करने के दौरान वह सूखे कुएं में गिर गया और बाहर नहीं निकल सका।

कहीं से भटक कर तेंदुआ डेरापुर के बलाई जंगल में पहुंच गया। वहां सूखे कुएं में मृत मिला है। तेंदुआ की मौत की वजह पोस्टमार्टम में साफ होगी। सोमवार को पशुचिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।

# युवक का फंदे से लटका मिला शव

## प्रेमी के परिजनों पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस



### चौकी में नहीं हुई कोई सुनवाई

बीते 10 जुलाई को प्रेमिका के भाई ने उसे बहाने से अपने घर बुलाया। यहां उसके पिता भाई और मामा समेत कई लोगों ने बेरहमी से पिटाई की। परिजनों का आरोप है कि सुरेश पर धारदार हथियार से हमला करने से वह लहूलुहान हो गया था। घटना के बाद सुरेश ने पूरी बात परिजनों को बताई,, तो परिजनों ने पुलिस ने शिकायत की। आरोप है कि सनिगवां चौकी में कोई सुनवाई नहीं हुई।

### प्लॉट में फंदे से लटका मिला शव

परिजनों ने सुरेश का कांशीराम अस्पताल में इलाज कराया था। शिवा का आरोप है कि 11 जुलाई को लड़की के घरवालों ने लड़के को एक बार फिर से कमरा बंद कर पीटा। जान से मारने की धमकी दी थी। इधर, शनिवार शाम को सुरेश का अपने प्लॉट में शव फंदे से लटका मिला। परिजनों ने प्रेमिका के घर वालों पर पीट-पीटकर हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां सजारी गांव में युवक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने प्रेमिका के भाई, पिता मामा समेत आठ लोगों पर पीट-पीटकर हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। चकेरी पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल कर रही है। सजारी गांव निवासी सुरेश उर्फ राजा राजपूत (20) राजमिस्त्री का काम करता था।

परिवार में पिता सूबेदार, मां फूलमती, तीन भाई और दो शादीशुदा बहनें है। छोटे भाई शिव ने बताया कि उन्होंने घर से एक किलोमीटर की दूरी पर 112 वर्ग गज का एक प्लॉट बनाया बनवाया था। इसमें सोने के लिए रात में सुरेश जाता था और वह सुबह फिर वापस आ जाता था। वहीं, दिन में ताला बंद रहता था। परिजनों का कहना है कि उसके एक युवती से प्रेम संबंध थे।



## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के गुरु संतोष द्विवेदी का निधन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के आध्यात्मिक गुरु और प्रतिष्ठित संत, संतोष द्विवेदी का 80 वर्ष की आयु में शनिवार रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर से उनके हजारों भक्तों और शिष्यों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका पार्थिव शरीर थोड़ी देर बाद श्याम नगर स्थित उनके आश्रम से बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट के लिए अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाएगा। गुरुजी के निधन की सूचना मिलते ही उनके श्याम नगर स्थित आवास और आश्रम के बाहर देर रात से ही भक्तों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा है। लोग अपने पूज्य गुरु के अंतिम दर्शन और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रातभर से ही आश्रम के बाहर भजन-कीर्तन और हरे राम हरे कृष्णा का जप इसे देखते हुए चकेरी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली है। आश्रम से लगभग 200 मीटर की दूरी पर आने और जाने वाले रास्तों को फिलहाल ब्लॉक कर दिया गया है ताकि व्यवस्था बनी रहे। वहीं, हरिहर धाम पार्क के बाहर भी बड़ी संख्या में भक्त गुरु जी के अंतिम दर्शन के लिए कतार में हैं। गुरुजी के निधन की खबर सुनकर कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति भी उनके आश्रम पर पहुंचने लगे हैं। रविवार सुबह 9ः46 बजे पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया भी श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे है। इसके अलाव अन्य गणमान्य लोग भी पहुंच रहे हैं। संतोष द्विवेदी का अंतिम संस्कार बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट पर किया जाएगा। हालांकि, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। बता दें कि संतोष द्विवेदी का जीवन समाज और अध्यात्म के लिए एक आदर्श था, और उनके जाने से भक्तों में गहरा शोक है।

*एक्शन काउंसिल और उसके परिवार ने पीड़िता के परिवार से रक्त-धन (दियाह) स्वीकार करने के लिए बातचीत करने के प्रयास किए हैं, जिससे उसकी जान बच सकती है, लेकिन चल रहे गृहयुद्ध और अन्य आंतरिक अशांति के कारण इन वार्ताओं को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।* -केसी वेणुगोपाल





**सावन का पहला सोमवार आज...**

सावन मास के आरंभ होते ही और सावन का पहला सोमवार होने के कारण आज से शिव भक्तों का रेला सड़कों पर दिखने लगेगा। हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली एनसीआर की सीमाओं से गुजरने वाले कावड़ियों के मार्गों पर कोई विघ्न बाधा नहीं उत्पन्न हो उसके लिए प्रशासन...

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# पूरी दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है मुस्लिम आबादी

**रिपोर्ट कहती है कि मुस्लिमों में धर्म छोड़ने वालों की संख्या और अन्य धर्मों से इस्लाम अपनाने वालों की संख्या लगभग बराबर है। यानी धार्मिक स्विचिंग का असर नगण्य है, जिससे शुद्ध जनसंख्या वृद्धि केवल जन्म के कारण होती है। इसके अलावा, रिपोर्ट के मुताबिक केवल 1त्न वयस्क ही अपने जन्मजात धर्म से अलग होकर अन्य धर्म अपनाते हैं, विशेष रूप से हिंदू और मुसलमान, इन दोनों समुदायों में धर्म-परिवर्तन की दर अत्यंत कम है। यह रिपोर्ट दर्शाती है कि आने वाले दशकों में विश्व की धार्मिक जनसंख्या संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं।**

*अक्सर कहा जाता है कि भारत में मुस्लिमों की जनसंख्या में तेज वृद्धि हो रही है लेकिन अब जो आंकड़े सामने आये हैं वह दर्शा रहे हैं कि पूरी दुनिया में मुस्लिम आबादी में सबसे तेज वृद्धि हो रही है। आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि अगर यही रुझान जारी रहे तो 2050 तक मुस्लिम और ईसाई आबादी लगभग बराबर हो सकती है और 2070 के बाद मुस्लिम जनसंख्या ईसाइयों से आगे निकल सकती है। यह परिवर्तन न केवल सांख्यिकीय रूप से बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टि से भी पूरे विश्व को प्रभावित करेगा। हम आपको बता दें कि प्यू रिसर्च सेंटर की एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट "How the Global Religious Landscape Changed From 2010 to 2020 ने वैश्विक धार्मिक जनसांख्यिकी में हो रहे व्यापक परिवर्तनों की तस्वीर सामने रखी है। इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला धार्मिक समुदाय मुस्लिम समुदाय है। रिपोर्ट के मुताबिक 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या में हुई वृद्धि ने अन्य सभी धर्मों को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट कहती है कि 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या 347 मिलियन (34.7 करोड़) बढ़ी, जोकि अन्य सभी धर्मों की सम्मिलित वृद्धि से भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक मुस्लिम जनसंख्या का प्रतिशत 23.9त्न से बढ़कर 25.6त्न हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से युवा आबादी और उच्च प्रजनन दर के कारण हुई। रिपोर्ट कहती है कि 2010 में ईसाई वैश्विक आबादी का 30.6त्न थे, जो 2020 में घटकर 28.8त्न रह गए। इस गिरावट का मुख्य कारण था धार्मिक त्याग, जिसमें खासतौर पर लोग पश्चिमी देशों में ईसाई धर्म को छोड़ रहे हैं। वहीं रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक हिंदू आबादी लगभग 1.2 अरब हो गई है (2010 में 1.1 अरब थी), यानी 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि हिंदुओं का वैश्विक प्रतिशत 15 प्रतिशत से मामूली घटकर 14.9 प्रतिशत हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं की प्रजनन दर वैश्विक औसत के अनुरूप है और धर्मांतरण की दर भी बहुत कम है। रिपोर्ट के मुताबिक 2020 तक दुनिया के 95 प्रतिशत हिंदू भारत में रहते हैं। इसके अलावा, 'नो-रिलिजन' वर्ग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। धार्मिक रूप से असंलग्न लोगों की संख्या 270 मिलियन बढ़कर 1.9 अरब हो गई है और इनका वैश्विक हिस्सा 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो गया है। वहीं प्रमुख धर्मों में केवल बौद्ध धर्म की आबादी 2010 की तुलना में 2020 में कम रही। 2010 में बौद्ध वैश्विक जनसंख्या का 4.9 प्रतिशत थे, पर 2020 में यह घट गया। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हिंदुओं की आबादी 2010 के 80 प्रतिशत से घटकर 2020 में 79 प्रतिशत हो गई है। वहीं भारत में मुस्लिम आबादी 2010 के 14.3 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 15.2 प्रतिशत हो गई है। यह वृद्धि भी मुख्य रूप से प्रजनन दर और युवा जनसंख्या के कारण है, न कि धर्मांतरण से। हालांकि भारत में मुस्लिमों की यह वृद्धि अन्य दक्षिण एशियाई देशों जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश की तुलना में धीमी है, पर फिर भी यह एक महत्वपूर्ण सांख्यिकीय परिवर्तन है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 में दुनिया की कुल मुस्लिम आबादी में से 35 प्रतिशत मुसलमान 15 वर्ष से कम आयु के थे। उल्लेखनीय है कि इतनी युवा जनसंख्या होने के कारण जन्म दर अधिक बनी रहती है, जिससे आबादी तेजी से बढ़ती है। साथ ही मुस्लिम महिलाओं की औसत प्रजनन दर अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में अधिक है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति और विपक्षी एमवीए दोनों ही आंतरिक मतभेदों से घिरे हुए हैं। राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर, आगामी समय में महाराष्ट्र की राजनीति में और अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे और उनका प्रदर्शन राजनीति में उनका भविष्य भी तय करेगा। इसके अलावा एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या ये दोनों स्थानीय चुनाव अकेले लड़ेंगे या एमवीए के सहयोगी कांग्रेस और शरद पवार के साथ मिलकर लड़ेंगे। चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा हताशा में अपनाया गया यह अंतिम उपाय है।**

# पंजाब में तेजी से बिगड़ रही कानून-व्यवस्था



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**आंकड़े बताते हैं कि तेजी से हो रहे शहरीकरण, अन्य कारकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और बिहार से पंजाब और चंडीगढ़ की ओर युवा पीढ़ी के बढ़ते पलायन के कारण भी गंभीर और घातक अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। जिन व्यवसायों में स्थानीय लोगों की विशेषज्ञता है, उनमें बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जैसी मांगें राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उठने लगी हैं।**

पंजाब में तेजी से बिगड़ती कानून-व्यवस्था, महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे का गठबंधन और बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और उस पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय प्रमुखता से रखी है। सूबे की कानून व्यवस्था पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून अपने संपादकीय पंजाब में बढ़ता अपराध में लिखता है- अबोहर के व्यापारी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हत्या और मोगा के एक क्लीनिक में अभिनेत्री तानिया के पिता की गोली मारकर हत्या ने एक तरह से यह उजागर कर दिया है कि किस तरह संगठित अपराध राज्य में आपराधिक गतिविधियों को आसानी से अंजाम दे रहा है। अखबार लिखता है शिक्षित युवाओं में बेरोज़गारी, नशे की लत व जल्दी पैसे कमाने का लालच कई पंजाबी युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। पंजाब में आपराधिक-आतंकवादी गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रहा; यह अंतर्राष्ट्रीय, तकनीकी रूप से सक्षम और वैचारिक रूप से अस्थिर हो गया है। यह संकट जितना लंबा चलेगा, पंजाब के भविष्य को पटरी पर लाना उतना ही मुश्किल होता जाएगा। जालंधर से प्रकाशित %पंजाबी जागरण% लिखता है- पंजाब पिछले कुछ समय से आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के कारण सुर्खियों में है। अबोहर में हुई एक घटना ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक समूह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के ज़रिए इस घटना की जिम्मेदारी ली है। ऐसा नहीं है कि राज्य में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना आम बात है। अबोहर की घटना ने पंजाब में जबरन वसूली के बढ़ते मामलों पर भी प्रकाश डाला है। जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है। जालंधर से प्रकाशित रोजाना पंजाब टाइम्स लिखता है– वर्ष 2023-24 की रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब में जबरन वसूली और धमकियों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। पंजाब पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 से फरवरी 2023 तक जबरन वसूली और धमकी के 278 मामले दर्ज किए गए, जो मार्च 2023 से दिसंबर 2023 तक बढ़कर 307 हो गए। यह वृद्धि समाज और पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रही है। अखबार लिखता है, सिद्धू मूसेवाला की हत्या ने संगठित अपराध की गंभीरता को उजागर किया, लेकिन इसके खि़लाफ़ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। जबरन वसूली की घटनाओं ने पंजाब के व्यापारियों और छोटे उद्योगपतियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। कई व्यापारी और



**उनकी लड़ाई केवल भगवा पार्टी के खिलाफ ही नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली आधिकारिक शिवसेना के खिलाफ भी है। ठाकरे बंधुओं के पुनर्मिलन का मतलब है कि शिंदे अब मराठी वोट को हल्के में नहीं ले सकते।**

कलाकार धमकियों के कारण अपना व्यवसाय या पेशा छोड़ने की सोच रहे हैं। इसका राज्य की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। चंडीगढ़ से प्रकाशित रोजाना स्पोक्समैन लिखता है, इस साल अब तक चंडीगढ़ में हत्या के 15 मामले दर्ज किए गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि तेजी से हो रहे शहरीकरण, अन्य कारकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और बिहार से पंजाब और चंडीगढ़ की ओर युवा पीढ़ी के बढ़ते पलायन के कारण भी गंभीर और घातक अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। जिन व्यवसायों में स्थानीय लोगों की विशेषज्ञता है, उनमें बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जैसी मांगें राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उठने लगी हैं। पंजाब और चंडीगढ़ को भी अब इस दिशा में कुछ सार्थक कदम उठाने की ज़रूरत है। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा है- अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। चंडीगढ़ से प्रकाशित देशसेवक लिखता है- छोटी-मोटी बाधाओं के बावजूद, चुनाव आयोग ने न केवल देश में, बल्कि दुनिया में भी सम्मान अर्जित किया है। बिहार चुनावों में चुनाव आयोग के सामने अपनी ईमानदारी बचाने की चुनौती है। जालंधर से प्रकाशित अज दी आवाज लिखता है बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। रसूखदारों और कारोबारियों की हत्याओं की घटनाओं ने राज्य सरकार की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। युवा बेरोजगार हैं और आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में नीतीश कुमार ने भी अन्य राजनेताओं की तरह चुनाव के दौरान जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े ऐलान किए हैं। अखबार आगे लिखता है, बिहार सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत के लिए चुना गया समय उसकी ईमानदारी पर सवाल उठा रहा है। अगर सरकार वाकई लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर और सजग होती, तो ये घोषणाएं एक-दो साल पहले ही की जा सकती थीं। यह तो समय ही बताएगा कि सरकार के अंतिम दिनों में मतदाताओं को लुभाने के लिए की गई घोषणाएं कारगर साबित होती हैं या नहीं। महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे के गठबंधन पर जालंधर से प्रकाशित अज दी आवाज लिखता है- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने के फैसले ने दोनों चचेरे भाइयों, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को करीब आने का अवसर दिया। ऐसा लगता है मानो दोनों नेता साथ आने के मौके का इंतज़ार कर रहे थे। फिलहाल, ये दोनों पार्टियां अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं। ठाकरे भाइयों का तात्कालिक लक्ष्य प्रतिष्ठित मुंबई नगर निगम में पैर जमाना है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति और विपक्षी एमवीए दोनों ही आंतरिक मतभेदों से घिरे हुए हैं। राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर, आगामी समय में महाराष्ट्र की राजनीति में और अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे और उनका प्रदर्शन राजनीति में उनका भविष्य भी तय करेगा। इसके अलावा एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या ये दोनों स्थानीय चुनाव अकेले लड़ेंगे या एमवीए के सहयोगी कांग्रेस और शरद पवार के साथ मिलकर लड़ेंगे। चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है– शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा हताशा में अपनाया गया यह अंतिम उपाय है। शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के बेटे उद्धव और भतीजे राज ठाकरे अपनी राजनीतिक किस्मत चमकाने के लिए मराठी मानुष कार्ड पर भरोसा कर रहे हैं।

---

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 23:57 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 06:40 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | आयुष्मान, 16:10 |
| सूर्योदयः | 05:36 |
| सूर्यास्तः | 19:16 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 07:19-09:01 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### आग ना लगाओ !

*व्यर्थ की इन बातों को ।*
*मुद्दा ना बनाओ ।।*
*और भी हैं मुद्दे ।*
*उनको राह दिखाओ ।।*
*शांति और खुशहाली में ।*
*आग ना लगाओ ।।*
*क्या सही क्या ग़लत ।*
*जन जन तक पहुंचाओ ।।*
*तूल देने से बचो ।*
*बातें व्यर्थ वालीं ।।*
*बन रहा है कब से ।*
*पुलाव बस ख़याली ।।*
*हवा हवाई से केवल ।*
*है होता नुकसान ।।*
*देर हो रही होने में ।*
*पुनः विराजमान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या ज्यादा चॉकलेट खाने से पिंपल्स होते हैं?

**किसी** को गिफ्ट देना हो या स्पेशल फील कराना हो चॉकलेट का नाम दिमाग में सबसे पहले आता है। डार्क चॉकलेट में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो स्किन हेल्थ इंप्रूव करने में मदद करते हैं। इससे बॉडी में हैप्पी हार्मोन प्रड्यूज होते हैं मूड अच्छा रहता है। डार्क चॉकलेट को मेंटल हेल्थ और फिजिकल हेल्थ दोनों के लिए फायदेमंद माना जाता है। चॉकलेट के बारे में कई चीजें हम हमेशा से सुनते आए होते हैं। जैसे कि चॉकलेट खाने से ब्लड शुगर बढ़ सकती है या चॉकलेट वजन बढ़ाती है। इसी तरह कई लोग मानते हैं कि चॉकलेट खाने से एक्ने-पिंपल हो सकते हैं। लेकिन क्या ऐसा वाकई होता है?

**क्या चॉकलेट से मुंहासे हो सकते हैं?:** एक्सपर्ट बताते हैं कि कई वैज्ञानिक शोध में देखा गया है कि चॉकलेट खाने से उन लोगों में मुंहासों की समस्या बढ़ सकती है जिन्हें पहले से मुंहासे हैं। यह समस्या खासकर 18 से 35 वर्ष की उम्र के पुरुषों में ज्यादा देखी गई है। कुछ लोगों में चॉकलेट एक्ने-पिंपल ट्रिगर होने की वजह बन सकती है। लेकिन ये नहीं कहा जा सकता है कि चॉकलेट खाने के कारण एक्ने होते हैं। मुंहासों की समस्या उन खाद्य पदार्थों से जल्दी ट्रिगर होती है जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स हाई होता है, जैसे कि चीनी वाली चॉकलेट।



लेकिन अगर ऐसे में डार्क चॉकलेट खाई जाती है, तो ग्लाइसेमिक इंडेक्स और शुगर कम होने से यह सेहत को कम नुकसान करती है।

**चॉकलेट और मुंहासों में क्या कनेक्शन है?:** कई चॉकलेट में चीनी और फैट्स की मात्रा ज्यादा पाई जाती है। इसके कारण स्किन में इंफ्लेमेशन और ऑयल प्रोडक्शन बढ़ सकता है, जो एक्ने की वजह बन सकता है। लेकिन जिन चॉकलेट में कोकोआ ज्यादा होता है जैसे कि डार्क चॉकलेट, उन्हें मिल्क चॉकलेट के मुकाबले ज्यादा ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि इनमें एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं जो स्किन हेल्थ इंप्रूव करने में मदद करते हैं। इससे एक्ने-पिंपल होने की संभावना कम रहती है। चॉकलेट हमेशा मुंहासों का कारण नहीं बनती है। इसके अलावा भी कई अन्य कारण होते हैं जो एक्ने को ट्रिगर कर सकते हैं। स्किन टाइप क्या है, जेनेटिक रीजन और खानपान से जुड़ी आदतें एक्ने ट्रिगर होने की वजह बन सकती हैं। एक रिसर्च में यह भी देखा गया कि लगभग 27 प्रतिशत एक्ने प्रोन स्किन वाले लोगों ने चॉकलेट को एक्ने होने का कारण बताया है। लेकिन डेयरी प्रोडक्ट्स, मेयोनीज और दूसरे हाई फैट्स वाले खाद्य पदार्थों का जिक्र भी किया गया है।

**रिसर्च में क्या पाया गया है?:** रिसर्च में यह भी देखा गया कि न सिर्फ चीनी और दूध वाली चॉकलेट सेंसिटिव स्किन में एक्ने पैदा करती है, बल्कि एक्ने में अगर आप बिना चीनी और 100 प्रतिशत कोकोआ वाली चॉकलेट खाते हैं, तो भी इससे सेंसिटिव स्किन में एक्ने बढ़ सकते हैं।

**एक्सपर्ट टिप:** एक्सपर्ट के मुताबिक हर किसी पर इसका असर एक जैसा नहीं होता है। लेकिन एक्ने-प्रोन स्किन वाले लोगों को अपनी स्किन पर हर चीज के असर को नोटिस करना चाहिए। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि चॉकलेट और दूसरी डाइटरी हैबिट्स उनकी स्किन पर क्या रिएक्ट कर रही हैं। जरूरी नहीं है कि हर व्यक्ति को चॉकलेट खाने की वजह से एक्ने हो। लेकिन जिन लोगों को पहले से एक्ने हैं या होते रहते हैं उन्हें इसका खास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप कम मात्रा में चॉकलेट खाते हैं, तो यह आपके लिए नुकसानदायक नहीं होगी। एक्ने को बैलेंस्ड डाइट और लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स से कंट्रोल रखा जा सकता है।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# जल्द दिखेगा मोहन के जल गंगा संवर्धन अभियान का मप्र में असर



लोकेन्द्र सिंह

**जल गंगा संवर्धन अभियान को जनता के बीच ले गए हैं। यह प्रकृति, पर्यावरण एवं समाज के प्रति गहरी संवेदना का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 120वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को देश के लिए अत्यंत आवश्यक बताया था।**

**मध्य** प्रदेश में बूंद-बूंद की सुरक्षा के लिए प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी पहल है। निकट भविष्य में इसके सुखद परिणाम आने की उम्मीद है। माना जाता है कि शुभ प्रसंग पर शुभ संकल्प के साथ जब कोई कार्य प्रारंभ किया जाता है, तब उसकी सफलता के लिए प्रकृति एवं ईश्वर भी सहयोग करते हैं। प्रदेश सरकार ने गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक प्रदेशस्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। खुशी इस बात की है कि यह अभियान अब जनांदोलन में परिवर्तित हो गया है। सरकार को भी विश्वास नहीं रहा होगा कि जल संरक्षण जैसे मुद्दे को जनता का इतना अधिक समर्थन मिलेगा। यह कहने में अतिरेक नहीं है कि समाज ने इस अभियान को अपनी जिम्मेदारी के तौर पर स्वीकार कर लिया है। जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रेरित होकर प्रदेश में अनेक स्थानों पर जल स्रोतों को पुनर्जीवित और व्यवस्थिति किया गया है। वर्षा जल को एकत्र करने की रचनाएं बनाई गई हैं। इस अभियान को गति देने के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाबों, अमृत सरोवरों और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी किया गया है। इस अभियान में 2 लाख 39 हजार

**सरकार ड्रोन से सर्वेक्षण, वैज्ञानिक तरीके से जलग्रहण क्षेत्र की मैपिंग और भू-जल पुनर्भरण तकनीकों का उपयोग कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित करना भी है। सरकार ने इन स्रोतों की सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया है।**

जलदूतों का सक्रिय सहयोग मिला। इससे गांव-गांव, नगर-नगर और घर-घर सकारात्मक वातावरण बना। निसंदेह, यदि यह जनजागरुकता स्थायी हो जाए तो जल गंगा संवर्धन अभियान की सबसे बड़ी सफलता होगी। अभियान को शुरू करते समय सरकार ने जो लक्ष्य तय किया था, उससे कहीं अधिक परिणाम धरातल पर प्राप्त हुआ है। जल संरक्षण के लिए 38 हजार नए खेत तालाबों का निर्माण किया गया है। खंडवा जिले में 254 करोड़ रुपये की लागत से एक लाख से अधिक कुओं को रिचार्ज किया गया। इसके लिए खंडवा को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इंदौर संभाग ने स्वच्छता और जल संरक्षण में नंबर-एक का स्थान हासिल किया है। ये दो प्रमुख उदाहरण हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। समूचे मध्य प्रदेश में 70 हजार कुओं, बावड़ियों, नदियों और तालाबों का संरक्षण किया गया। यह भविष्य में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले हैं। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित हैं। याद हो कि प्रधानमंत्री जल संरक्षण के लिए जनांदोलन चलाने का आह्वान कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत कैच द रेन अभियान शुरू किया। खास बात यह है कि यादव इसी तर्ज पर जल गंगा संवर्धन अभियान को जनता के बीच ले गए हैं। यह प्रकृति, पर्यावरण एवं समाज के प्रति गहरी संवेदना का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 120वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को देश के लिए अत्यंत आवश्यक बताया था। अकसर सरकारी अभियान विज्ञापनों एवं कागजों में दम तोड़ देते हैं या फिर उनकी सफलता सोशल मीडिया तक सीमित रह जाती है। मगर मोहन का यह आंदोलन अपने वांछित लक्ष्य से आगे निकल रहा है। मुख्यमंत्री का इस अभियान से जुड़ाव इतना गहरा है कि उन्होंने अभियान की देखरेख के लिए सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी है। लोग बड़ी संख्या में श्रमदान कर पानी को बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन विशेष रूप से नदियों के किनारे देशी प्रजातियों के पौधे रोप रहा है। इससे भू जलस्तर बढ़ रहा है और मिट्टी को नुकसान से बचाया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया गया है। स्कूल और कॉलेजों में जल-संरक्षण पर जन-जागरण अभियान, रैलियां, निबंध प्रतियोगिताएं, जल संवाद और जल प्रहरी जैसी गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग और मूल्यांकन प्रणाली की व्यवस्था की गई है। सभी गतिविधियों की जीआईएस ट्रैकिंग और इंपैक्ट वैल्यूएशन किया जा रहा है। सरकार ड्रोन से सर्वेक्षण, वैज्ञानिक तरीके से जलग्रहण क्षेत्र की मैपिंग और भू-जल पुनर्भरण तकनीकों का उपयोग कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित करना भी है। सरकार ने इन स्रोतों की सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया है। यकीनन, इस अभियान के दूरगामी परिणाम अच्छे होंगे। मानसून की बरसात शुरू हो चुकी है। अब इसके और अधिक प्रभावी परिणाम दिखेंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### प्राथमिक विद्यालयों के विलय पर नोमान अली वारसी ने जताई नाराजगी



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ छात्र नेता नोमान अली वारसी ने प्राथमिक विद्यालयों के विलय के निर्णय का विरोध करते हुए राज्यपाल उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने इस योजना को ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक बताया है।नोमान वारसी ने अपने पत्र में लिखा कि विद्यालयों का विलय होने से छात्र-छात्राओं को लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ेगी, बल्कि स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा विलय के बाद स्कूलों में छात्रों की संख्या अधिक हो जाएगी, जिससे शिक्षण गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने मांग की है कि यह योजना तत्काल वापस ली जाए, अन्यथा वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### सड़क हादसे में घायल राइस मिलर की मौत

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। ग्राम चांट फिरोजपुर निवासी राइस मिलर तनुज अग्रवाल (40) की सड़क हादसे में घायल होने के बाद शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी पत्नी प्रियंका अग्रवाल की पहले ही इस हादसे में मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे से परिवार में मातम पसरा है।पांच जुलाई को तनुज अग्रवाल अपनी पत्नी और पांच वर्षीय पुत्र के साथ कार से पीलीभीत से पूरनपुर लौट रहे थे। गजरौला थाना क्षेत्र में ढाबे के पास कैंटर ने उनकी कार को टक्कर मार दी थी। प्रियंका की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तनुज को गंभीर अवस्था में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। दोनों के निधन से परिजन स्तब्ध हैं। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

### इकोत्तरनाथ मंदिर पहुंचकर एसडीएम ने देखा रास्ते का हाल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सावन माह में श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में परेशानी न हो, इसके लिए उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने शनिवार को बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर का निरीक्षण किया और रास्तों की मरम्मत कार्य का शुभारंभ कराया।एसडीएम ने नायब तहसीलदार ऋषिकांत के साथ मंदिर मार्ग का निरीक्षण करते हुए गड्ढों को भरने, झाड़ियों की कटाई और ईंटों के टुकड़ों व मिट्टी से रास्ता समतल कराने के निर्देश दिए। सुप्रसिद्ध मंदिर में सावन माह में हजारों भक्त आते हैं, लेकिन कच्चे रास्ते और झाड़ियों के कारण श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत होती थी। प्रशासन की सक्रियता से अब श्रद्धालुओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

### किशोर की संदिग्ध मौत के बाद मां ने पिता पर लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। झुरकुरिया गांव में एक किशोर की बीमारी के दौरान मौत हो गई। लेकिन मृतक की मां ने अपने ही पति पर हत्या का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जांच के बाद किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव निवासी ओमकार और उनकी पत्नी सुशीला देवी में छह साल से अलगाव है। पुत्र विपिन पिता ओमकार के पास रहता था और बीमार चल रहा था। शुक्रवार को हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मां सुशीला देवी ने पति पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार की अनुमति दी।

### शौच गई महिला से युवक ने किया दुष्कर्म का प्रयास

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। हजारा क्षेत्र की एक महिला के साथ शौच के दौरान दुष्कर्म का प्रयास किया गया। विरोध पर महिला से मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया कि सात जुलाई की शाम जब वह शौच के लिए निकली तो गुरमीत सिंह नामक युवक ने उसे दबोच लिया और अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर जेठानी मौके पर पहुंची। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बाद में महिला अपनी सास के साथ आरोपी के घर शिकायत करने गई, जहां से उन्हें मारपीट कर भगा दिया गया। पुलिस ने गुरमीत सिंह, गोगा कौर और सतवंतो कौर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हिमाचल का युवक और माधोटांडा निवासी दो युवतियों को ले गए फुसलाकर

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। अलग-अलग घटनाओं में हिमाचल और माधोटांडा के युवकों द्वारा दो युवतियों को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहले मामले में हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के युवक सौरभ उर्फ ऋषि पर आरोप है कि उसने फोन पर बातचीत के बाद युवती को अपने साथ ले गया। दूसरे मामले में माधोटांडा थाना क्षेत्र के युवक राजीव यादव पर आरोप है कि वह पूरनपुर निवासी युवती को लेकर फरार हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस दोनों मामलों में छानबीन कर रही है।

### दुकान पर जा रहे युवक पर जानलेवा हमला

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। परचून की दुकान पर जा रहे युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमलावरों ने जेब से नकदी और मोबाइल भी लूट लिया। मामले में घायल के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। भूरा गोरख डिब्बी निवासी प्रदीप ने बताया कि 11 जुलाई को वह परचून की दुकान जा रहा था, तभी सरजीत बरोई और उसके पिता चित्तो बरोई ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घायल होकर जब वह जमीन पर गिर गया तो आरोपियों ने उसकी जेब से ?12,500 नकद और मोबाइल फोन निकाल लिया। शोर मचाने के बाद आरोपी उसे मरा समझकर भाग निकले। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

### यात्रियों की समस्या को लेकर अस्थाई रोडवेज बनाया

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। सावन मेला को लेकर जिम्मेदार अधिकारीयों ने कस्बा के भीड़भाड़ इलाके में कांवड़ियों को सुरक्षित निकलने का प्लान तैयार नहीं कर पाए वहीं पुलिस विभाग ने नगर मे हाईवे पर ई रिक्शा को बैन करते हुए उनके लिए अलग-अलग अस्थाई स्टाफ बनाकर रूट डायवर्जन किया गया है। निर्वाणधीन रोडवेज होने के चलते सरकारी बसों के लिए अस्थाई स्टाफ मंडी परिसर में बनाया गया है।एक महीने तक चलने वाले सावन मेला के चलते लाखों की संख्या में दूर-दूर से दुर्गम स्थानों से कावड़ लेकर श्रद्धालु गोला शिव मंदिर पर चढ़ाने के लिए निकलते हैं। जिनकी सेवा के लिए सड़क किनारे समाजसेवियों द्वारा पंडाल लगाकर भोजन, शीतल पेय, और ठहरने के इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं को भीड़भाड़ से बचाव को लेकर उप जिला अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार एवं सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक इंद्रजीत सिंह और कस्बा इंचार्ज बाबूराम के प्लान तहत कस्बा में हाईवे पर पूर्ण रूप से ई रिक्शा संचालन पर रोक लगा दी और मैजिक चालकों को सवारी भरने के लिए आबादी क्षेत्र के बाहर अलग-अलग जगह पर ठहराव का इंतजाम किया गया है। जिसके चलते बाहरी क्षेत्र से आए लोगों को कस्बा में आने के लिए 500 मीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ेगी।वही आपातकालीन सेवाएं बहाल रखने का भी फैसला लिया गया है।



### मां ने एक साल की बच्ची को तालाब में डूबो कर मार डाला

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। कोतवाली मोहम्मदी के गांव खेतहारा निवासी एक विवाहिता ने अपनी दूधमुंही बच्ची की तालाब में डूबोकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खेतहारा गांव में रहने वाले धूपसिंह राठौर ने अपनी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को पत्नी कुसुम एक माह की बच्ची मानवी को लेकर घर से बिना बताए चली गई थी। धूपसिंह ने अपने भाई ध्रुव कुमार, माता कुंती देवी और गावं के नरेंद्र, कलेक्टर व ओमप्रकाश के साथ अपनी पत्नी कुसुम को ढूंढ रहे थे। इसी दौरान गावं के बाहर पत्नी सड़क के किनारे मिली। पूछताछ करने पर उसने बच्ची को गावं के बाहर तालाब में डूबोकर हत्या कर देने की बात बताई। परिजन तालाब के पास पहुंचे और निशानदेही पर मानवी को निकाला।फिलहाल पूरे मामले की जांच करते हुए पुलिस आरोपी कुसुम को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### महाराज दक्ष प्रजापति जयंती पर दिखी एकजुटता

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ पीलीभीत द्वारा रविवार को दूधिया नाथ महादेव मंदिर परिसर में महाराज दक्ष प्रजापति जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और शिक्षित एवं संगठित समाज की दिशा में मजबूत संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत महाराज दक्ष प्रजापति के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल रहे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया, वहीं युवा कवि अंकित चक्रवर्ती को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश प्रजापति ने की। मंडल उपाध्यक्ष राजेश प्रजापति मुख्य अतिथि और प्रदेश सचिव मास्टर प्रेम शंकर प्रजापति तथा मुख्य प्रवक्ता परमिंदर प्रजापति (शाहजहांपुर) विशिष्ट अतिथि रहे।मुख्य अतिथियों ने शिक्षा को समाज की रीढ़ बताते हुए संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्य प्रवक्ता ने समाज में राजनीतिक जागरूकता और सहभागिता पर बल दिया।नगर अध्यक्ष अभिषेक प्रजापति ने कार्यक्रम का संचालन किया। समापन पर सभी के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर धर्मवीर प्रजापति, विपिन प्रजापति, करन कुमार प्रजापति, प्रियाशु प्रजापति, आनन्द प्रजापति सहित समाज के कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# आठ वर्षों से पीड़िता पति के जुल्मों का शिकार षड्यंत्र पर षड्यंत्र कर आत्महत्या के लिए किया मजबूर

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



प्यार में धोखा खाई विवाहिता को क्या पता था की पति चाल पर चाल चल रहा वह प्यार में इतना पागल थी जो कहता फौरन राजी पति अपने षड्यंत्र में हुआ कामयाब पीड़िता को ऐसे दो राहे पर छोड़ा न वो जी पा रही न मर पा रही हैं सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगमबाग की रहने वाली पीड़िता फूलबानों ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है।की पीड़िता के पास के रहने वाले इस्तियाक पुत्र मुमताज़ अली निवासी शिवपुरी बेगमबाग चौकी मिश्राना कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर पीड़िता को शादी का झांसा दे शारीरिक सम्बन्ध बनाए,पीड़िता शादी की बात करती तो इस्तियाक इधर उधर की बात कर टाल देता पीड़िता को शक हुआ कि इस्तियाक सिर्फ जिस्म का भूखा है उसका शादी का इरादा नहीं है पीड़िता ने बिना शादी संबंध बनाने का विरोध किया तो इस्तियाक ने शादी करने से इंकार कर दिया पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गई पीड़िता ने शादी न करने का कारण पूछा तो लालची इस्तियाक ने कहा कि मेरे घर वाले जहां शादी करेंगे वहां पर दहेज मिलेगा इस प्रेम प्रसंग में तुम मेरे माथे मढ़ दी जाओगी मुझे कुछ नहीं मिलेगा जिस पीड़िता ने कहा कि मैं अपने पिता से कहकर शादी की तरह सारा दान दहेज दिलाऊंगी उसके बाद भी अगर तुमने शादी नही की तो तुम्हारे विरुद्ध पुलिस में कम्पेड करूंगी इतना सुनते ही इस्तियाक आग बबूला हो गया कहने लगा पुलिस में कम्पेड कर रेप केस में फांसेगी पीड़िता ने कहा शादी न करने की कम्पलेड करूंगी इस पर इस्तियाक ने कहा शादी करूंगा लेकिन तेरा वो हाल करूंगा की तू कही मुंह दिखाने वाली नहीं रहेगी दबाव में इस्तियाक से दिनांक 04.दिसंबर.2017 को पीड़िता का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया दान दहेज में पीड़िता के पिता द्वारा मोटरसाइकिल न दिए जाने से पति इस्तियाक खुश नहीं था।शादी के एक वर्ष दो माह किसी तरह से रो धोकर यातनाएं झेलते हुए कटे दिनांक 3.मई.2019 को पीड़िता को सास ससुर पति द्वारा मार-पीट कर जेवर कपड़े छीनकर भगा दिया पति बाहर अपने काम पर चला गया पीड़िता के मायके वाले पति के पास जाने का दबाव बताते तो पीड़िता जब भी पति से साथ रहने कि बात करती तो पति कुछ दिन का समय देकर समझा-बुझा देता एक दिन पीड़िता को गुस्सा आ गया और पति के पास जाने की ज़िद पर अड गई पति द्वारा अपने एक रिश्तेदार गुल्लू पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी भीरा थाना भीरा जिला खीरी से संपर्क साधने की एवं मदद लेने की बात कही पीड़िता गुल्लू से मिली गुल्लू पीड़िता को दिनांक 04.मई.2019 को अपने घर भीरा ले गया पति से बात कराईं पति ने कहा वही रहना कोई भी बात अपने घर वालों को न बताना कहा है कहां नहीं मैं वहीं आऊंगा फिर कहीं अलंग किराए के मकान में रहूंगा उसके बाद गुल्लू भी बाहर चला गया पीड़िता का मोबाइल भी ले गया जिससे पीड़िता न पति से न मायके वालों से बात कर पाई इधर शातिर पति ने हर जगह यह खबर उठा दिया की मेरी पत्नी भाग गयी और उसके पांच दिनों बाद पीड़िता की मां से दिनांक 09.मई.2019 को एन सी आर सं0.139/2019 धारा 198ए,भ0.द0.सं0.में दर्ज कराई और मां से अगूठा लगा कर पुलिस में बयान दर्ज कराए पीड़िता गुल्लू के परिजनों के साथ एक माह तक रही बाद में पीड़िता को पता चला की पति द्वारा गुल्लू के साथ भेज प्रेमी के साथ भाग जाने एवं चरित्रहिन होने की झूठी खबर एवं मां से एनसीआर दर्ज करा उसके साथ बहुत बड़ा खेल खेला है यही से पीड़िता के जीवन में भूचाल आ गया न्यायालय ने झूठी एनसीआर को निरस्त कर दिया उसके बाद पीड़िता ने पति से इस तरह का खेल खेलकर जीवन क्यों बर्बाद करने की बात कही पति ने साथ तो रखना दूर उल्टे तीन तलाक़ देने की धमकी दी जिसकी दिनांक 22- अगस्त-2019 को मु0.अ0.सं0.145/2019 धारा 498ए,323,504,506,3,4,आई0 पी0सी0 एफआईआर दर्ज पति के विरुद्ध दर्ज कराई पीड़िता का मोबाइल लेकर उसमें पति ने अपने मोबाइल से चेटिंग की जिसमें गुल्लू ने पति का सहयोग किया जो साक्ष्य के रूप में रखा 8 वर्ष से आर्थिक तंगी से जूझ रही पीड़िता के पक्ष मे माननीय न्यायालय से 2 हजार रूपए प्रति माह पति को पीड़िता को देने का आदेश हुआ उस पर बेरहम पति हाइकोर्ट से स्टे ले आया पीड़िता को कोई आपत्ती नही खर्च न दे या तो अपनाएं या छोड़ दें जो पति नहीं कर रहा है सिर्फ यातनाएं दे प्रताड़ित कर रहा जिसका उदाहरण दिनांक 13.07.2025 को प्रातः 9 बजे पति घर नीचे कमरे में आया पीड़िता ने सोचा शायद कुछ बदलाव आया पति ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबदस्ती शारिरिक संबंध बना लिया पीड़िता ने साथ रखने की बात की तो कोई बिना जबाब दिए पति चला गया।पीड़िता को पेशी पर जाने से रोका जाता गालियां दे परेशान किया जाता बूढ़ा पिता कश्मीर में काम कर रहा 6 बहने कोई भाई नहीं पति कहता है जीना मुश्किल कर देंगे पुलिस में शिकायत करोगी तो कह देंगे वाद न्यायालय में विचाराधीन है।इसी कमजोरी का फायदा पति उठा आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है इस तरह से चाल पर चाल पति द्वारा चली गई प्यार में पागल पीड़िता को कुछ नहीं पता था उसके साथ क्या खेल खेला गया लेकिन जब बाद में पीड़िता को पति की असलियत समझ में आई तब तक पति अपने मकसद में कामयाब हो गया पीड़िता के साथ इतना बड़ा फ्रॉड किया गया कि पीड़िता आत्महत्या के लिए मजबूर हो गई है उसने महामहिम राष्ट्रपति से भी इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है पुलिस अधीक्षक से मिलकर देखते हैं पीड़िता को न्याय मिलता है कि इसी तरह से न्याय के लिए पीड़िता दर दर भटकती रहेगी।

## महामंडलेश्वर एवं विधायक ने जनदर्शन में सुनी गईं समस्याएं, मीरपुर से कांवड़ यात्रा का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



श्रावण मास का पहला रविवार जिले के लिए श्रद्धा और सेवा दोनों का प्रतीक बना रहा। एक ओर श्री परम् अक्रियधाम आश्रम, खमरिया पुल पर आयोजित जनदर्शन में जनता की समस्याएं सुनी गईं, वहीं दूसरी ओर ग्राम मीरपुर में कांवड़ यात्रा का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया।

रविवार को हर सप्ताह की भांति श्री परम् अक्रियधाम आश्रम में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आश्रम में पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के समक्ष रखीं। स्वामी जी ने हर प्रार्थना को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।इसी स्थान पर कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर भी लगाया गया, जहां भंडारे व प्रसाद वितरण की उत्तम व्यवस्था रही। सेवा में जुटे कावर्थी सेवा दल पीलीभीत के स्वयंसेवकों ने श्रद्धाभाव से दिनभर शिवभक्तों की सेवा की।उधर, मीरपुर ग्राम पंचायत में कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कांवड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। गांव में भक्ति का अद्भुत वातावरण रहा। युवाओं, महिलाओं और बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था। विधायक ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावण मास आत्मिक शुद्धि और भक्ति का श्रेष्ठ समय है। कांवड़ यात्रा समाज को एकता, अनुशासन और सेवा भाव का संदेश देती है। इस अवसर पर बांकेलाल गंगवार, महेश गंगवार, महावीर गंगवार, मुनीश गंगवार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सुतिया नाला में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

> उधर कार्यवाहक थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया है कि परिजनों की ओर से कोई आरोप वाली तहरीर नहीं दी गई है अगर मृतक के परिजनों की ओर से ऐसी कोई तहरीर दी जाती है तो जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हजारा। सुतिया नाला में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।हजारा पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकालकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए पीलीभीत जिला अस्पताल भेज है। हजारा थाना के कार्यवाहक थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को जनपद पीलीभीत की तहसील पूरनपुर के ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम सिद्ध नगर के निकट सुतिया नाले में हजारा सिध्द नगर मार्ग पर बने रपटा पुल के पास एक शव देखे जाने की सूचना मिली थी जिस पर शनिवार को गोताखोरों की मदद से काफी देर रात नौ बजे तक तलाश की गई लेकिन रात और अंधेरा अधिक होने के कारण शव नहीं मिल सका। दूसरे दिन रविवार को प्रात:से ही गोता खोरों और जेसीबी की मदद से सुतिया नाले में शव की तलाश की जाने लगी, नाले में जलकुंभी होने के कारण घंटों मशक्कत केबाद जलकुंभी में फंसी हुई एक शव दिखाई दी जिसे बाहर निकाला गया। शव की शिनाख्त कराये जाने पर सुरेंद्र सिंह उर्फ छिंदर नामक व्यक्ति ने मृतक को अपना भाई गुरजंट सिंह उर्फ बंटी पुत्र लखमीर सिंह निवासी ग्राम बाजार घाट बेल्हा थाना हजारा तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत का निवासी बताया है। मृतक गुरजंट सिंह के भाई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उसका भाई दो दिन पहले भैंस चराने के लिए गया था लेकिन वह वापस घर नहीं आया जिसकी तलाश की जा रही थी अचानक रविवार को सिद्ध नगर के सुतिया नाले में एक लाश मिलने की सूचना पर हम लोग गए और जब देखा तो वह मेरा भाई गुरजंट ही था।इधर हजारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत भेज दिया है। मृतक गुरजंट सिंह की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में शिक्षकों ने रखी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की जिला स्तरीय बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक रामाकांत शर्मा ने की, जिसमें शिक्षकों से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं पर गंभीरता से मंथन किया गया। बैठक में सबसे पहले विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति से उत्पन्न हो रही परेशानियों को उठाया गया। शिक्षकों ने बताया कि नेटवर्क की समस्या, संविदा कर्मचारियों की कमी और छात्रों द्वारा कक्षा में आने से पहले उपस्थिति दर्ज करने की प्रवृत्ति से शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है।परिषद ने जून माह का वेतन अब तक न मिलने पर भी नाराजगी जताई और मांग की कि वेतन बिल हर माह की 25 तारीख तक तैयार हों ताकि समय पर वेतन दिया जा सके।इसके साथ ही फॉर्म-16 की समय से उपलब्धता की आवश्यकता और गत वर्ष की जिला क्रीड़ा रैली के अवशेष भुगतान को तत्कालीन संयोजक अख़लाक़ हसन ख़ान को दिए जाने की मांग भी की गई।बैठक के दौरान चार्टर्ड अकाउंटेंट बने साबिर हसन ख़ान को परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। परिषद ने अपेक्षा जताई कि सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई हो और परिषद को अवगत कराया जाए। बैठक में राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, योगेश कुमार, नरेंद्र सिंह, रोहिताश गंगवार, सतीश चंद, मोहम्मद फिरोज, सुमन देवी, उपासना शर्मा, अजय चौहान समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### चार साल की बच्ची को दरिंदे ने बनाया हवस का शिकार द्व

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मझगई थाना क्षेत्र के गांव में एक 4 साल की मासूम बच्ची घर के सामने खेल रही थी। जिसे पड़ोस का रहने वाला युवक उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दर्द से रोती बिलखती बच्ची को आरोपी घर छोड़ने आया तो लोगों ने रोने का कारण पूछा। इस पर आरोपी ने बताया कि गिर गई थी और मौके से भाग गया। ?घर वालों ने जब गौर से देखा तो उन्हें घटना की जानकारी हुई।इसकी जानकारी पुलिस को देकर परिजन मासूम को लेकर अस्पताल गये।जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया।??पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।? घटना मझगई थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस का रहने वाला युवक घर के सामने खेल रही 4 साल की मासूम बच्ची को अपने साथ उठा ले गया। परिजनों ने बताया कि वह अक्सर बच्ची को अपने साथ ले जाता था। बीती रात 8-00 बजे युवा के बच्ची को अपने साथ लेकर आया जो रो रही थी रोने का कारण पूछने पर युवक ने बताया कि बच्ची गिर गई थी। बच्ची का रोना बंद नहीं हो रहा था।गौर से देखने पर जानकारी हुई कि उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई है।? नाजुक स्थान से खून निकल रहा था। यह देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई चक में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया।

## टिकरी चौराहे पर दो पक्षों में लाठी-डंडों से जमकर मारपीट

### वीडियो वायरल होने से पुलिस पर उठे सवाल



जन एक्सप्रेस। बीसलपुर

जनपद के थाना बीसलपुर क्षेत्र अंतर्गत टिकरी चौराहे पर रविवार को दिनदहाड़े दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हो गई। यह पूरी घटना सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम घटित हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के लोग किस तरह बेखौफ होकर हिंसा को अंजाम दे रहे हैं। घटना के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और आम जनमानस में दहशत का माहौल बन गया। राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि मारपीट इतनी भयावह थी कि लोग जान बचाकर इधर-उधर भागते नजर आए। घटनास्थल पर लाठी-डंडे चलते देखे गए, लेकिन न तो किसी पुलिसकर्मी की मौजूदगी रही और न ही कोई समय से हस्तक्षेप हुआ। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्रीय नागरिकों ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि यदि दिनदहाड़े चौराहों पर खुलेआम ऐसी घटनाएं घटेंगी और अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं रहेगा, तो आम आदमी की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकेगी। पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक घटना के संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, हालांकि सूत्रों की मानें तो पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर श्याम नारायण शुक्ला के आकस्मिक निधन पर शोकसंवेदना व्यक्त की गयी

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय श्याम नारायण शुक्ला जोकि अमीर नगर के पैतृक निवासी थे और गोला में खुटार रोड पर उनका निवास स्थान था। कुछ समय पूर्व से लखनऊ में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। जिनका 11 जुलाई 2025 को लखनऊ लुलुमाल के सामने एक्सीडेंट हो जाने से निधन हो गया था। इस खबर से नगर क्षेत्र के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई इसी उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद गोला सभागार में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य में शोक सभा का आयोजन किया गया शोक सभा में उपस्थित पत्रकार साथियों ने उनके उनके साथ मैं बीते पल के बारे में जानकारी साझा की इसके पश्चात सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु और इस दुख की घड़ी में पारिवारिक जनों को दुख सहन की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू समेत सुरेंद्र शर्मा गुरु रवि सूत शुक्ला मूलचंद भारद्वाज लोकेश गुप्ता कामता सिंह कुशवाहा श्याम मोहन शुक्ला संदीप अवस्थी विकास शुक्ला अमृत विचार रामकृष्ण शुक्ला सुधीर गुप्ता प्रवीण वाजपेई मनीष शर्मा सचिन शर्मा मनोज कुमार मिश्रा श्याम किशोर अवस्थी मनदीप वर्मा नरेंद्र भारद्वाज प्रदीप सिंह रघुनायक विवेक दीक्षित करण सिंह आशीष कुमार तिवारी होती लाल रस्तोगी पंकज शुक्ला अनुराग मिश्रा जितेंद्र सिंह समेत कई दर्जन पत्रकार साथी एवं दीपक मिश्रा एडवोकेट सभासद नानक चंद वर्मा सभासद राजेश वर्मा भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रुघ्न मिश्रा भाजपा कुंभी मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटिहार मौजूद रहे। शोक सभा का संचालन वरिष्ठ पत्रकार महेश पटवारी ने किया।

## 06 जोड़े पति पत्नी महिला थाने से सुलह समझौते से विदा होकर गए

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

रविवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 12 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराने का सराहनीय कार्य किया गया है।बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह,काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, श्रीमती नीति गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी जिला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा विधि स्वयं सेवक श्रीमती अल्पना वर्मा के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 06 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 06 मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है। सुलह से विदाई करने में उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य महिला सीता, महिला आरक्षी सारिका चौहान, महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सराहनी सहयोग रहा है।

### शिल्पा शेट्टी जिन्हें इंटरनेट ने बनाया स्टार

# अब सुपर डांसर का मंच बनाएगा उन्हें सुपरस्टार



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का बेहद लोकप्रिय डांस रियलिटी शो 'सुपर डांसर' चार साल के अंतराल के बाद एक बार फिर दर्शकों के बीच लौट रहा है। इस बार का सीज़न बेहद खास है, क्योंकि इसमें भाग लेने वाले 12 प्रतिभागी न सिर्फ बेहतरीन डांसर हैं, बल्कि सोशल मीडिया पर भी बड़े सितारे बन चुके हैं। अपने वायरल डांस मूव्स से इंटरनेट पर धूम मचाने के बाद अब ये युवा कलाकार एक नई चुनौती के लिए तैयार हैं। ये सभी मिलकर लाइव मंच पर अपने दमदार टैलेंट से जजेस और दर्शकों का दिल जीतेंगे। शिल्पा शेट्टी ने कहा, हर कंटेस्टेंट अपनी एक अलग स्टाइल और विविधता लेकर आया है। ये युवा कलाकार बेहद आत्मविश्वासी हैं और सोशल मीडिया पर इनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

इंटरनेट ने जिन्हें बनाया स्टार, अब स्टेज बनाएगा उन्हें सुपरस्टार इस सीज़न की थीम को यह पंक्ति बहुत ही खूबसूरती से बयाँ करती है। बहुत से लोगों के साथ मैंने भी इनकी परफॉर्मेंस इंटरनेट पर देखी और बहुत मुझे यह खूब पसंद आई, लेकिन अब इन्हें सुपर डांसर जैसे भव्य मंच पर लाइव परफॉर्म करते देखना वाकई रोमांचकारी होगा। मुझे यकीन है कि इस सीजन में कुछ जबरदस्त परफॉर्मेंसेस देखने को मिलेंगी और दर्शक इसे भरपूर एन्जॉय करेंगे। शिल्पा शेट्टी, गीता कपूर और मरज़ी पेस्टनजी की तिकड़ी इस शो को जज करेगी। आगामी सीजन हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस, यूनिक डांस स्टाइल और जुनून की दावत देता है। सुपर डांसर चैप्टर 5 की शुरुआत होगी 19 जुलाई को, हर शनिवार-रविवार रात 8 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न और सोनीलिव पर.

## शाहिद कपूर ने मजेदार अंदाज में बताया कि वह किस चीज के प्रशंसक हैं

**बॉलीवुड** अभिनेता शाहिद कपूर ने हाल ही में एक मजेदार अंदाज में खुलासा किया है कि उन्हें सुबह की फ्लाइट बेहद पसंद हैं। उन्होंने इन फ्लाइट्स को बेहतरीन बताया। अभिनेता शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक सेल्फी शेयर की। तस्वीर में उनका आधा चेहरा दिखाई दे रहा है। तस्वीर शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, सुबह की फ्लाइट का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। शाहिद, निर्देशक विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा के लिए तैयारी कर रहे हैं। गैंगस्टर फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा भी हैं। यह 1990 के दशक की मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है। अर्जुन उस्तारा 1990 के दशक की एक प्रेम कहानी है, जो एक्शन और गैंगस्टर्स से भरपूर है। फिल्म की कहानी आज़ादी के बाद के मुंबई के अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। इससे पहले अभिनेता और उनकी पत्नी मीरा राजपूत कपूर ने 7 जुलाई को वैवाहिक जीवन के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया। मीरा ने इंस्टाग्राम पर पुरानी तस्वीरें शेयर कीं, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, दस साल बाद भी आप वैसे ही हो, हमेशा के लिए मेरे। आप और मैं और अब हम... मीरा और शाहिद की इन तस्वीरों ने फैंस का दिल जीत लिया। वहीं, कुछ सेलेब्स ने उन्हें एनिवर्सरी की बधाई भी दी थी। शाहिद कपूर ने मीरा राजपूत से साल 2015 में शादी की थी। उस वक्त मीरा सिर्फ 20 साल की थीं। दोनों की अरेंज मैरिज थी।



### मैंने धुरंधर जैसी फिल्म

# पहले कभी नहीं देखीः अर्जुन रामपाल

**अभिनेता** अर्जुन रामपाल अपनी आने वाली फिल्म धुरंधर को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह फिल्म उनकी अब तक की किसी भी फिल्म से बिल्कुल अलग है। अभिनेता ने कहा कि ऐसी फिल्म उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। अर्जुन ने कहा, फिल्म को बनाने से पहले मेकर्स ने काफी रिसर्च किया है। इसे बेहद अलग अंदाज में बनाया गया है। फिल्म की पूरी टीम ने अपने-अपने काम में पूरी मेहनत की है। फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखने के बाद मैंने निर्देशक आदित्य धर को गले लगा लिया।

फिल्म में अर्जुन के अलावा रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त और अक्षय खन्ना भी अहम किरदार में हैं। अर्जुन ने इस फिल्म में एक ग्रे किरदार निभाया है। ग्रे किरदार उन्हें कहते हैं जो पूरी तरह से अच्छे या बुरे नहीं होते। उनमें दोनों तरह के गुण शामिल होते हैं। फर्स्ट लुक में अर्जुन विंटेज मेटैलिक शेड्स, घनी दाढ़ी और रॉ एक्सप्रेशन्स के साथ दिखाई दे रहे हैं। अर्जुन ने कहा, फिल्म में मेरे किरदार में थोड़ा गुस्सा और सही-गलत का मिलाजुला भाव होगा, जो दर्शकों के लिए बिलकुल नया और अनोखा होगा।

आदित्य धर ने इस कहानी को बहुत ही शानदार तरीके से पर्दे पर उतारा है, जिससे सभी कलाकार बहुत अलग और दमदार लग रहे हैं। धुरंधर फिल्म को आदित्य धर ने न सिर्फ निर्देशित किया है, बल्कि इसकी कहानी को लिखा भी है। यही नहीं, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर के साथ मिलकर प्रोड्यूस भी किया है। धुरंधर की कहानी भारत-पाकिस्तान के आपसी संघर्ष के बीच एक सीक्रेट मिशन से प्रेरित बताई जा रही है। इसमें एक सीक्रेट मिशन के तहत पाकिस्तान के एक खूंखार आतंकी के खात्मे का तानाबाना दिखाया जाएगा। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत और बी62 स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## दीपिका ने बताया उनके लिए क्या है सेल्फ केयर का मतलब

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह मास्क लगाए नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने सेल्फ केयर के महत्व पर एक संदेश भी लिखा। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर एक मिरर सेल्फी शेयर की। अभिनेत्री ने फेस मास्क लगाया हुए, और दर्पण के सामने पोज देते हुए हल्की मुस्कान बिखेरती नजर आ रही हैं। दीपिका ने मैसेज में कहा, मेरे लिए सेल्फ केयर उन छोटे-छोटे रोजमर्रा के कार्यों को अपनाने के बारे में है, जो खुशी लाते हैं। सेल्फ केयर माह के अवसर पर, दीपिका ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए कुछ पल निकालें। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए एक खास उपहार इंतजार कर रहा है। दीपिका हमेशा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जानी जाती हैं। वहीं, अब अभिनेत्री, अल्लू अर्जुन और निर्देशक एटली की फिल्म में शामिल हो गई हैं, जिसका शीर्षक है. मेकर्स ने एक्स पोस्ट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें डायरेक्टर एटली और दीपिका पादुकोण सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस दौरान एटली उन्हें अपनी फिल्म की कहानी बताते हैं। वीडियो में दीपिका के कुछ मोशन कैप्चर की भी झलक है, जिसे देख अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह फिल्म में एक योद्धा का किरदार निभाएंगी, जो घोड़े पर सवार है और जिसे तलवार चलाने में महारत हासिल है।

दीपिका अपनी छोटी बच्ची दुआ की जिम्मेदारियों में भी व्यस्त हैं। अभिनेत्री और उनके पति रणवीर सिंह ने सितंबर 2024 में अपने पहले नन्हे मेहमान का स्वागत किया। अभिनेत्री ने 2012 में संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला की शूटिंग के दौरान रणवीर सिंह को डेट करना शुरू किया था। उन्होंने 2018 में इटली में शादी की थी। दीपिका आखिरी बार रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आई थीं। इस फिल्म में अजय देवगन, रणवीर, अक्षय कुमार, श्वेता तिवारी, दयानंद शेट्टी, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## हर्षवर्धन राणे को एक्शन करते हुई लगी चोट



हर्षवर्धन राणे को फिल्म 'सिला' की शूटिंग के दौरान चोट लगी। यह उनके एक्टिंग करियर की पहली चोट है। चोट लगने के बाद एक्टर ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की। जिसमें अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम का जिक्र किया। हर्षवर्धन की नजर में इन एक्टर्स के लिए सम्मान अब और बढ़ चुका है। हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें वह एक बर्फ के पानी वाले ड्रम में बैठे हैं। एक्टर के कंधे पर चोट के निशाने हैं। इस वीडियो को पोस्ट करने के साथ ही एक्टर ने एक कैप्शन भी साझा किया है। वह कैप्शन में लिखते हैं, 'आज फिल्म 'सिला' के लिए एक्शन सीन शूट करते हुए मुझे चोट लगी, ये निशान पड़ गया। यह मेरे करियर में पहली चोट का निशान है।' फिल्म 'सिला' एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म है।

## सन ऑफ़ सरदार 2 में पहली बार सरदार की भूमिका निभाएंगे रवि किशनः बहुप्रतिभाशाली स्टार का नया अवतार



**अभिनेता** और सांसद रवि किशन, जो अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और विभिन्न भाषाओं में शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं, अब सन ऑफ़ सरदार 2 में एक बिलकुल नए अवतार में नजर आने वाले हैं। अपने करियर में पहली बार वे पगड़ी पहनकर एक सरदार की भूमिका निभा रहे हैं – एक ऐसा किरदार जो खासकर उत्तर भारत में गहरी सांस्कृतिक और भावनात्मक गूंज रखता है।

फिल्म के बहुप्रतीक्षित ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान रवि किशन ने अपनी इस भूमिका को लेकर उत्साह और निजी जुड़ाव साझा किया। उन्होंने कहा, आपने मुझे कई किरदारों में देखा होगा, लेकिन सरदार के रूप में पहली बार देखेंगे। हमारे बिहार और यूपी के इलाके में, खासकर गोरखपुर जहां मेरी लोकसभा सीट है, वहां बहुत बड़ी सरदारों की आबादी है। 20-25 हजार से ज्यादा लोग हैं और दर्जनों गुरुद्वारे हैं। वहां की पूरी कम्युनिटी बहुत उत्साहित है, और अब पूरा उत्तर भारत मुझे एक सरदार के रूप में देखेगा। यह नया किरदार रवि किशन के बहुआयामी करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो भोजपुरी, हिंदी, तेलुगु और दक्षिण भारतीय सिनेमा में फैला हुआ है।

गंभीर ड्रामा, एक्शन या कॉमेडी–हर भूमिका में वह गहराई और सच्चाई लाते हैं। दिलचस्प बात ये है कि यह किरदार पहले संजय दत्त के लिए लिखा गया था, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। इस बारे में बात करते हुए रवि किशन ने कहा संजू बाबा को पहले ये रोल करना था, लेकिन वो नहीं हो पाया। जब अजय सर ने मुझे ऑफर किया तो मैं वाकई बहुत टेंशन में आ गया। डर लगा कि ये कैसे होगा।

## मिसेज़ की सफलता के बाद, सान्या मल्होत्रा एक्शन-कॉमेडी फ़िल्म में निभाएंगी मुख्य भूमिका



**हाल** ही में अपनी फ़िल्म मिसेज़ के लिए सराहना बटोरने के बाद, बहुमुखी अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अब बड़े पर्दे पर एक बिल्कुल नए अवतार में नज़र आने वाली हैं। इस बार वह एक पूरी तरह से मसालेदार एक्शन-कॉमेडी फ़िल्म में दिखाई देंगी, जो 2025 में रिलीज़ होने वाली है। आज इस फ़िल्म की आधिकारिक घोषणा की गई, जहाँ सान्या फ़िल्म की कोर टीम के साथ नज़र आईं। यह प्रोजेक्ट सान्या मल्होत्रा के करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहाँ वह हाई-कॉन्सेप्ट कमर्शियल एंटरटेनर्स की ओर तेज़ी से बढ़ रही हैं। अपनी अभिनय क्षमता और विविध किरदारों के लिए पहचानी जाने वाली सान्या का यह नया एक्शन-कॉमेडी अंदाज़ दर्शकों को हास्य, साहस और सिनेमाई प्रभाव का एक ताज़ा मिश्रण पेश करता है। अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए, सान्या ने लिखा- आप लोगों के साथ इसे शेयर करते हुए बहुत खुशी हो रही है ?? सिनेमाघरों में मिलते हैं! सान्या मल्होत्रा, जिन्होंने लगातार दमदार अभिनय किया है, चाहे वो दमदार ड्रामा हो या कमर्शियल हिट, अपनी पीढ़ी की सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अब वह आगाज़ एंटरटेनमेंट के साथ एक एक्शन-कॉमेडी अवतार में कदम रख रही हैं, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और उम्मीदें दोनों बढ़ गई हैं।

### सामने आई सिद्धार्थ-जान्हवी की

# 'परम सुंदरी' से जुड़ी नई अपडेट

## फिल्म के लिए करना होगा और इंतजार



**सिद्धार्थ** मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कई रिलीज डेट टलने के बाद फिल्म को लेकर अब एक नई अपडेट सामने आई है। जिससे ये पता चलता है कि ये रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म कब रिलीज होने वाली है। जब फिल्म का टीजर जारी किया गया था तब फिल्म की रिलीज डेट 25 जुलाई बताई गई थी। लेकिन अब तक फिल्म के आगे की कोई जानकारी सामने न आने के बाद अब फिल्म को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। राजकुमार राव की 'मालिक' के साथ 'परम सुंदरी' का टीजर दिखाया गया। इसके साथ ही ये साफ हो गया कि एक बार फिर सिद्धार्थ और जान्वही की इस रॉम-कॉम की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है।

### जुलाई नहीं अब अगस्त में आएगी 'परम सुंदरी'

'परम सुंदरी' का पहला लुक राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर की फिल्म 'मालिक' के थिएटर प्रिंट्स के साथ जारी किया गया है। इसमें फिल्म की रिलीज आगे बढ़ने की जानकारी भी सामने आई है। इस लुक में लिखा गया है कि 'परम सुंदरी' इस अगस्त में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे स्पष्ट है कि 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'परम सुंदरी' अब अगस्त में रिलीज होगी। हालांकि, अभी फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है।

## कैफे पर गोलीबारी के बाद कपिल शर्मा को धमकी, खिसियाते हुए बोला आतंकी पन्नू- अपने खून की कमाई...

**पिछले** दिनों कपिल शर्मा के कनाडा में खोले गए 'कैप्स कैफे' पर कई राउंड की फायरिंग की गई थी। इस गोलीबारी की जिम्मेदारी बब्बर खालसा के कार्यकर्ता हरजीत सिंह लाडी ने ली। अब इस हमले के बाद खालिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कपिल शर्मा को धमकी दी है। जिसमें उन्हें अपने खून की कमाई हिंदुस्तान वापस ले जाने की बात कही है।



### पन्नू ने कहा, 'कनाडा आपके खेल का मैदान नहीं'

एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी करके कपिल शर्मा पर निशाना साधा है और उन्हें धमकी दी है। इस वीडियो में पन्नू ने कहा, कपिल और मोदी ब्रांड के हर दूसरे हिंदुत्व निवेशक से कहूंगा कि कनाडा आपके खेल का मैदान नहीं है। अपनी खून की कमाई हिंदुस्तान वापस ले जाइए। कनाडा बिजनेस की आड़ में हिंसक हिंदुत्व विचारधारा को कनाडा की धरती पर अपनी जड़ें नहीं जमाने देगा। वीडियो में आगे सवाल उठाते हुए कहा गया कि कपिल जो मेरा भारत महान का नारा लगाते हैं और खुलेआम मोदी के हिंदुत्व का समर्थन करते हैं, वो भारत में निवेश करने के बजाय कनाडा में निवेश क्यों कर रहे हैं।

साभार एजेंसी

# वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाई गई मजार

## सेवाभारती ने ज्ञापन सौंप कर किया अवैध कब्जा हटाने की मांग

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के कोतवाली देहात अंतर्गत वन विभाग के कुआनो रेंज क्षेत्र में राजापुर भरिया जंगल के बीच अवैध तरीके से मजार बनाकर अतिक्रमण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है । सेवा भारती के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक व वन विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण रोकने की मांग की है ।

सेवाभारती के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मिश्रा ने 13 जुलाई को बताया कि राजापुर भरिया जंगल में स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर से कुछ ही दूरी पर जंगल के बीच अराजक तत्वों द्वारा अवैध तरीके से मजार बनाकर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि यही अवैध कब्जा आगे चलकर दो समुदायों के बीच विवाद का कारण भी बनेगा । जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मिश्रा तथा बी डी जयसवाल महामंत्री गोंडा प्रभाग द्वारा संयुक्त रूप से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि जंगल में अवैध मजार व अवैध तरीके से लाश दफनाने के संदर्भ में स्थलीय निरीक्षण करके संलिप्त व्यक्ति पर विधिक कार्यवाही की जाए । उतरौला रोड पर स्थित राजापुर भरिया जंगल के अंदर कल्पेश्वर महादेव मंदिर (जंगली नाथ मंदिर) के सामने मंदिर से 100 - 200 मीटर दूरी पर अंदर जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा जो कि इस्लाम धर्म का अनुयायी है वह मजार की देखभाल व विस्तार करता है । साथ में मजार की पूजा करने पर अनेक बीमारी ठीक होने का दावा करता है। पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है कि स्थलीय निरीक्षण कर राष्ट्रीय सम्पत्ति (वन्य क्षेत्र) का हानि होने से बचाया जाए व अवैध मजार तथा लाश को दफनाने पर प्रतिबंध लगाया जाये । बृहस्पतिवार के दिन वहां पर व्यक्तियों जमावड़ा लगता है। स्वास्थ्य लाभ व आर्थिक लाभ का प्रलोभन देकर हिन्दू समाज से मजार को पूजने के लिए कहने वाला वहां पर बैठने वाला पीर फकीर की गतिविधियों की जांच कर विधिक कार्यवाही की जाए । आश्चर्य की बात है कि वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा हो रहा है और ब विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।


### एएमयू के छात्रों का कंपनियों में चयन

जन एक्सप्रेस /अलीगढ़।
अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के सोशल साइंसेज, इंजीनियरिंग, कॉमर्स और मैनेजमेंट फैकल्टीज के छह छात्रों को हाल ही में आयोजित भर्ती अभियानों के माध्यम से प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित किया गया है। इन कंपनियों में सीजफायर इंडस्ट्रीज, अमेजन, माइंडटेल और टेली सीआरएम शामिल हैं। यह प्लेसमेंट कार्यक्रम एएमयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस (जनरल) द्वारा आयोजित किए गए थे। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर (जनरल), साद हमीद ने जानकारी दी कि कई दौर के मूल्यांकन के बाद छात्रों को मैनेजमेंट ट्रेनी, बिजनेस एनालिस्ट और सीनियर कैटलॉग एसोसिएट जैसे पदों पर नियुक्ति की गई। चयनित छात्रों में सफवान सी (एमए, अरबी) को अमेजन में सीनियर कैटलॉग एसोसिएट के रूप में तथा फजल इमाम (एमबीए) को सीजफायर इंडस्ट्रीज में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में नियुक्ति मिली है। जबकि फातिमा नाज (एमएसडब्ल्यू), आफी अहमद (एमबीए-एचआर) और जहीन उल्लाह खान (एमबीए) को माइंडटेल ने बिजनेस एनालिस्ट के रूप में चयनित किया गया है। वहीं, अर्सलान सिद्दीकी (बी.टेक.) को टेलीसीआरएम में बिजनेस एनालिस्ट के रूप में प्लेसमेंट मिला है।

# सावन में शिव आराधना और रुद्राभिषेक से दूर होगी मानसिक अशांति: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस | अलीगढ





भगवान शिव को समर्पित अत्यंत पवित्र और पावन महीने की शुरुआत 11 जुलाई से हो चुकी है जो कि एक महीना यानि 9 अगस्त तक चलेगा। इस बार सावन के 4 सोमवार व्रत रखें जाएंगे,भक्तों ने कावड़ यात्रा भी प्रारंभ कर दी है जहाँ शिवालयों में शिव भक्तो की भारी भीड़ देखने को मिलेगी वहीं शिव आराधना हेतु अभिषेक अनुष्ठान आदि भी किये जाएंगे। आज यानि 14 जुलाई को पड़ने वाले सावन के पहले सोमवार को लेकर भक्तों में उत्साह की स्थिति देखने को मिल रही है।वहीं सावन के पहले सोमवार यानि आज 14 जुलाई के महत्व के विषय में ज्योतिर्विद स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि वैसे तो पूरा सावन महीना भगवान शिव की आराधना हेतु श्रेष्ठ है वहीं उनके प्रिय दिवस सोमवार को विधि विधान से किया गया अभिषेक अत्यंत फल दायी होता है। मान्यता अनुसार कि सावन के महीने में भगवान शिव और पार्वती की पूजा करने से सभी मनोकामना पूरी होती है। सावन वह दिव्य कालखंड है जिसमें संपूर्ण सृष्टि शिवमय हो जाती है। यह महीना केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसमर्पण और शिवभक्ति की एक गहन अनुभूति है। इस मास में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है।

इस बार पड़ने वाले सोमवार की श्रृंखला में 21,28 जुलाई के बाद 4 अगस्त को पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि सोमवार को देवाधिदेव महादेव की कृपा प्राप्ति का द्वार माना गया है।

सोमवार कि शिव पूजा के महत्व को लेकर स्वामी जी ने बताया कि सावन के सोमवार इसलिए प्रभावशाली होते हैं क्योंकि इस ऋतु में सूर्य का प्रभाव कम और चंद्र का प्रभाव अधिक होता है।चंद्रमा मन के स्वामी हैं, और यही समय मानसिक शुद्धि, भावनात्मक संतुलन और आत्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इस दिन श्रद्धापूर्वक किया गया रुद्राभिषेक मन के विकारों को शांत करता है।ग्रह दोषों में विशेषकर चंद्र, राहु, केतु और शनि से संबंधित पीड़ाओं की शांति के लिए सावन सोमवार को किया गया रुद्राभिषेक अत्यंत लाभकारी होता है।कालसर्प योग, जो अनिश्चितता, भय और जीवन में अवरोध का कारण बनता है उसके निवारण के लिए भी यह महीना अत्यंत श्रेष्ठ है।

# भाजपा के खिलाफ चलाया गया 'पोल खोलो अभियान'

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शनिवार को पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा की प्रदेश सरकार के विरुद्ध 'पोल खोलो अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज अलीगढ़ जिला एवं महानगर कांग्रेस कमैटी की ओर से पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार की पोल खोलते हुए राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन न्यायायिक अधिकारी प्रवीण कुमार को दिया। ज्ञापन में कई मुद्दों को उठाया गया है। ज्ञापन में राज्यपाल से मांग की गई कि प्राथमिक विधालयों के विलय का आदेश हटाया जाये, जर्जर हो चुके विधालयों को भवनों बनाया जाये और प्रदेश में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार व बरसात के दिनों में जर्जर हुई गड्ढायुक्त सड़कों व निचले क्षेत्रों में भारी जलभराव को समाप्त कराये जाने हेतु भाजपा सरकार को निर्देशित करने की कृपा करें। इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री व उनकी सरकार के मंत्रीगण प्रदेश में सबकुछ सुचारू रूप से चलने का ढिंढोरा पीटते हैं लेकिन वास्तव में वो है नहीं। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है, स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ण रूप से विफल हो रही हैं और अभी हाल ही में प्रदेश सरकार ने प्राथमिक विधालयों के विलय का जो निर्णय किया है वो प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा को निजी स्कूलों को सौपने का एक सोचा समझा षड़यंत्र है। कानून व्यवस्था लगभग पूरे प्रदेश में बदहाल है ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री किस प्रकार उत्तर प्रदेश के विकास और सुशासन का जो ढिंढोरा पीटते हैं। ज्ञापन देने वाले प्रमुख कांग्रेसियों में रुखसाना बेगम, अजरा खान, रामकिशन गोस्वामी, शाहरुख खान, कैलाश वाल्मीकि, मोहम्मद जियाउद्दीन राही, जितेन्द्र कुमार तोशी, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, दीपक पाठक, अकील कुरैशी, यामीन खान मेव, वसीम खान, सय्यद शहजाद हुसैन, नादिर खान, रईस गाजी, मोहम्मद उर्फी, मुकीम पठान, सोमेश चौहान, विक्रांत गुप्ता, साजिद बाबू, चित्रवीर सिंह चिंटू, रामप्रकाश झा, नितिन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री नंद गोपाल नंदी का मनाया गया पुनर्जन्म दिवस

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेखुआ परमेश्वरी स्थित राम जानकी मंदिर पर रविवार को वैश्य समाज द्वारा केंद्रीय मंत्री नंद गोपाल नंदी का पुनर्जन्म दिवस मनाया गया। जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को नन्द गोपाल गुप्ता %नन्दी% का जन्मोत्सव वैश्य समाज ने श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया । साथ ही ई-कॉमर्स के बहिष्कार का संकल्प लिया ।

स्थानीय सेखुआ परमेश्वरी स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में वैश्य समाज द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता %नन्दी% का पुनर्प्राप्ति जन्मोत्सव हवन-पूजन व केक काटकर मनाया गया। साथ ही उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पलटू राम एवं विशिष्ट अतिथि उतरौला चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता रहे। अतिथियों का स्वागत मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता कमलापुरी द्वारा अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष रूप चंद्र गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि नन्दी जी का जीवन संघर्षों और साहस की मिसाल है। वर्ष 2010 में जब व्यापारियों और उद्यमियों के हक में आवाज़ बुलंद की गई, तब उन पर बम से हमला हुआ। इस हमले में दो लोगों की मृत्यु हो गई थी और नन्दी जी गंभीर रूप से घायल हुए थे। सात माह तक अचेतावस्था में रहने के बाद वे स्वस्थ हुए, तभी से हर वर्ष 12 जुलाई को यह पुनर्प्राप्ति जन्मोत्सव




मनाया जाता है ।जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म में चार वर्ण होते हैं ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। वैश्य समाज आज विभिन्न उपजातियों में बंटा हुआ है, जिसे एकजुट करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स कंपनियाँ खुदरा व्यापारियों की आजीविका पर सीधा प्रहार कर रही हैं। ऑनलाइन व्यापार के कारण सबसे ज्यादा नुकसान रिटेल व्यापार को हो रहा है। उन्होंने सभा में मौजूद सभी प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि ऑनलाइन शॉपिंग का बहिष्कार करें, लोगों को इसके प्रति जागरूक करें और अपने-अपने परिवारों से सभी ई-कॉमर्स एप्लिकेशन डिलीट कराएं । कार्यक्रम को अनूप गुप्ता, गैंसड़ी विधानसभा प्रभारी राम शरण गुप्ता, विजय गुप्ता, राजन जायसवाल, कृष्ण गोपाल गुप्ता, राम गोपाल गुप्ता तथा संतोष गुप्ता सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर तुलसीपुर अध्यक्ष राजेश सोनी एडवोकेट, प्रदीप गुप्ता, राधेश्याम चौरसिया, संजय कमला, राजेश अग्रवाल, वीरेंद्र मोदनवाल, अमित कुमार श्रीवास्तव, संजय पटवा, गुलशन कमलापुरी सहित रेहरा बाजार, पचपेड़वा, हरिहरगंज, उतरौला और गैंसड़ी के वैश्य प्रतिनिधि बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़



थाना गोरई क्षेत्र अंतर्गत डीजल लेने बाइक से बाप और बेटा गोरई जा रहे थे। रास्ते में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बेटा तो उछलकर एक खेत में जा गिरा। पिता वाहन में फंसकर करीब 50 मीटर दूर तक घिसटता चला गया।

इगलास-गोरई मार्ग पर खपरिया बंबा के निकट बाइक सवार पिता-पुत्र को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिता वाहन में फंसकर काफी दूर तक घिसटता हुआ चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बेटा बाल-बाल बच गया। गोरई क्षेत्र के गांव शाहपुर ठठोई के ग्राम प्रधान ब्रजमोहन ने बताया कि गांव का महेश कुमार 40 वर्षीय शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे गांव से अपने बेटे विष्णु के साथ डीजल लेने के लिए गोरई जा रहा था। रास्ते में खपरिया बंबा के निकट पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे विष्णु तो उछलकर एक खेत में जा गिरा, वहीं महेश वाहन में फंसकर करीब 50 मीटर दूर तक घिसटता चला गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से महेश को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि महेश रोजाना मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। एक खेत पर अधबटाई पर लिया था, जहां सिंचाई के लिए वह डीजल लेने आते समय हादसे का शिकार हो गया, उसने अपने पीछे पत्नी सहित पांच बच्चों को बिलखते हुए छोड़ा है।

### गुरु पूर्णिमोत्सव: संस्कार भारती ने कला गुरुओं को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | आगरा

संस्कार भारती कला साधिका समिति आगरा महानगर द्वारा गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभुजी के चरणों में पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर संस्कार भारती के ध्येय गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर सुभाष पार्क स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निधि तिवारी का शॉल, माला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शाखा की समर्पित शिक्षिकाओं को भी उनके योगदान हेतु पटका व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन रेनू सिंघल और संचालन डॉ. अंशु अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा गुरु-वंदना, भजन एवं प्रेरक भाषण भी प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण पूर्णतः गुरुमय हो गया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्षा अनीता भार्गव, कोषाध्यक्ष मीना अग्रवाल, मंत्री संगठन नीता गर्ग, रेनू अग्रवाल, सुनीता पाठक, अनीता मित्तल, मीरा गर्ग, कुमकुम गर्ग, सुनीता पंडित, मधु बंसल, डॉ वैशाली दीक्षित आदि मौजूद रहीं।

# प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिंदुस्तान के सदस्यों को किया गया परिचय पत्र वितरण



जन एक्सप्रेस | उतरौला बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में रविवार को प्रेस ट्रस्ट ऑफ हिंदुस्तान मीडिया संगठन की जुलाई माह की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव (एडवोकेट) व तहसील अध्यक्ष अजय शर्मा (हैप्पी) की अध्यक्षता में तहसील सभागार उतरौला में आहूत की गई। जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को आयोजित की गई । बैठक में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी उतरौला राजेन्द्र बहादुर व विशिष्ट अतिथि तहसीलदार उतरौला सत्यपाल प्रजापति एवं उपनिरीक्षक गांधी नगर पुलिस चौकी उतरौला अजीत कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत संगठन के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया । साथ ही उन्हें अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भी भेंट किया गया । बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला कार्यकारणी का गठन करना व संगठन से जुड़े तहसील इकाई उतरौला के सदस्यों को संगठन का प्रेस कार्ड वितरित करना था। इसी के तहत मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के कर कमलों से सदस्यों को संगठन का प्रेस कार्ड वितरण किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव (एडवोकेट) की अध्यक्षता में जिला कार्यकारणी का गठन हुआ, जिसमें जिला उपाध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री राम विश्वास पांडेय उर्फ राजू पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री अखिलेश्वर पाण्डेय, मीडिया प्रभारी अजय कुमार वर्मा, तहसील प्रभारी तुलसीपुर मकसूद अनवर, तहसील महामंत्री तुलसीपुर शमीम अहमद, संगठन मंत्री रमेश चंद्र गुप्ता व तौफीक को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बैठक में मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार शाहिद हुसैन ने किया। इस अवसर पर पूर्व तहसील अध्यक्ष उतरौला पंकज श्रीवास्तव, तहसील महामंत्री बसंतराम मौर्य, राघवेन्द्र मिश्रा, अनुराग श्रीवास्तव (संजू), नुसरत, विकाश गुप्ता, शिवम सोनी, संजीश पटेल, सूरज सोनी, आशीष कुमार गुप्ता, रामचंद्र पाल, आदेश तिवारी, सुरेश कुमार गुप्ता, बीपी बौद्ध, आकाश गुप्ता, शहजाद खान व काजी सुहेल समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

### उर्वरक नीति को लेकर फुटकर उर्वरक विक्रेताओं की बैठक में जताया गया विरोध

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर क्षेत्र में पचपेड़वा फुटकर उर्वरक विक्रेता संगठन द्वारा पचपेड़वा में व्यापारियों ने वाहिद
खाद बीज भंडार की दुकान पर बैठक रविवार को बैठक आयोजित किया।
जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को आयोजित बैठक में व्यापारियों ने निर्णय लिया है कि जबतक सरकार द्वारा निर्धारित दर पर थोक विक्रेता द्वारा बिना टैगिंग के खाद नहीं दिया जायेगा तब तक खाद की विक्री नहीं की जायेगी। संगठन अध्यक्ष अभिमन्यु मौर्या ने बताया कि सरकार द्वारा 266 रुपए में यूरिया का दर बिक्री के लिए निर्धारित की गई है। लेकिन इस समय थोक विक्रेताओं द्वारा अपना पावर एक विशेष प्रकार का जैविक एवं एक बोरी सुपर फास्फेट टैगिंग करके दिया जा रहा है। जिसके चलते सभी उर्वरक विक्रेताओं के सामने समस्या आ रही है। उन्होंने बताया कि इस इस समय किसानों को मात्र यूरिया खाद की जरूरत है ऐसी स्थिति में यूरिया के साथ-साथ सुपरफास्ट दिए जाने से व्यापारियों पर अतिरिक्त दबाव बनाया जा रहा है जबकि सुपरफास्ट खाद का इस समय किसानों को जरूरत नहीं है। उर्वरक विक्रेताओं का आरोप है कि थोक विक्रेता द्वारा सुपर फास्फेट एवं अपना पावर और माइक्रो जिंक दिए जाने का दबाव दिए जाने से निर्धारित दर से अधिक यूरिया पड़ रहा है । जिसकी शिकायत व्यापारियों ने 28 जून को सामूहिक रूप से प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को ज्ञापन के माध्यम से दिया था। इसके बावजूद भी कार्रवाई नहीं की गई । मजबूर होकर के विक्रेताओं ने 12 जून को पचपेड़वा में पुन बैठक करके निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया खाद मिलने पर बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यूरिया खाद का उठान न करने पर अड़े हैं।? बैठक में संगठन अध्यक्ष सुनील मौर्य ,उपाध्यक्ष मनोज मौर्य महामंत्री अब्दुल कादरी ,कोषाध्यक्ष मनीष मौर्य शाह आलम, सोहेल खान, अशोक मौर्य याकूब , अखिलेश कुमार यादव ,वसीम अहमद राजेश यादव समेत करीब पचास उर्वरक विक्रेताओं ने एक साथ में निर्णय लिया है कि सरकार द्वारा निर्धारित दर पर यदि उर्वरक दुकान पर उपलब्ध नहीं कराई।

# मुस्लिम युवक ने आवारा गौवंश के साथ कुकर्म करने का किया प्रयास

## क्षेत्र के एक नागरिक ने उक्त घटना की बनाई वीडियो, विहिप कार्यकर्ताओं को दी जानकारी

जन एक्सप्रेस | आगरा



एक मुस्लिम युवक द्वारा आवारा गाय के साथ कुकर्म करने की कोशिश की गई। युवक की इन हरकतों का एक क्षेत्रीय नागरिक ने वीडियो बना लिया। घटना की सूचना पर विहिप के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को थाना जगदीशपुरा का घेराव किया, और आरोपी जावेद द्वारा किए गए कृत्य का वीडियो भी पुलिस को सौंपा है, विहिप कार्यकर्ताओं ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उक्त मामला थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के लक्ष्मी नगर स्थित रोडवेज कॉलौनी का बताया जा रहा है। विहिप कार्यकताओं ने बताया कि शुक्रवार की देर रात लगभग 1.15 बजे एक गाय कॉलौनी में खड़ी हुई थी। वीडियो में कॉलौनी का रहने वाला जावेद नामक युवक गाय के पास पहुंचा, और गलत हरकतें करने लगा। बाइक सवारों को नजदीक आते देख जावेद इधर उधर खिसक जाता है, और उनके चले जाने के बाद वह गाय के पास वापस लौटकर गलत हरकतें करने लग जाता है। घटना की सूचना पर विश्व हिन्दू परिषद के दर्जनों कार्यकर्ता शनिवार को थाना जगदीशपुरा का घेराव करते हुए आरोपी जावेद के खिलाफ तहरीर और साक्ष्य सौपते हुए आरोपी जावेद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में विहिप प्रांत उपाध्यक्ष सुनील पाराशर, प्रान्त संयोजक दिग्विजयनाथ तिवारी, जिला मंत्री करण गर्ग, जिला सह मंत्री शिवम दुबे, जिला संयोजक अनुज पाठक, कार्तिक मुद्गल, शिवम अग्रवाल, दीपांशु राठौड़, अमित चौहान, सूरज रॉय, सुमित निगम, ओनिक, शिवम शर्मा, विजय सूर्यवंशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईफोन के लिए लूटी थी आलू व्यापारी की चेन

## पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपियों को दस घंटे के भीतर दबोचा

जन एक्सप्रेस | आगरा

आईफोन खरीदने के लिए आलू व्यापारी की चेन लूटी थी। लूट की वारदात को अंजाम देने वाले सगे भाई है। व्यापारी की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें दो नाबालिग चेन लूटने के बाद बाइक पर जाते हुए दिखे। पुलिस ने बाइक का नंबर निकालकर 10 घंटे के अंदर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त से मामा अभी फरार है, तलाश की जा रही है।

थाना ताजगंज क्षेत्र के विश्वकर्मापुरम ताजगंज निवासी महेंद्र सिंह आलू के एक बड़े व्यापारी हैं। प्रतिदिन की भांति वह शुक्रवार की सुबह भी जोनल पार्क में टहलने गए हुए थे। सुबह लगभग 7.25 बजे वो जैसे ही पार्क से बाहर निकले। तभी पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उनके गले से चेन तोड़ ली और मौके से फरार हो गए। व्यापारी महेंद्र सिंह ने शोर मचाते हुए उनका पीछा भी किया, लेकिन बाइक सवार बदमाशों को पकड़ नहीं सके। इसके बाद पीड़ित व्यापारी ने लूट की घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर डीसीपी सिटी सोनम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को बताया कि उनकी सोने की चेन लगभग सौ ग्राम की थी। इसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये है। इस पर

### रेकी के बाद व्यापारी को बनाया शिकार

पुलिस द्वारा पकडें गए अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग एक दिन पार्क में घूमने गए हुए थे। वहीं पर टहलते हुए व्यापारी के गले में सोने की मोटी चेन देखी थी। इसके बाद हमारे मन में आईफोन खरीदने का विचार आया। जिसके बाद व्यापारी से लूट की बारदात करने के लिए व्यापारी पर नजर रखने लगे थे। हम लोगों ने देखा कि व्यापारी रोजाना सुबह पार्क में टहलने आता है। इसके बाद शुक्रवार सुबह हमने चेन लूट ली।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले। जिसमें पार्क के बाहर लगे एक कैमरे में दो नाबालिग बाइक से जाते हुए दिखाई दिये। पुलिस ने बाइक का नंबर निकाला और लुटेरों को 10 घंटे में ही दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों में एक 10वीं में और दूसरा 11वीं का छात्र है। दोनों आपस में सगे भाई हैं, और एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। उन्होंने आईफोन खरीदने के लिए आलू व्यापारी की चेन लूटी थी। डीसीपी सोनम कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी चेन लूटने के बाद अपने मामा प्रवेश निवासी उखर्रा सदर के पास पहुंचे। युवकों ने बताया था कि वे एक सोने की चेन लेकर आए हैं। इसे किसी सुनार को बेचना है। इस पर मामा ने चेन बेचने के लिए रकम में हिस्सेदारी मांगी थी। मामा प्रवेश ने एक सुनार से दोनों लड़कों को चेन के बदले 1.92 लाख रुपये कैश और 80 हजार रुपये ऑनलाइन दिलाए थे। पैसा प्राप्त होने के बाद एक युवक ने एक लाख रुपये का आईफोन खरीद लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से खरीदा हुआ आईफोन और 1.72 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि मामा अभी फरार है। पकड़े गए चेन लुटेरे नाबालिग हैं। दोनों ने आईफोन खरीदने के लिए लूट की थी। दोनों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

# परशुरामपुर थाना क्षेत्र में धधक रही है मौत की भट्टी! क्या पुलिस को है बड़ी घटना का इंतजार?

- मनोरमा नदी के साथ में बहता है कच्ची शराब का दरिया! पुलिस की संदिग्ध चुप्पी?
- बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से बन रहा है दुखेड़ी, अचरवल, हननहवा, वेरता में सहित दर्जनों गांव में कच्ची शराब! परसरामपुर पुलिस बेखबर

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**






बस्ती जिले के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक अभिनंदन की सख्त निर्देश के बावजूद भी परशुरामपुर पुलिस की नाकामी के चलते थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों के हौसले सातवें आसमान पर है। अवैध कच्ची शराब से लेकर बड़े पैमाने पर हुए के कारोबारी हजारों परिवार की जिंदगी बर्बाद कर रहे है। जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र में मनोरमा नदी के साथ-साथ कच्ची शराब का दरिया भी बहता है।

कच्ची शराब के उत्पादन और बिक्री में परसरामपुर अव्वल है। कुटीर उद्योग के रूप में पांव पसार चुके इस कारोबार में स्थानीय पुलिस की हिस्सेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि शासन-प्रशासन के निर्देशों का स्थानीय पुलिस को कोई असर नहीं होता। कच्ची शराब निमार्ताओं व विक्रेताओं पर पुलिस तभी शिकंजा कसती है, जब ऊपर से अधिकारी ज्यादा सख्ती करते हैं। पुलिस कुछ भट्ठियां व शराब पकड़ कर चंद लोगों पर कार्यवाही कर कोरम पूरा करती है।

### नवयुवक भी हो रहे नशे के आदी, कही अपराध की जड़ है नशा तो नहीं!

परसरामपुर थाना क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार बहुत तेजी से फैल रहा है। इसमें युवाओं की भी भूमिका सक्रिय है। नशा एक फैशन सा बन गया है। शादी हो या पार्टी किसी भी अवसर पर शराब के शौकीन युवा नशा करने से नहीं चुकते। इसका खामियाजा भी जनपदवासियों को भुगतना पड़ रहा है। हर रोज दुर्घटनाएं, हत्या, लूट एवं डकैती की घटनाएं हो रही हैं। इसके पीछे कच्ची शराब का भी सहयोग है। युवाओं के अंदर बढ़ रही नशा की लत से समाज में कई तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। जो देश समाज के लिए अच्छी खबर नहीं है।

### सैकड़ो घर कच्ची शराब से हो चुके बेघर, फिर भी नहीं चेत रही पुलिस

इस कच्ची शराब ने न जाने कितने घर परिवार को बर्बाद कर दिया है फिर भी बेचने वाले को पीने वाले इस चीज से बाज नहीं आ रहे हैं। कच्ची शराब का धड़ल्ले से हो रहा कारोबार समाज के लिए ठीक नहीं है। इस कच्ची के लत की वजह से गांवों एवं नर्सरियों के बच्चे जवान होने से पहले ही बूढ़े हो जाते हैं। कितनों ने तो नशा की लत में अपने बीवी के गहने, बर्तन आदि बेच डाले। इससे भी मन नहीं भरता तो खेत भी गिरवी रख देते हैं। कुछ तो खेतों को बेचकर भूमिहीन हो गए। उनके बच्चे बेघर हो गए।

### हल्का इंचार्ज दिनेश सिंह की निष्क्रियता! वेरता टावर के पास कच्ची माफिया कालू लोगो को पीला रहा मौत का जाम

कच्ची माफिया कालू के ऊपर आभकारी अभिनयम के तहत पहले भी कई मुकदमे दर्ज है। इसके बावजूद वह लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर मौत का जाम परोस रहा है। जिससे आसपास के लोग इसके कारनामे से काफी परेशान है आए दिन कच्ची शराब पीकर लोग बवाल करते रहते हैं। नशे की लत से समाज में कई तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। जो देश समाज के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। लेकिन हल्का इंचार्ज दिनेश सिंह की निष्क्रियता,नाकामी के चलते खुले आम लोगों को मौत का जाम पिलाने वाले कालू पर कार्यवाही नहीं होती है।

### चौकी इंचार्ज सिकंदरपुर रमेश साहनी की नाकामी के चलते नहीं हो रहा जुआं माफिया राजू टेलर पर कार्यवाही

सिकंदरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में जुआं माफिआओ पर चौकी इंचार्ज रमेश साहनी के निष्क्रियता, नाकामी के चलते जुआं माफिया राजू टेलर पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। रमेश साहनी को तेजतर्रार कप्तान अभिनन्दन का जरा सा भी खौफ नहीं है। पुलिस अफसरो का कहना है कि जुआरियों से अगर पुलिस की संलिप्तता होगी तो पुलिस कर्मियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### इन जगहों धड़कती है मौत की भट्टी! पुलिस की संदिग्ध चुप्पी?

परसरामपुर पुलिस की नाकामी के चलते पुलिस चौकी से महज कुछ दूर ही अचरवल गांव, में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब के माफिया बेखौफ होकर धंधे को चला रहे हैं। लेकिन परसरामपुर पुलिस कुंभ करणी नींद में सो रही हैं।

वहीं मखौड़ा से कुसमोर बंधे के बगल हड़ही गांव के नाले के पास व मखौड़ा से सालेपुर रोड के बगल लाला बगिया में धंधेबाज कच्ची दारू बना रहे है।

कच्ची माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद है कि इनको पुलिस का जरा सा भी डर नहीं है। थाना क्षेत्र के सैकड़ो गांव में मौत का जाम छलकता है। आबादी के बीच कई गांव में अवैध कच्ची शराब वेरता, करिगहना, हननहवा सिकंदरपुर, अचरवल, नेदुला, रजवापुर, दुखेड़ी में धड़ल्ले अवैध कच्ची शराब बिक रही है।

# भारतीय शिक्षा बोर्ड से जुड़ कर मूल्यनिष्ठ शिक्षा प्रणाली का करें निर्माण: एनपी सिंह

- शिक्षा सिर्फ नौकरी नहीं, जीवन के समग्र विकास के लिए होनी चाहिए, डॉ दिनेश चंद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




भारतीय शिक्षा बोर्ड की बहुप्रतीक्षित बैठक रविवार को शहर के एक होटल में संपन्न हुई।

जिसमें कक्षा 8 से 10वीं और 12वीं तक संचालित हो रहे जिले भर के निजी विद्यालयों के प्रबंधकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में उपस्थित विद्यालय प्रबंधकों को संबोधित करते हुए भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पूर्व आईएएस डॉ. एन.पी.सिंह ने कहा कि यह बोर्ड राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए कार्य कर रहा है। शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं, बल्कि जीवन के समग्र विकास के लिए होनी चाहिए।

डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना है जिसमें आधुनिक विज्ञान, गणित और तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, संस्कृत, गीता और अन्य भारतीय ज्ञान परंपराओं का समावेश हो। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा पद्धति को पुनः जीवंत कर विश्वगुरु बनने की दिशा में यह एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निजी विद्यालयों को इस बोर्ड से जोड़कर एक स्वदेशी, सशक्त और मूल्यनिष्ठ शिक्षा प्रणाली का निर्माण किया जा रहा है। जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ संस्कारित भी करेगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिकों का निर्माण करना है। उन्होंने भारतीय शिक्षा बोर्ड की इस पहल की सराहना करते हुए जिले के विद्यालयों से इसमें सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। बैठक में आए विद्यालय प्रबंधकों ने बोर्ड की नीतियों और दृष्टिकोण की सराहना करते हुए जुड़ने की इच्छा जताई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने बोर्ड की प्रशंसा करते हुए अपील किया कि इस बोर्ड से सभी निजी विद्यालयों को अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की जरूरत है। इस मौके पर पूर्व विधायक हरेंद्र देव सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, सभाजीत द्विवेदी प्रखर, डॉ चन्द्रजीत मौर्य, डॉ प्रदीप सिंह, अन्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति द्वारा किया गया।

### दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ

जौनपुर। भारतीय शिक्षा बोर्ड के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी अध्यक्ष डॉ एनपी सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने शंखनाद और दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने भारतीय शिक्षा बोर्ड की इस पहल की सराहना करते हुए कहा की प्रदेश भर में काफी तेजी से निजी विद्यालय की प्रबंधक जुड़ रहे हैं। यही वजह है कि आगे चलकर देश और समाज का बेहतर निर्माण करने में यह बोर्ड मिल का पत्थर साबित होगा।

### इनकी उपस्थिति रही महत्वपूर्ण

जौनपुर। शहर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पतंजलि युवा भारत के राज्य प्रभारी बृजमोहन, जेब्रा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष संजय सेठ,पतंजलि योग समिति उत्तर प्रदेश के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी शशिभूषण, शंभुनाथ, अमरनाथ सेठ, मनोज विश्वकर्मा, डॉ हेमंत, विकास सहित अनेकों शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों के शिक्षक, प्रबंधक और शिक्षक संगठनों की उपस्थिति रही।

# छींटे पड़ने के विवाद में युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



खुटहन थाना क्षेत्र के तिघरा मोड़ के पास शनिवार की शाम मामूली विवाद में एक युवक की कुल्हाड़ी से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शेखपुरा सुतौली गांव निवासी जयनाथ के 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक, संतोष कुमार अपने छोटे भाई के साथ शाम करीब सात बजे मोटरसाइकिल से खुटहन बाजार डीजल लेने जा रहा था। रास्ते में तिघरा मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े तीन लोगों पर बाइक से पानी का छींटे पड़ गईं। इसी बात को लेकर तीनों ने बाइक सवार भाइयों को गाली-गलौज दिया, हालांकि बाइक सवार दोनो भाई उस समय विवाद को टालते हुए डीजल लेने के लिए निकल गए। जब संतोष डीजल लेकर वापस लौट रहा था, उसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे तीनों युवकों ने उसे घेरकर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसी बीच घटना की जानकारी जैसे परिजनों को मिली वे वहां पहुंच गए तो देखा खून से लथपथ अवस्था में संतोष जमीन पर गिरकर तड़प रहा था। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटहन ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने तीनों हमलावरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। अब यह सोचने की बात है कि छींटे जैसे छोटे छोटे मामलों में इतना उग्र हो जाना कि हत्या जैसी घटना को अंजाम दे देना हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। कही न कही हमारे संयम की सहनशक्ति धीरे धीरे खत्म होती जा रही है जो कि एक स्वस्थ समाज के लिए घातक है।

# पहले नवजात फिर पत्नी ने तोड़ा दम, झोलाछाप हुआ फरार




**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बदायूं के सहसवान कस्बे में झोलाछाप ने बिना जांच के ही प्रसूता का प्रसव शुरू कर दिया। जिसमें पहले नवजात की मौत हो गई और आधा घंटे में ही प्रसूता ने भी दम तोड़ दिया। जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। यह देख झोलाछाप मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों को कठोर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांत कराया गया। शव पोस्टमॉर्टम को भेज दिए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर खैरू के रहने वाले कय्यूम ने अपनी पत्नी मुस्कान (25) को प्रसव पीड़ा होने पर रविवार सुबह करीब चार बजे मोहल्ला मिर्धा टोला स्थित एक झोलाछाप के यहां भर्ती कराया। मौजूद कर्मचारियों व कथित डॉक्टर ने सामान्य प्रसव होने की बात कही। पति का आरोप है कि कुछ ही देर में कर्मचारी ने पत्नी को एक इंजेक्शन लगा दिया। कुछ ही देर में मुस्कान ने बेटी को जन्म दिया, जिसकी मौत हो गई। इसके बाद मुस्कान की हालत बिगड़ गई और देखते ही देखते प्रसूता मुस्कान ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों ने गलत इलाज व इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों को कठोर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांत किया गया और शव पोस्टमॉर्टम को भेज दिए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर राजेंद्र बहादुर सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है।

# फार्मासिस्ट एसोसिएशन के ब्लाक पदाधिकारी की घोषणा



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

रविवार को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष गिरजेश सेन की अध्यक्षता में हर्दिया चौराहा स्थित एक सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में फार्मासिस्टों की समस्याओं पर चर्चा के साथ ही सांगठनिक मजबूती के लिये ब्लाक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसी कड़ी में फारूक अब्दुल्ला को आई.टी. सेल का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया।

यह जानकारी देते हुये एसोसिएशन महासचिव वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि सर्व सम्मत से बहादुरपुर ब्लाक से सूरज चौहान, बनकटी से अब्दुर रशीद, गौर- सन्तोष सोनकर, कुदरहा से रमेश निराला, परशुरामपुर से आत्माराम वर्मा, रामनगर से सुनील चौधरी, रूधौली से अश्विनी, सल्टौआ गोपालपुर से विशालमणि त्रिपाठी, साऊंघाट से अनूप चौरसिया, विक्रमजोत से रवि प्रकाश श्रीवास्तव, दुबौलिया से सत्येन्द्र सेन को ब्लाक स्तरीय अध्यक्ष घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष गिरजेश सेन ने घोषित ब्लाक अध्यक्षों से कहा है कि वे 15 दिन के भीतर अपनी ब्लाक कार्यकारिणी घोषित कर जिला इकाई को अवगत करा दें। एसोसिएशन के प्रदेश सचिव विजय पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष प्रमेन्द्र गौतम ने फार्मासिस्टों का आवाहन किया कि वे अपनी एकजुटता बनाये रखें। एसोसिएशन उनके हितों के लिये निरन्तर संघर्ष कर रहा है। फार्मासिस्टों की नियुक्ति को लेकर निरन्तर संवाद बनाया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से परमात्मा प्रसाद, सिद्धार्थ सिंह, श्याम मोहन चौधरी, धर्मनाथ, अजय चौधरी, विक्रम शर्मा, रामाशीष वर्मा, सतीश वर्मा, सुनील, राकेश, सन्तोष सोनकर, राजकुमार, लवकुश, प्रमोद दूबे के साथ ही अनेक फार्मासिस्ट, एसोसिशन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

गौराबादशाहपुर से रविवार को कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम देवधर (झारखंड) के लिए रवाना हो गया। रवाना होने से पूर्व कांवरियों ने कस्बे के सभी शिवालयों में दर्शन पूजन किया। डीजे साउंड के साथ कांवरियों ने कस्बे में जुलूस निकाला। इस दौरान बोल बम व हर हर महादेव के जयकारा से पूरा इलाका गूंज उठा। कई संस्था और समाजसेवियों ने जगह जगह कांवरियों को जलपान कराते हुए उनकी यात्रा सफल होने के लिए मंगल कामना किया। बाबा धाम जाने वालों में हरिशंकर बाबा, राजमणि कहा कि क्षेत्र और इलाके में आपसी सौहार्द को बनाए रखने के लिए हम लोग प्रत्येक वर्ष बाबा धाम जाते हैं। हम लोगों का संकल्प है कि इलाके में आपसी सौहार्द बना रहे और क्षेत्र तरक्की करें। इस मौके पर सोमजीत गुप्त, शंकर मोदनवाल, रक्कू गुप्त, विनोद गौतम, गोवर्धन, नीरज सेठ, राजू प्रजापति, पिंटू साहू आदि शामिल रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### श्रीचंद महाविद्यालय पिलखिनी में हुआ पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** गौराबादशाहपुर के पिलखिनी स्थित श्रीचंद जी महाविद्यालय में रविवार को पौधरोपण का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रबंधक रवींद्र प्रताप सिंह ने कालेज परिसर में पौधा लगाकर पौधरोपण का शुभारंभ किया। उन्होंने कालेज स्टाफ और छात्रों से एक एक पौधे लगवाया। प्रबंधक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधरोपण बहुत जरूरी है। यह हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। प्राचार्य सुनील सिंह विद्यालय के सभी छात्राओं से पौधारोपण में सहयोग करने के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार पौधा उपलब्ध कराएगा। आप लोगों को अधिक से अधिक पौध रोपण करने की जरूरत है। जिससे प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभियान में सफलता मिल सके। इस मौके पर ज्योत्सना सिंह, बृजेश सिंह, मनोज सिंह, राजेश सिंह, बृजकेश सिंह आदि रहे

### समाजसेवी को दी गयी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जफराबाद धर्मापुर गांव निवासी समाजसेवी रामदुलार पाल को रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दिया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लोगों ने समाज के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि रामदुलार पाल ने अपने जीवन में हर किसी का मानसिक व शारीरिक रूप से मदद किया। आर्थिक स्थित चाहे जैसी रही हो वे अपने क्षमता से लोगो के दु:ख सुख में हमेशा साथ दिया करते थे। उनका चरित्र अनुकरणीय है। उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रविन्द्र पाल, राजेश पाल, रवी पाल, शिशु त्रिपाठी, कृपाशंकर यादव, नवनीत यादव, विवेक सिंहसहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नाबालिग ने राजस्थान की युवती से किया समलैंगिक विवाह

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** यूपी के बदायूं जिले के अलापुर थाना इलाके के एक गांव की कक्षा छह की छात्रा को अपने से सात साल बड़ी युवती से प्यार हो गया और उससे विवाह भी कर लिया। यह छात्रा नौ जुलाई को लापता हो गई थी। पुलिस को कॉल डिटेल के आधार पर वह हरियाणा में एक युवती के कमरे में मिली। पूछताछ करने पर किशोरी व युवती ने समलैंगिग विवाह की बात स्वीकार की है। पुलिस ने छात्रा को बहला फुसलाकर अगवा करने के आरोप में युवती को जेल भेज दिया है। छात्रा के लापता होने पर पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने छात्रा की तलाश शुरू की। पुलिस को छात्रा की लोकेशन हरियाणा के गुरुग्राम जिले के शिवाजीनगर में मिली। पुलिस को 11 जुलाई को छात्रा एक युवती के साथ मिली। पुलिस दोनों को लेकर हरियाणा से अलापुर थाने आई। यहां दोनों से पूछताछ की गई। इस पर दोनों ने जो राज उगले, उसे सुनकर पुलिस व परिजन हैरान रह गए। युवती ने अपना नाम रचना उर्फ अभि (22) बताया। वह भरतपुर, राजस्थान की है। युवती व किशोरी ने पुलिस को बताया कि दोनों इंस्टाग्राम चलाती थीं। उसी के माध्यम से दोनों की दोस्ती हो गई थी। इससे दोनों एक दूसरे से बातचीत करने लगीं। दोनों के बीच प्यार हो गया। दोनों ने एक दूसरे से समलैंगिक रिश्ता अपनाने व शादी करने की ठानी।

# तुम कांवड़ लेने मत जाना... ज्ञान का दीप जलाना, शिक्षक का वीडियो वायरल, विवाद शुरू

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली के बहेड़ी स्थित एमजीएम इंटर कॉलेज के अध्यापक रजनीश गंगवार का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कॉलेज में बच्चों को कविता सुनाते दिखाई दे रहे हैं। कविता के बोल हैं, तुम कांवड़ लेने मत जाना... ज्ञान का दीप जलाना। उनका वीडियो वायरल होने पर विवाद खड़ा हो गया है। लोगों ने उनकी कविता का विरोध किया है। लोगों का कहना है कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर रहे हैं, तब शिक्षक इस तरह का ज्ञान दे रहे हैं।

अध्यापक की वायरल कविता पर विवाद खड़ा हो गया है, क्योंकि कुछ लोग इसे धर्म से जोड़कर देख रहे हैं। लोगों का कहना है कि अध्यापक का काम छात्रों को ज्ञान देना है, न कि उन्हें धर्म से भ्रमित करना। जब गुरु ही धर्म को भ्रमित करने के मार्ग बताएंगे, तो छात्रों का क्या दोष होगा? शिक्षकों की भूमिका छात्रों को सही ज्ञान और मूल्यों को प्रदान करना है। उन्हें छात्रों को स्वतंत्र और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षक को इस तरह की कविता सार्वजनिक रूप से नहीं कहनी चाहिए, क्योंकि उनके बयान छात्रों पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद, लोगों ने अध्यापक की बयानबाजी पर सवाल उठाए हैं। कुछ लोगों ने मांग की है कि अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, जबकि अन्य लोगों ने अध्यापक के बयान का समर्थन किया है।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में जय श्रीराम न कहने पर छात्रों को पीटा

**जन एक्सप्रेस। बरेली**




बरेली के फतेहगंज पश्चिमी इलाके में स्थित एएनए इंजीनियरिंग कॉलेज में धार्मिक नारा न लगाने और छात्रा से बात करने के शक के चलते बरेली निवासी छात्रों ने रामपुर निवासी छात्रों को पीटकर घायल कर दिया। एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद थाना पुलिस ने छह नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हालांकि अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित ने कॉलेज प्रशासन और स्थानीय पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया है। मारपीट की घटना कॉलेज गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है।

एएनए इंजीनियरिंग कॉलेज के बीएससी नर्सिंग के छात्रों के बीच एक छात्रा से बात करने को लेकर विवाद हो गया। रामपुर के थाना शहजाद नगर के गांव दुर्गनगला निवासी बीएससी नर्सिंग के तीसरे वर्ष के छात्र फैसल ,अरकान और कमल दिवाकर रामपुर से कॉलेज आते है। किसी छात्रा से बात करने लेकर फैसल का बरेली शहर निवासी नितिन से तनातनी चल रही थी। दो दिन पहले फैसल की शिकायत पर कॉलेज प्रधानाचार्य ने दोनों को डांटकर ठीक से पढ़ाई करने की हिदायत दी थी। शिकायत से बौखलाकर शुक्रवार को नितिन ने फैसल को कॉल कर दी। करीब पांच मिनट तक दोनों के बीच काफी गाली गलौज हुई। आरोप है कि नितिन ने फैसल के कॉलेज आने पर जय श्रीराम कहने का दबाव बनाया। फैसल ने विरोध किया। दोनों में खूब कहासुनी हुई। अगले दिन शनिवार को फैसल और उसके दोनों साथी रामपुर से कॉलेज आए। फैसल के मुताबिक छुट्टी के बाद नितिन और उसके कॉलेज और बाहर से बुलाए गए सभी साथी गेट पर इकट्ठे थे।

### प्रधानाचार्य ने पीड़ित छात्र की नहीं सुनी

इसकी भनक लगने पर फैसल ने कॉलेज प्रधानाचार्य विनीता राज को बताया। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने उसकी बात को नजरअंदाज कर दिया। जब फैसल और उसके दोनों साथी कॉलेज के बाहर गेट पर पहुंचे तो पहले से मौजूद नितिन और उसके 15 साथियों ने लाठी डंडों, रॉड से पीटकर घायल कर दिया। जब तीनों मरणासन्न स्थिति में बेसुध हो गए तब आरोपी अपने-अपने वाहनों से भाग गए। होश में आने पर फैसल ने घर पर सूचना की। शाम को परिजनों के साथ पहुंचे फैसल के भाई अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ की सूचना पर यूपी 112 पुलिस तीनों घायलों को थाना ले आई। अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ ने थाना पुलिस पर गलत व्यवहार करने व कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। अधिवक्ता ने एसएसपी से शिकायत की।


एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर थाना पुलिस ने नितिन,विकेश,अमन राठौर, अमन त्यागी, चंद्रशेखर और नितिन के भाई समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नौकरी, मकान और शादी कराने का लालच देकर कराता था धर्मांतरण, एक आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली के फरीदपुर में पुलिस ने धर्मांतरण के आरोप में मऊ निवासी शख्स को गिरफ्तार किया है। वह कस्बे में किराये का मकान लेकर उसमें हिंदू परिवारों को बुलाकर उन्हें लालच देकर व गुमराह कर धर्म परिवर्तन कर रहा था। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिली तो वह भी धर्म परिवर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पादरी ने सबको जल पिलाया। उसके बाद सभी से कहा कि जल पीने के बाद अब सब लोग ईसाई बन गए हो। इसके बाद हिंदू संगठन के लोगों ने पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शख्स से पूछताछ कर उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। संगठन के कार्यकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फरीदपुर के मोहल्ला लाइन पर मठिया निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि ईसाई मिशनरी द्वारा अवैध तरीके से धर्मांतरण करवाया जा रहा था। मऊ शहर के मुंगेश्वर निवासी मिशनरी लाल जी मोहल्ला फर्रखपुर में किराये का मकान लेकर अपनी टीम के साथ लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करवाता है। लोगों को रुपयों, नौकरी, मकान देने व शादी करवाने का लालच दिया जाता है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण में विदेशी देशों से फंडिंग का भी अंदेशा है। आरोपी किराए के मकान में हर रविवार को 10 बजे से एक बजे तक कार्यक्रम करता था। रविवार सुबह 10:30 पर जब शिकायतकर्ता अपने संगठन के लोगों के साथ प्रार्थना सभा में बैठा तो सभी लोगों को जल पिलाकर कहा जाओ अब सब लोग ईसाई बन गए हो तुम सब का कल्याण ईसा मसीह करेंगे।

# विवाहिता से दुराचार बनाई अश्लील वीडियो



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिद्धौर। थाना असन्द्रा अन्तर्गत निमंत्रण के बहाने घर पर बुलाकर दबंगो ने विवाहिता के साथ में जबरदस्ती दुष्कर्म का किया। वहीं दबंगो के एक साथी ने उसका वीडियो बना लिया। उसके बाद उन दबंगो ने धमकी दी कि अगर कहीं षिकायत की तो वीडियो सोषल मीडिया पर वायरल कर देंगे। इसी बात से आहत होकर विवाहिता ने कीटनाषक दवा पीकर आत्महत्या का असफल प्रयास किया। गम्भीर अवस्था में उसकी शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। रविवार को पीड़िता के पति ने नामजद तहरीर थाना असन्द्रा में दी है। थाना प्रभारी आलोक मंणि त्रिपाठी का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल करायी जा रही है। उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के अनुसार, थाना असन्द्रा अन्तर्गत आने वाली पुलिस चौकी सिद्धौर क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला को बीती 7 जून की रात को 11 बजे एक महिला ने अपने घर पर निमंत्रण के नाम पर बुलाया और उसके बाद उसके साथ में एक व्यक्ति ने जबरदस्ती दुराचार किया वहीं दूसरे व्यक्ति ने उसका अष्लील वीडियो बना लिया वीडियो बनाने के बाद दोनो लोगों ने विवाहिता को धमकी दी कि अगर कहीं इसकी षिकायत किसी से की तो अंजाम काफी बुरा होगा। पीड़िता ने उक्त बात को किसी से बताने की हिम्मत नही कर सकी। क्योंकि हर बार दबंग उसको यही धमकी देते रहें कि अगर कहीं आवाज निकली तो अंजाम काफी भयानक होगा।

इसी बात से आहत होकर बीती 1 जुलाई को विवाहिता ने कीटनाषक दवा पी ली गम्भीर अवस्था में उसको जिले के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। चूंकि विवाहिता का पति गैरजनपद में रहता था और मजदूरी करता था जब उसको इस बात की जानकारी मिली तो वह घर पर आया और उसके बाद उसकी पत्नी ने सारी आपबीती बतायी।

रविवार दोपहर पीड़िता का पति थाना असन्द्रा पहुंचा और नामजद तहरीर कोतवाली प्रभारी असन्द्रा आलोक मणि त्रिपाठी को दी। मामले को गम्भीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि षिकायती पत्र मिला है लगभग डेढ़ माह पहले की घटना है उसकी जांच करायी जा रही है उन्होंने यह भी बताया कि जिस युवक पर दुराचार का आरोप लगाया गया है वह वर्तमान समय में दुबई में है। उनका यह भी कहना था कि सारे तथ्यों की जांच पड़ताल करने के बाद ही मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जायेगी। वहीं विवाहिता की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

## बदमाशों ने ड्राइवर को बेहोश कर ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोबाइल और नकदी लूटी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

टिकैतनगर के ग्राम अमोली कीरतपुर निवासी सरोज देवी ने न्यायालय की शरण लेकर ट्रैक्टर लूट की घटना में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। वादिनी के अनुसार, उनका पुत्र ननकू 12 जनवरी 2022 की रात करीब 10 बजे अपने बाराबंकी नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली से सूजागंज बालू खदान जा रहा था।बारिनाबाग चौराहे पर तीन अज्ञात युवकों ने लिफ्ट के बहाने वाहन रुकवाया और कुछ दूरी पर जाकर चालक को कपड़ा मुंह पर डालकर बेहोश कर दिया। इसके बाद बदमाश ट्रैक्टर-ट्रॉली, ड्राइवर का मोबाइल फोन और पांच हजार नकद लेकर फरार हो गए। बेहोश चालक को मोहदीपुर गांव के पास फेंक दिया गया। होश में आने पर उसने किसी राहगीर के फोन से घरवालों को सूचना दी। पीड़िता ने टिकैतनगर थाने में तत्काल शिकायत दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। बाद में मुख्यमंत्री पोर्टल, पुलिस महानिदेशक कार्यालय और महिला आयोग समेत कई उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी गई,लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब पीड़िता ने जिले की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में रिपोर्ट दर्ज करने की याचिका दी है।

# मुसलमानों के प्रति झूठी हमदर्दी न दिखाएं अखिलेश: वसीम राईन

- आल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने साधा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर निषाना

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

आल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की मुसलमानों के प्रति कथित हमदर्दी सिर्फ़ कैमरे और मंचों तक सीमित रही है। उनकी पाँच वर्षीय सरकार में अल्पसंख्यकों के नाम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएँ तो खूब हुईं, मगर हकीकत यह है कि अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी एक भी बैठक उन्होंने अपनी सरकार में नहीं की। यह क्या साबित करता है यही कि अल्पसंख्यक हित सिर्फ एक चुनावी मुद्दा था, जमीन पर न नीयत थी, न ईमानदारी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अखिलेश यादव ने पसमान्दा मुसलमानों को सिर्फ़ 'बोट बैंक' समझा। जब सत्ता मिली, तो दरी बिछाने और नारे लगाने से आगे उन्हें कोई भागीदारी नहीं दी गई। सत्ता, सदन और संगठन तीनों जगहों पर जो चेहरे नजर आए वो वही थे जो ऊँचें सामाजिक तबकों से आते हैं। जबकि यह सर्वविदित है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को सत्ता तक पहुँचाने में पसमान्दा मुसलमानों की भागीदारी सबसे निर्णायक रही है। क्या पसमान्दा समाज सिर्फ़ भीड़ बनकर रहेगा? क्या हमें सिर्फ नारे लगाने और कुर्सियाँ सजाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा? क्या हमारी समस्याएं, हमारी भागीदारी, हमारे प्रतिनिधित्व का कोई मतलब नहीं? वसीम राईन ने सवाल किया कि हम यह पूछना चाहते हैं कि अखिलेश यादव की सरकार में कितने पसमान्दा मुसलमान मंत्री बने? कितने जिला अध्यक्ष, विधानसभा टिकट या संगठनात्मक पद ऐसे लोगों को मिले जो जमीन से आए, जो दर्जी, नाई, बुनकर, हलवाई, लोहार, कासगर, मल्लाह, धोबी या मोची समुदाय से थे? क्या सिर्फ़ ऊँची जातियों के नाम बदलकर उन्हें मुसलमान कह देने से हम सबका प्रतिनिधित्व पूरा हो गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि आज जब देशभर में पसमान्दा समाज जागरूक हो रहा है, तब भी कुछ तथाकथित सेक्युलर दल हमें सिर्फ़ एक संख्या मानते हैं हमारी गरीबी, पिछड़ापन, अशिक्षा उनके लिए सिर्फ़ भाषणों का हिस्सा है, समाधान का नहीं। अब समय आ गया है कि पसमान्दा समाज अपनी राजनीतिक चेतना को विस्तार दे, और यह तय करे कि जो दल उन्हें सिर्फ़ 'इस्तेमाल' करता है, उसे फिर से सिर पर नहीं बैठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम अखिलेश यादव जैसे नेताओं को यह साफ़ संदेश देना चाहते हैं कि अब दिखावटी हमदर्दी से काम नहीं चलेगा। सत्ता में भागीदारी, संगठन में प्रतिनिधित्व और ज़मीनी मुद्दों पर ठोस काम, यही अब हमारी प्राथमिकता है। जो दल यह नहीं समझेगा, वह पसमान्दा समाज की आवाज़ खो देगा।

# सिद्धेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को नही होगी कोई तकलीफ: आशुतोष त्रिपाठी

- अधिषाषी अधिकारी और चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया सिद्धेष्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




सिद्धौर। नगर पंचायत सिद्धौर के अधिषाषी अधिकारी आषुतोष त्रिपाठी ने चेयरमैन प्रतिनिधि के साथ में सिद्धेष्वर महादेव मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया और वहां पर सारी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देषित किया। गौरतलब हो कि सावन माह का पहला सोमवार 14 जुलाई को है। इसी को ध्यान में रखते हुए रविवार को अधिषाषी अधिकारी सिद्धौर आषुतोष त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, वरिष्ठ लिपिक श्रीष मिश्रा आदि लोग सिद्धेष्वर वार्ड में स्थित सदियो पुराना भगवान भोलेनाथ के मंदिर के परिसर में पहुंचे अधिषाषी अधिकारी ने इन लोगों के साथ में मंदिर के हर क्षेत्र में जा करके निरीक्षण किया और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देषित भी किया। अधिषाषी अधिकारी आषुतोष त्रिपाठी ने बताया कि सावन का पहला सोमवार पड़ने के कारण सिद्धेष्वर मंदिर में हजारो भक्त सोमवार सुबह से ही इकट्ठे हो जाते हैं मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं और भारी मात्रा में पुलिस फोर्स भी एकत्रित हुआ है। उन्होने यह भी बताया कि मंदिर परिसर में आने जाने के लिए भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही में दो पहिया वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं को वाहन मंदिर परिसर से 500 मी. दूर खड़े करने के निर्देष दिए गये हैं। उन्होने आगे बताया कि श्रद्धालुओं को भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए कोई तकलीफ न हो इसके लिए बेहतर व्यवस्था की गयी है। साथ ही में श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

उन्होने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं को आने जाने में कोई तकलीफ न हो इसके लिए सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देषित किया गया है। गौरतलब हो कि सावन महीने में भगवान भोलेनाथ के सिद्धेष्वर मंदिर पर प्रतिदिन हजारो भक्त जलाभिषेक करते हैं और अपनी मनोकामना पूरी करने की फरियाद भी करते हैं। जबकि सावन के सोमवार में भक्तों की संख्या हजारो से बढ़कर लाखो तक हो जाती है।

क्योंकि जलाभिषेक प्रातः 4 बजे से शुरु हो जाता है जो देर रात तक चलता है।

# बालक के शरीर के आर-पार हुआ गेट का सरिया, गंभीर ट्रामा रेफर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। क्षेत्र के गुरुसेल गांव में शनिवार शाम पतंग लेने प्राथमिक विद्यालय के गेट पर चढ़े बालक के सीने में सरिया आरपार हो गई। जिससे बालक गेट पर टँग कर रह गया। आसपास के ग्रामीणों ने किसी तरह सरिया निकाल कर उसे फतेहपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा रेफर कर दिया है। घटना कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के गुरुसेल गांव निवासी संतराम गुप्ता चना-लइया आदि भूनने का काम करते है। उनका एकलौता पुत्र आयुष 13 वर्ष, फतेहपुर के एक स्कूल में कक्षा पांच का छात्र है। पिता संतराम ने बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे आयुष प्राथमिक विद्यालय के पास अन्य बच्चों के साथ पतंग उड़ा रहा था। इस दौरान एक पतंग गेट के दूसरी ओर चली गई। जिसे निकालने के लिए आयुष स्कूल गेट के ऊपर चढ़ कर बाहर जाने लगा। इसी बीच अचानक संतुलन बिगड़ने से वह गेट की नुकीली सरिया पर एकदम से गिर गया। वहीं सरिया उसके दाहिनी ओर सीने के आरपार हो गई। सरिया में फंसा आयुष गेट पर टँगा रह गया।इस बीच बच्चों की चीख पुकार सुन कर आसपास के सौरभ, ललित आदि यहां पहुंचे तो आयुष की हालत देख लोग हतप्रभ रह गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए किसी तरह सरिया निकाल कर आयुष को गेट से अलग किया। सूचना पर पहुंचे परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और सभी उसे लेकर आनन फानन फतेहपुर सीएचसी पहुंचे। जहां जरूरी उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां पर बालक की हालत अभी गंभीर बनी है।

# कांग्रेस सरकार में नौजवानों को मिलता था रोजगार: तनुज पुनिया



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रविवार को विकासखण्ड बंकी व देवां में संगठन सृजन अभियान 2025 की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद तनुज पुनिया एवं जिला प्रभारी ममता चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि, संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत जो जोश नौयुवाओं में नजर आ रहा है उसके साथ साथ बुद्धजीवी वर्गों का मार्ग दर्शन जरूरी है। क्योंकि जोश के साथ होश जहां पर भी होता है वह कार्य पूर्णता सफल एवं विजय का प्रतीक होता है। श्री पुनिया ने कहा कि, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने कहा था कि, शिक्षित हो संगठित हो और संघर्ष करो तभी समाज में उत्थान हो सकता है। अर्थात संगठन हो या समाज इन विचार धाराओं को अमल करना ही सफलता की कुंजी है। इस मौके पर जिला प्रभारी ने कहा कि आज देश का नौजवान बेरोजगार लाचार वर्तमान सरकार में नजर आ रहा है। इतिहास इस बात का गवाह है कि, कोई भी लड़ाई बिना नौजवानों के जोश के नही जीती गई है। जब कांग्रेस की सरकार केन्द्र में हुआ करती थी तो कहीं न कहीं नौजवानों को एक सही दिशा मिल रही थी और नौजवान उन्नति की ओर जा रहा था। लेकिन दुर्भाग्य इस देश व प्रदेश का है कि, कांग्रेस सत्ता में नही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मोहसिन, अखिलेश वर्मा, केसी श्रीवास्तव, अनुराग यादव, रमेश कश्यप, प्रदीप वर्मा, आनन्द गौतम, मोहम्मद मियां, मोहम्म्द राशिद, रोहित यादव, रामसागर वर्मा, अनूप शर्मा, मोहम्मद फरीद, मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

## भाजपा राज में समाज का कोई वर्ग नही सुरक्षित: सुरेश यादव

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रविवार को विकास खंड देवा की ग्राम बरेठी, सेमरा, सैहारा में अपनी विधायक निधि से बनी इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण सदर विधायक सुरेश यादव ने किया। इस अवसर पर सपा विधायक ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में समाज का कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है सभी अन्याय और अत्याचार के शिकार है,समाज की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली मां बहनों की अस्मिता पर हमला किया जा रहा है और शासन प्रशाशन मौन है। उन्होने आगे कहा कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले लोगों को जनता जीरो करने जा रही है पूरे 8 वर्ष के शासन में उत्तर प्रदेश की जनता को सिर्फ और सिर्फ छला ऑफ ठगा गया है योगी सरकार से सवाल पूछते हुए विधायक धर्मराज ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की मजदूरी क्यों बकाया है। किसान मजदूर बदहाल क्यों है। युवाओं का भविष्य अंधकारमय क्यों है। सामाजिक सद्भाव क्यों बिगड़ रहा है। विधायक ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों को बंद करने का सरकार का मकसद साफ है कि गरीबों को शिक्षा से वंचित रखा जाए। इस मौके पर देवेंद्र सिंह रावत, फूलचंद्र, मो रिजवान, मायाराम यादव, मो रियाज प्रधान, सत्येंद्र यादव, कुलदीप यादव आदि मौजूद रहे।

# युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

मसौली। थाना क्षेत्र के ग्राम कजियापुर मजरे मोहम्मदपुर बाहु मे एक 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गयी मृतक के परिजनों ने तीन लोगो को नामजद करते हुए गला दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई सोहनलाल उर्फ़ रामू के अनुसार ग्राम कजियापुर मजरे मोहम्मदपुर बाहु निवासी श्यामू यादव पुत्र स्व मनीराम की जमीन को करीब 2 माह पूर्व सुशील पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम रमसहाय थाना बदोसराय ने शराब पिलाकर 78 एयर जमीन का बैनामा करा लिया था तथा पैसा न देने के कारण जब भी श्यामू पैसा मांगता था तो सुशील दबागई दिखाकर डरा धमका देता था जिसको लेकर तीन दिन पूर्व सुशील ने गांव वालो के दबाव मे पैसा देने का वादा किया था। रविवार की सुबह जब घर के सभी लोग खेत मे धान लगाने चले गये थे तभी गांव के ही द्वारिका श्यामू को अपनी बाईक पर बैठाकर कही चले गये। दोपहर मे मृतक की माँ रामलली व बहन सेजल सहादतगंज से घर वापस लौट रही थी तो देखा कि सुशील पुत्र राम कुमार निवासी ग्राम रमसहाय, द्वारिका उर्फ़ नक्का पुत्र शिवकैलाश निवासी ग्राम कजियापुर, कल्लू वर्मा पुत्र बाबादीन श्यामू को बेहोशी की हालत मे खंडजे पर छोड़कर फरार हो गये घटना की जानकारी होने पर मृतक के बड़े सोहनलाल उर्फ़ रामू परिजनो के सहयोग से सीएचसी बड़ागांव ले गये जहा चिकत्सकों ने मृत घोषित कर दिया है।

मृतक के गले पर कसाव होने के कारण गला दबाकर हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की है।

## मैंगो पार्टी में पहुंचे कई दिग्गज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**मसौली।** बड़ागांव स्थित कोठी मे रविवार को आयोजित मैंगो पार्टी मे सर्वदलीय नेताओ एव सामाजिक कार्यकर्त्ताओ ने विभिन्न प्रजातियों के आम का स्वाद लिया। मैंगो पार्टी मे याकुती, बेनजीर, हुस्नआरा, चौसा, बंबइया, लखनौवा, आम्रपाली समेत कई किस्मों के आमों के जायकों का लोगो ने लुत्फ लिया। कांग्रेस पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष महबूब उर रहमान किदवाई की कोठी मे रविवार को आयोजित मैंगो पार्टी मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व सांसद पी एल पुनिया, विधायक सुरेश यादव, इमरान उर रहमान किदवाई, विधायक रामनगर फ़रीद महफूज किदवाई, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष डा. कुलदीप सिंह, अलीम किदवाई, पूर्व प्रमुख यासिर आराफत किदवाई, मो0 अहमद शहंशाह, हशमत अली गुड्डु, सरताज चौधरी, सहित वरिष्ठ पत्रकार हश्मतउल्ला, अकील अहमद, तारिक खान, परवेज अहमद, उमेर सिद्दीकी सहित भारी संख्या मे लोगो ने आम का जयका लिया। मैंगो पार्टी के आयोजक महबूब उर रहमान किदवाई, फवाद उर रहमान किदवाई, मिस्वाउर रहमान किदवाई, दानिश किदवाई नईम उर रहमान किदवाई ने लोगो का इस्तक़बाल किया।

# स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से संचालित हो रहे मानक विहीन अस्पताल में होती है अप्रिय घटनाएं




### कैसे की जा रही मनमानी और खिलवाड़....

गलत पत्रावलियों से संचालित अस्पताल, सर्जन न होने के बाद हो रहे आपरेशन, नाम किसी का काम कोई कर रहा, चोरीछिपे चल रहे अल्ट्रा साउंड सेंटर, अकुशल दाइयां करा रही प्रसव, एप्रेन पहन कर बनी नर्स, लेकिन योग्यता नहीं, रेडियोलाजिस्ट का पता नहीं, लेकिन हो रहे एक्स-रे, संचालकों द्वारा डॉ.और एमडी पद का किया जा रहा दुरुपयोग।

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

जिंदगी देने वाले मानक विभिन्न निजी अस्पताल मौत के सौदागर बन बैठे हैं। छोटे कस्बे, नगर के तमाम इलाको पर अस्पताल संचालित हो रहे हैं नान विशेषज्ञ कथित डॉक्टर लोगों का जीवन छीन रहे हैं। जब भी इनके खिलाफ आवाज उठाई गयी। चंद खनकती सिक्कों के चलते दम तोड़ गयी। सीएमओ ऑफिस तो बयान बहादुर बनकर रह गया मानक विहीन अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी यह बयान तो आ जाएगा लेकिन कार्रवाई कब की जाएगी इसका कुछ पता नहीं चल पाता। न ही ये पता चल पाता किन किन अस्पताल संचालकों पर कार्यवाही हुई। एक दो पर कार्यवाही हो भी जाती है, तो मात्र कुछ समय के लिए। फिर ले दे कर चलाने की अनुमति दी जाती है। नतीजतन मानक वहीन अस्पतालों का गोरखधंधा बदस्तूर जारी है। और जिम्मेदार मौन है। जनपद में खुले प्राइवेट अस्पताल शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। खुलेआम गैर कानूनी काम को अंजाम देकर प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। इन पर रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास कोई योजना नहीं है। तत्कालीन सीएमओ ने अवश्य ही सख्ती योजना बनाई थी। जबकि वह औंधे मुंह गिरी दिख रही है। संचालक हर काम बेखौफ होकर कर रहे हैं जो शासन की निगाह में गैर कानूनी है। जनता के खून-पसीने की कमाई को हथिया लेने के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम की शहर में भरमार हैं। हाल ही में महकमें ने इन पर सख्ती करने का मन बनाया था जो कारगर साबित नहीं हो सका है। बीते वर्ष दो चार नर्सिंग होम की कार्यवाही को छोड़ दें तो विभाग एक पग भी नहीं चल पाया है। जनपद में कई अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं और ऐसे अस्पताल भी हैं जिसमें डिग्री धारक चिकित्सक का भी अभाव है। जिस वजह से कई नर्सिंग होम में थोड़ी सी चूक की वजह से मरीजों की जान जाने का खतरा रहता है। मानक विहीन अस्पताल पर अब तक विभाग की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कारोबार अवैध रूप से और बगैर प्रमाणित चिकित्सक के फल-फूल रहा है। समाचार पत्र की टीम ने पड़ताल में जानकारी जुटाई कि जिले में बिना नर्सिंग होम ऐक्ट का पालन किये कई अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं। इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी। फिर भी बुखार से लेकर ऑपरेशन तक का जिम्मा उठाकर मरीजों की जान जोखिम में डालने से नहीं चूकते हैं। ऐसा भी नहीं कि इन अस्पतालों के बारे में विभाग अनभिज्ञ है क्योंकि उसके वरदहस्त व मेहरबानी के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार गांव से लेकर शहर तक ऐसे कई मानक विहीन अस्पताल संचालित हो रहे हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 25 वर्षों से निरंतर चलता है श्री शिव विशाल भंडारा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज। श्रवण मास के प्रथम सोमवार को लेकर बाराबंकी,सीतापुर जिला से जल भरकर बोल बम बोल बम के जयकारों के साथ डीजे की धुन पर बम बम थिरकते हुए पुरुष,महिलाओ सहित बच्चों ने बढ़ चढ़कर सम्मिलित होकर जल चढ़ाने के लिए रविवार को जाने वाले कावरियों का सूरतगंज के सी,एम,एस जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण के सामने कावंरिया संघ सूरतगंज द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारा में हजारों कांवड़ियों की व्यवस्था समिति द्वारा की गई। प्रसाद के रूप में पूड़ी, छोला, चावल, बूंदी, हलवा, पानीपूरी का वितरण किया गया। दूरदराज से आए कांवड़ियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बब्लू गुप्ता, राजू जायसवाल,शिव कैलाश पोरवाल ब्रजेश गुप्ता, हितेष गुप्ता,श्याम गुप्ता,राम किशन सोनी,गौतम हयारण,सचिन पोरवाल,जतिन नाग,सूरतगंज प्रधान अरविंद कुमार,भाजापा मंडल अध्यक्ष सुशील वर्मा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर मोहम्मदपुर खाला और अहरी चौराहे पर भी भंडारे आयोजित हुए।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रही।

### सामान पर चोर कर रहे है हाथ साफ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सूरतगंज। सरयू नदी के कटान से बचाएं जाने के लिए करवाएं गए कार्य के कीमती समान ग्रामीण उठा ले गए है। मामले की शिकायत बाढ़ के कर्मचारियों ने पुलिस से की है। उधर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। बाढ़ क्षेत्र हेतमापुर में बाढ़ खंड की ओर से कटान रोकने के लिए, परक्यून पाइन और जीओ बैग के कार्य पूर्ण कराएं गए। हेतमापुर उधिया से लेकर केदारीपुर गांव तक लगाए गए परक्यून पाइन में लगे हुए लोहे के कीमती नेट बोल्ट, तार और बांस बल्लियां सहित अन्य समान चोरी से उठा ले गए। वहीं ग्रामीणों की ओर से किए गए हरकत से परेशान हो, बाढ़ खंड कर्मचारी ने पुलिस विभाग को जानकारी भी दी है। ग्रामीण की हरकत सीसी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। उधर पुलिस दोषी लोगों के तलाश में जुटी हुई है।बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता शशिकांत सिंह ने बताया है कि कुछ लोगों ने नुक्सान पहुंचाया है,पुलिस को घटना से अवगत कराया गया है।

### घर में घुसकर पीटा, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विकास भवन शांतिपुरम निवासी अभय प्रताप सिंह ने न्यायालय सीजेएम में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि 7 जून की रात विपक्षियों ने उनके घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण भी हुआ,लेकिन थाने व पुलिस अधीक्षक को सूचना देने के बावजूद कार्रवाई न होने पर अब न्यायालय की शरण ली है।

### हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। केवाड़ी गांव निवासी अरुण कुमार ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ न्यायालय सीजेएम में प्रार्थनापत्र देकर पिता की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की मांग की है। बताया गया कि 1 मई को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हुए उनके पिता विमलेश की इलाज के दौरान 11 मई को मौत हो गई थी।पीड़ित ने थाने व एसपी को पत्र देने के बाद अब न्यायालय की शरण ली है।

### विद्यालय से घर लौटते समय 9वीं की छात्रा हुई लापता

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। थाना क्षेत्र बड्डूपुर के नरपतिपुर स्थित बाबू हरनाथ सिंह शिशोदिया इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली कक्षा 9 की छात्रा शनिवार को स्कूल से छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंची। देर शाम तक कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने छात्रा की गुमशुदगी की सूचना थाने में दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी की 16 वर्षीय किशोरी शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर के लिए निकली थी।

## ब्राह्मण उत्थान महासभा ने दी स्व. प्रशांत मिश्र को श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। ब्राह्मण उत्थान महासभा ने ब्राह्मण उत्थान महासभा के संरक्षक संस्थापक स्व.प्रशांत मिश्र का देहांत 7 जुलाई को हो गया था। मृत शरीर की आत्मा की शांति के लिए रविवार को गांधी सभागार में ब्राह्मण उत्थान महासभा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें ब्राह्मण उत्थान महासभा के पदाधिकारी गण मौजूद रहकर स्वर्गीय दादा प्रशांत मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की श्रद्धांजलि देते हुए सभी पदाधिकारी भावुक हो गए। संस्था के अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा कि स्व.प्रशांत मिश्र संगठन के प्रति सदैव प्रयास रत रहते थे। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता दादा हम सब के दिलों में हमेशा रहेंगे।सुधाकर प्रसाद दीक्षित ने याद करते हुए कहा कि प्रशान्त मिश्र जी के लिए सबसे पहले समाज था फिर घर था स वो सदैव समाज के लिए तत्पर रह कर कार्य करते थे।संतोष तिवारी ने कहा कि दादा एक भाजपा के भी समर्पित पदाधिकारी भी थे।और जमीनी स्तर के नेता थे। ब्राह्मण उत्थान महासभा के जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि हम सब दादा के बताए रास्ते पर चल कर इस संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।प्रशांत मिश्र के पुत्र विभव मिश्रा ने कहा कि पापा आप मेरे साथ हमेशा रहना अपना आशीर्वाद हमेशा देते रहना हम आपके प्रत्येक कार्य में सहयोग देते हुए आपके बताए गए रास्ते पर हमेशा चलूंगा। उन्होंने कहा कि मैं संगठन से जुड़कर सभी की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। साथ ही 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देवराज त्रिपाठी,काशी प्रसाद त्रिवेदी, ज्ञान प्रकाश शुक्ला,वेद प्रकाश शुक्ला,विभव मिश्रा पुत्र प्रशांत मिश्रा,दिनेश दीक्षित, रुद्र प्रसाद अवस्थी,उमेश त्रिवेदी, बृजेश चतुर्वेदी, इंद्रभूषण मिश्रा, राजेशचंद्र बाजपेई, राकेश पाठक कुमार मिश्रा, वैभव मिश्रा, शिवम शुक्ला, आशीष त्रिवेदी सहित अन्य ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थिति रहे।

# शुभांशु समेत चारों अंतरिक्ष यात्रियों की आईएसएस से विदाई की तैयारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरिक्ष में 18 दिनों तक वैज्ञानिक प्रयोग करने के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य साथी अंतरिक्षयात्रियों के लिए विदाई और भोज का समय आ गया है। एक्सिओम-4 मिशन का यह दल सोमवार को पृथ्वी पर वापसी की तैयारी कर रहा है।

### मिशन में कौन-कौन हैं शामिल?

एक्सिओम-4 मिशन में कुल चार अंतरिक्ष यात्री हैं। जिसमें क्रू- कमांडर पेगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, पोलैंड के निवासी और मिशन विशेषज्ञ स्लावोस्ज उज्नांस्की-विस्निवस्की, हंगरी के निवासी और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापु शामिल हैं। ये दल सोमवार को भारतीय समयानुसार शाम 4:35 बजे (सुबह 7:05 ईटी) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना होगा।



### पृथ्वी पर वापसी का समय और तैयारी

भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि एक्सिओम-4 दल 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे (भारतीय समयानुसार) पर समुद्र में उतरेगा। शुक्रवार और शनिवार को सभी अंतरिक्षयात्रियों ने मिलकर विदाई से पहले एक विशेष भोज का आयोजन किया। अंतरिक्ष में फिलहाल कुल 11 यात्री हैं - 7 एक्सपीडिशन 73 मिशन के और 4 एक्सिओम-4 मिशन के हैं।

### वापसी के बाद क्या होगा?

इसरो के अनुसार, शुभांशु शुक्ला की वापसी के बाद उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढलने के लिए लगभग 7 दिन का पुनर्वास कार्यक्रम दिया जाएगा, जिसे फ्लाइट सर्जन की देखरेख में किया जाएगा। इस मिशन के लिए इसरो ने करीब 550 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

### अंतरिक्ष में अंतरराष्ट्रीय भोज

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जॉनी किम ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने एक्सिओम-4 दल के साथ जो भोजन किया, वह सबसे यादगार शामों में से एक थी। इस भोज में रिहाइड्रेटेड झींगा कॉकटेल और क्रैकर्स स्टार्टर के तौर पर था, वहीं मुख्य व्यंजन में चिकन और बीफ फजिटास, जबकि मिठाई के तौर पर ब्रेड, गाढ़ा दूध और अखरोट से बनी केक दी गई थी। बता दें कि, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने साथ आमरस और गाजर का हलवा ले गए थे, वहीं पोलिश यात्री स्लावोस्ज ने पिएरोगी (मशरूम और पत्तागोभी से भरी डिश) साझा की।

### अंतरिक्ष में किए गए वैज्ञानिक प्रयोग

शुभांशु ने अंतरिक्ष में माइक्रोएल्गी प्रयोग किया। माइक्रोएल्गी (सूक्ष्म शैवाल) भविष्य में अंतरिक्ष यात्राओं के लिए खाद्य, ऑक्सीजन और बायोफ्यूल का स्रोत बन सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने कई शोधों में भाग लिया, जिसमें स्पेससूट की जांच और मरम्मत, एक्सरसाइज अनुसंधान, आंखों की गतिविधि और समन्वय, मस्तिष्क पर अंतरिक्ष के असर, संज्ञानात्मक क्षमता और सीखने की जांच, मस्तिष्क की तरंगों और रक्त प्रवाह की निगरानी और रेडिएशन डोज की गणना शामिल है।

### अंतरिक्ष यान की वापसी प्रक्रिया

एक्सिओम-4 के अंतरिक्ष यात्री सोमवार दोपहर 2-25 बजे (भारतीय समयानुसार) पर अपने स्पेससूट पहनकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान में बैठेंगे। फिर यान आईएसएस से स्वत- अलग होकर धीरे-धीरे पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा और अंत में अमेरिका के कैलिफोर्निया तट पर समुद्र में उतरेगा। नासा ने बताया कि ड्रैगन यान में 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों के डेटा और लगभग 580 पाउंड सामग्री के साथ वापसी होगी।

# सावन का पहला सोमवार आज

## प्रशासन की व्यवस्थाओं की परीक्षा आरंभ



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

सावन मास के आरंभ होते ही और सावन का पहला सोमवार होने के कारण आज से शिव भक्तों का रेला सड़कों पर दिखने लगेगा । हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली एनसीआर की सीमाओं से गुजरने वाले कावड़ियों के मार्गों पर कोई विघ्न बाधा नहीं उत्पन्न हो उसके लिए प्रशासन व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने में भी लगा हुआ है। एक पखवाड़े से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तन्मयता से लगा हुआ है।

हरिद्वार से गाजियाबाद की सीमा में प्रवेश करने में कावड़ियों को 4 से 5 दिन लगेगा। जिसके बाद ट्रैफिक व्यवस्था को एकल रास्ते में परिवर्तित करने की शुरुवात हो सकती है। ट्रैफिक व्यवस्था के तहत 11 जुलाई से मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। जो 25 जुलाई तक लागू रहेगी।

### ट्रैफिक व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट में ट्रैफिक व्यवस्थाओं को लेकर कार्य योजना में बदलाव भी हुआ है। ट्रैफिक व्यवस्था में एडिशनल एसीपी सच्चिदानंद सहित एसीपी ट्रैफिक , 4 टी आई, 80 उपनिरीक्षक और लगभग 750 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती किया गया है। सुगम यातायात व्यवस्था हेतु 4 जोन में बांट दिया गया है। जिसमें प्रत्येक जोन की कमान एक यातायात निरीक्षक को सौंपा गया है। डबल शिफ्ट में यातायात व्यवस्था का संचालन किया जाएगा।

## चिंताजनक: धूल से घुट रहा दम, हर साल 380 करोड़ लोगों की सांसों पर संकट, डब्ल्यूएमओ ने दी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

धूल और रेत से उठता संकट अब किसी क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं रहा। हर साल वातावरण में प्रवेश कर रही 200 करोड़ टन धूल से 380 करोड़ लोग प्रभावित हो रहे हैं, जिनमें से कई वर्षों तक इसके संपर्क में रहे। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट इस वैश्विक चुनौती की भयावहता उजागर करती है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में रेत और धूल भरी आंधियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लगभग 150 देशों के 33 करोड़ से अधिक लोग सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। हर साल करीब 200 करोड़ टन धूल वातावरण में घुल रही है जिसका कुल भार मिस्र के गीजा स्थित 307 पिरामिडों के बराबर है। यह धूल हवा, स्वास्थ्य, कृषि और वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रही है। यह रिपोर्ट 12 जुलाई को 'रेत और धूल के तूफानों से मुकाबले के अंतरराष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर जारी की गई।

# पेड़ों की जड़ों से बने पुलों को मिले यूनेस्को की मान्यता: सीतारमण

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिलांग**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय राज्य के पूर्वी खासी हिल्स जिले में जीवित पेड़ों की जड़ों से बने पुलों (लिविंग रूट ब्रिज) को यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा दिलाने के प्रयासों का समर्थन किया। सीतारमण ने शनिवार को गांव के लोगों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के सहयोग से इस पहल को आगे बढ़ाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहचान केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि दुनिया को यह दिखाने के लिए होनी चाहिए कि यह परंपरा पहले यहीं शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि यह परंपराएं अन्य स्थानों पर भी अपनाई जा सकती हैं।

### बांग्लादेश सीमा पर ज्यादातर लीविंग रूट ब्रिज

खासी और जयंतिया जनजातियों के लोग पीढ़ियों से इन लीविंग रूट ब्रिज को बना रहे हैं। ये पुल इंसान, प्रकृति और नवाचार के अनोखे मेल को दिखाते हैं। ऐसे पुल मेघालय के दक्षिणी इलाकों में बांग्लादेश की सीमा के पास ज्यादा देखने को मिलते हैं।



### मेघालय सरकार ने भेजा था यूनेस्को को प्रस्ताव

मेघालय सरकार ने 2018 में इन पुलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव भेजा था। यह प्रस्ताव %सांस्कृतिक परिदृश्य% श्रेणी में भेजा गया था। इसमें इन पुलों के पर्यावरणीय, सांस्कृतिक और निर्माण से जुड़े महत्व को समझाया गया था। लेकिन इस प्रक्रिया में देरी हो गई क्योंकि जरूरी दस्तावेज पूरे नहीं थे और स्थानीय लोगों की भागीदारी को और बढ़ाने की जरूरत थी।

### सीतारमण ने पीईएस योजना के लाभार्थियों से की मुलाकात

वित्त मंत्री ने शनिवार को गांव के वरिष्ठ नागरिकों, स्थानीय नेताओं और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा भुगतान (पीईएस) योजना का लाभ उठाने वाले लोगों से मुलाकात की। यह योजना विश्व बैंक, क्रेडिटनस्टाल्ट फर विडेराउफबाउ (केएफडब्ल्यू-पुनर्निर्माण के लिए ऋण देने वाली संस्था) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की मदद से चल रही है। इसका मकसद पर्यावरण से जुड़ी पारंपरिक जानकारी को बचाना और उसे नए जमाने के तरीकों से आगे बढ़ाना है।

### वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के लिए चुना गया सोहबर गांव

सोहबर को मेघालय के उन 92 गांवों में शामिल किया गया है, जिन्हें वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के दूसरे चरण में चुना गया है। मंत्री ने सोहबर में सड़क, टेलीकॉम और डिजिटल कनेक्टिविटी, टेलीविजन कवरेज और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि गांव के पांच किलोमीटर के दायरे में बैंक, एटीएम या वित्तीय संस्था की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीण विकास और उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके।

### वित्त मंत्री ने रामकृष्ण मिशन आश्रम स्कूल का किया दौरा

अपने चार दिन के मेघालय दौरे के अंतिम दिन रविवार को वह सोहरा स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम स्कूल पहुंची। यह संस्था दशकों से इस क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## पुलिस से लूटे हथियारों को स्नाइपर राइफल में किया अपग्रेड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों से जुड़े उग्रवादी समूह 2023 में पुलिस से लूटे गए कई हथियारों को स्नाइफर राइफल में बदल रहे हैं। विरोधी समुदायों को निशाना बनाने के लिए दूर तक मार करने वाले हथियारों को तैयार किया जा रहा है। पुलिस शस्त्रागार से छह हजार से अधिक हथियार लूटे गए थे, जिनमें .303 राइफल, एके-सीरीज की हमला करने वाली राइफल, आईएनएसएएस राइफल और छोटे आकार की कार्बाइन बंदूकें शामिल थीं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि .303 राइफल आमतौर पर करीब 500 मीटर तक सही निशाना लगा सकती है।

# पानी की बर्बादी रोकने में निगम प्रशासन नाकाम

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पेयजल बचाने का प्रयास कर रहे हैं। घर घर तक पेयजल आपूर्ति सुगमता से पहुंचे इसलिए लगातार प्रशासनिक कवायद कर रही है, जबकि दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाह कर्मचारियों के कारण इंदिरापुरम ज्ञान खंड में स्थित पानी की टंकी से रिसाव के कारण अमूल्य पेयजल बर्बाद हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र दीक्षित ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से अविलंब व्यवस्था सुधारने और अमूल्य पेयजल बर्बाद होने से बचाने के लिए गुहार लगाई है।



# मुख्यमंत्री का आदेश, बेअसर नहीं मिल रहा आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

निजी स्कूलों की मनमानी और शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण शिक्षा के अधिकार के तहत गाजियाबाद में अभी भी 6000 से अधिक बच्चों का प्रवेश अधर में लटका हुआ है।जिससे अभिभावकों और पेरेंट्स एसोसिएशन ने नाराज़गी जताई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक पखवाड़े पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश भी हवा हवाई साबित हो रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी की स्कूल प्रबंधकों और प्रिंसिपल के बीच बैठक में जारी कड़े निर्देश भी कोई असर नहीं दिखा पा रहा है।

दिल्ली एनसीआर में निजी स्कूलों के बढ़ते प्रभाव के कारण प्रशासन के आदेश हवाई साबित हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो सैकड़ों नोटिस स्कूल प्रबंधकों और प्रिंसिपल को दिए जाने के बाद भी हजारों की संख्या में बच्चों का शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक पखवाड़े पूर्व ही सीईएल में डाटा सेंटर की शिलान्यास के समय ही नेताओं के मांग और जनता की समस्याओं को देखते जिला प्रशासनिक अधिकारियों को इस विषय पर गम्भीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए थे । जिसके तुरंत बाद मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा स्कूलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके 30 जून तक प्रवेश दिलाने की बात कही थी और कोताही बरतने पर कार्यवाही कड़े कदम उठाने के संकेत दिए थे । लेकिन जुलाई के मध्य आने के बाद भी सारी प्रशासनिक कवायद सुस्त पड़ी हुई है। चार चरणों हुए 6306 बच्चों का चयन हुआ। जिसके सापेक्ष निजी स्कूलों में प्रवेश को लेकर सफल बच्चों के अभिभावक निजी स्कूलों के चक्कर ही काट रहे हैं।

# देशभर में मतदाता सूची संशोधन की तैयारी

## ईसी ने शुरू किया काम, बिहार में बवाल के बाद उठे थे 'सुप्रीम' सवाल




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने अगले महीने से पूरे भारत में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी शुरू कर दी है। यह पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह कदम उस समय उठाया गया है जब पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने इसे संविधानिक दायित्व करार दिया और चुनाव आयोग को बिहार में इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी। बता दें कि, चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ कुछ विपक्षी पार्टियों और अन्य संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में इस पुनरीक्षण के खिलाफ चुनौती दी थी, उनका कहना था कि इससे योग्य नागरिकों को वोट डालने का अधिकार मिल सकता है।

### किन राज्यों में कब किया गया था विशेष पुनरीक्षण?

अब कुछ राज्य चुनाव अधिकारियों ने उन राज्यों में आखिरी बार किए गए विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दिया है। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में आखिरी बार पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में 2006 में आखिरी पुनरीक्षण हुआ था, और अब उस वर्ष की सूची राज्य की वेबसाइट पर है।

### 28 जुलाई के बाद देशव्यापी पुनरीक्षण पर होगा आखिरी फैसला

चुनाव आयोग ने कहा है कि 28 जुलाई को बिहार मामले की सुनवाई के बाद, वह देशव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम निर्णय लेगा। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी अवैध प्रवासियों को उनके जन्मस्थान की जांच करके हटाया जाएगा।

### बिहार में इस साल और इन राज्यों में 2026 में चुनाव

वहीं राज्यो में विधानसभा चुनाव की बात करें, तो बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल में विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला बांग्लादेश और म्यांमार समेत कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

## कॉलेज में खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत गंभीर, महिला आयोग ने लिया संज्ञान, सीएम पहुंचे एम्स

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के बालासोर जिले में खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत बेहद गंभीर है। एम्स भुवनेश्वर के अधिकारियों ने उसकी स्थिति को लेकर जानकारी दी है। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि अगले 48 घंटे महत्वपूर्ण हैं और पीड़िता की हालत में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। इसी बीच ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी दिल्ली से तीन दिवसीय दौरे के बाद सीधे एम्स भुवनेश्वर पहुंचे. वहां उन्होंने पीड़िता की स्थिति का जायजा लिया। और कहा कि छात्रा को दिल्ली एम्स के प्रोटोकॉल के अनुसार इलाज दिया जा रहा है और जरूरत पड़ी तो उसे एयरलिफ्ट भी किया जाएगा। सीएम माझी ने बताया कि एक विशेष चिकित्सकीय टीम बनाई गई है जो छात्रा का इलाज कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले 24 घंटे बेहद अहम हैं। सरकार ने दिल्ली एम्स के डॉक्टरों से वर्चुअल बैठक करने की भी योजना बनाई है ताकि इलाज की गुणवत्ता बढ़ाई जा सके। मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। उच्च शिक्षा विभाग ने पहले ही एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर दी है। शुरुआती कार्रवाई के तौर पर एफएम ऑटोनोमस कॉलेज, बलासोर के दो शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया है, जिनमें आरोपी शिक्षक और कॉलेज के प्रिंसिपल शामिल हैं। आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने बताया कि पीड़िता का लगभग 95 प्रतिशत शरीर गंभीर रूप से जल गया है। उसके गुर्दे और फेफड़े भी प्रभावित हुए हैं। वह फिलहाल आईसीयू पर है। बिस्वास ने बताया कि कई विभागों के डॉक्टर छात्रा के इलाज में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा छात्रा के चेहरे पर कुछ निशानों को छोड़कर उसका पूरा शरीर जल गया है।



# एअर इंडिया हादसे की रिपोर्ट पर उठे सवाल

## एविएशन विशेषज्ञ बोले, पायलटों को ना बनाएं बलि का बकरा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो एएआईबी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर चर्चा तेज हो गई है। एक तरफ जहां अंतिम जांच रिपोर्ट के आने तक इंजतार करने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस प्रारंभिक रिपोर्ट को लेकर मार्टिन कंसल्टिंग एक एविएशन सेफ्टी और कंसल्टिंग फर्म के संस्थापक और सीईओ मार्क डी मार्टिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के पायलट बेवकूफ नहीं हैं। वे सच्चाई को समझते हैं। कोई भी पायलट जो अपने परिवार की रोजी-रोटी के लिए अपनी जान जोखिम में डालता है, वो इस तरह की रिपोर्ट से गुमराह नहीं होगा। यह कोई विच हंट नहीं है, जिसमें पायलटों को बलि का बकरा बनाया जाए, बल्कि निष्पक्ष और ईमानदार जांच होनी चाहिए।

### रिपोर्ट में तकनीकी खामियों पर उठाए सवाल

मार्टिन ने रिपोर्ट की तकनीकी खामियों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जैसे ही विमान ने उड़ान भरी, इंजन फेल हो गया। ऐसी स्थिति में हाइड्रोलिक सिस्टम को बैकअप देने वाला राम एयर टर्बाइन (आरएटी) एक्टिवेट होता है। ऐसे में फ्यूल कट-ऑफ की बात रिपोर्ट में कैसे आ गई? साथ ही उन्होंने कहा कि जब इंजन पहले ही फेल हो चुके थे, तो ईंधन कट-ऑफ की बात कहां से आई? रिपोर्ट से ऐसा लग रहा है जैसे जानबूझकर पायलटों पर दोष डाला जा रहा है।

### रिपोर्ट जारी करने के समय पर भी सवाल

इसके साथ ही मार्क मार्टिन ने सवाल उठाया कि रिपोर्ट को रात दो बजे क्यों जारी किया गया। उन्होंने कहा कि क्या यह अमेरिकी दर्शकों के लिए किया गया? भारत में लोग जानना चाहते हैं कि क्या हुआ। इस रिपोर्ट में पारदर्शिता और तर्क की कमी है। मार्टिन ने यह भी कहा कि जब जांच अभी नौ महीने और चलनी है, तो रिपोर्ट में यह क्यों कहा गया कि अब बोइंग और जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) इस जांच में शामिल नहीं रहेंगे? उन्होंने कहा कि यह बात बहुत गंभीर है और इससे वैश्विक स्तर पर भारत की छवि प्रभावित हो सकती है।

### मार्टिन ने पीएम मोदी से की अपील

इसके साथ ही अंत में, मार्क डी मार्टिन ने कहा कि यह पिछले 40 वर्षों में भारत की सबसे बड़ी विमान दुर्घटना हो सकती है। इसकी जांच के वैश्विक असर होंगे। इसलिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करता हूं कि वो इस पर ध्यान दें और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पारदर्शिता लाने के लिए कहें। गौरतलब है कि मार्टिन के इस बयान ने एक बार फिर से यह मुद्दा गरमा दिया है कि क्या वास्तव में हादसे की जांच निष्पक्ष तरीके से हो रही है, या फिर पायलटों को आसान निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में अब सबकी निगाहें सरकार और एएआईबी की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# उद्धव और राज ठाकरे का गठबंधन जरूरी, तभी बचेगा महाराष्ट्र: संजय राउत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राऊत ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का साथ आना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर दोनों ठाकरे भाई एक हो जाते हैं, तो महाराष्ट्र को नई दिशा मिलेगी। साथ ही राऊत ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा की नीति है पहले मुंबई को लूटो, फिर उसे केंद्रशासित प्रदेश बनाओ, फिर विदर्भ को अलग राज्य बनाकर महाराष्ट्र की एकता को खत्म कर दो। बता दें कि संजय राऊत ने यह बात शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना के साप्ताहिक कॉलम रोक-ठोक में लिखी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को महाराष्ट्र की एकता या मराठी अस्मिता से कोई मतलब नहीं है।



### ठाकरे भाइयों का साथ मारठी जनता के लिए आशा की किरण

राऊत ने लिखा कि ठाकरे भाइयों का साथ आना मराठी जनता के लिए आशा की किरण है, लेकिन यह सिर्फ एक शुरुआत है। उन्होंने कहा, अब तक दोनों दलों के बीच राजनीतिक गठबंधन की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन यह ज़रूरी है कि गठबंधन हो। तभी महाराष्ट्र को सही दिशा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जो लोग ये सोचते हैं कि ठाकरे दबाव में आ जाएंगे, वे मुगालते में हैं। राऊत ने यह भी कहा कि मराठी जनता को सबसे पहले मुंबई और ठाणे को बचाने की लड़ाई लड़नी होगी, क्योंकि आने वाले समय में यहां नगर निकाय चुनाव होने वाले हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)